CMYK

तापमान
अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 21°C

73,137.90
22,161.60

सोना 91,360
चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, मंगलवार 8 अप्रैल 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 157 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 9 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### सऊदी अरब ने हज से पहले लगाई बड़ी पाबंदी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### इशांत शर्मा पर आईपीएल आचार संहिता उल्लंघन में लगा जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में अगले 11 दिन पड़ेगी भीषण गर्मी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। रविवार को बाड़मेर -जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। पिछले 26 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले हफ्ते में यह सबसे ज्यादा तापमान रहा। अगले कुछ दिन गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

मध्य प्रदेश में भी भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। रविवार को भोपाल का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इस सीजन में यह सबसे ज्यादा है। प्रदेश के 13 जिलों में तापमान 40 से 42.2 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग ने 11 दिन तक देश के अधिकतर राज्यों में लू चलने और अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास रहने अनुमान लगाया है। 10 अप्रैल तक राजस्थान, गुजरात के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा सकता है। उत्तर प्रदेश में इस साल अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से ज्यादा रहने और हीटवेव चलने की आशंका है। दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहने का अनुमान है। रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा रह सकता है।

**बाड़मेर में 26 साल का रिकॉर्ड टूटा, मप्र में हीटवेव**

### दिल्ली में तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा

बीते दिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.1 डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में सोमवार को हीटवेव चलने और अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आसपास रह सकता है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, असम, मेघालय और अंडमान-निकोबार में सोमवार को गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। आंध्र और पूर्वोत्तर राज्यों (असम, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, नगालैंड, मणिपुर) के कुछ हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं।

# कुणाल कामरा को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत

मुंबई वार्ता

**महाराष्ट्र के** डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने मुंबई पुलिस की एफआईआर में कामरा को दी गई अंतरिम सुरक्षा को 17 अप्रैल तक बढ़ा दिया है, जो सोमवार को समाप्त होने वाली थी।

इसके अलावा कामरा ने अपने खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका पर सोमवार को तत्काल सुनवाई की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और मंगलवार, 8 अप्रैल को इस मामले में सुनवाई को मंजूरी दी है। बता दें, कामरा ने 5 अप्रैल को हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें दावा किया गया है कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर संविधान से उन्हें मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। वहीं, टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म ने शनिवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा का नाम अपनी वेबसाइट की आर्टिस्ट्स लिस्ट से हटा दिया था। साथ ही कामरा से जुड़ा सारा कंटेंट भी वेबसाइट से रिमूव कर दिया है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को कामरा ने अपने शो में गद्दार कहा था।

**17 अप्रैल तक बढ़ाई अंतरिम सुरक्षा, एफआईआर रद्द करने पर आज होगी सुनवाई**

### भारत-नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के न्यायपालिकाओं के बीच आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर सोमवार को हस्ताक्षर किए गए। शीर्ष अदालत की ओर से एक बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि भारत के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दोनों देशों के बीच न्यायिक सहयोग को विकसित करने, बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान के मुताबिक, नेपाल के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश मान सिंह राउत और भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

### दुबई के शहजादे आज भारत यात्रा पर आएंगे

**नई दिल्ली।** दुबई के शहजादे और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम मंगलवार से भारत की दो दिन की यात्रा पर आएंगे। दुबई के शहजादे के रूप में शेख हमदान की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा होगी। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और एक उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है। एक बयान में कहा गया है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शहजादे के सम्मान में भोज का आयोजन करेंगे। शहजादे मकतूम विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी बैठक करेंगे।

### 12 महिला अधिकारी 'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान पर रवाना

**नई दिल्ली।** सेना, वायुसेना और नौसेना की 12 महिला अधिकारियों का एक दल सोमवार को 55 दिन की मुंबई से सेशेल्स और वापसी यात्रा अभियान समुद्र प्रदक्षिणा पर रवाना हुआ। मुंबई स्थित कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (सीएमई) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एके रमेश ने इस दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान दल आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार होकर 4,000 समुद्री मील की चुनौतीपूर्ण यात्रा पूरी करेगा। नारी शक्ति की अदम्य भावना को उजागर करने वाली इस यात्रा का उद्देश्य समुद्री अभियानों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

# चुनावी चंदे से मालामाल हुई भाजपा कांग्रेस की कमाई में 252% की वृद्धि

## 'आप' को लगा जोर का झटका, एडीआर रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली, वार्ता



**इस साल भाजपा को 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला**

**एडीआर ने यह रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर तैयार की**

**केंद्र और देश के** कई राज्यों में सत्तारुढ़ भाजपा की चंदे को लेकर लोकप्रियता बनी हुई है। उसे इस साल 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला। फरवरी में दिल्ली चुनाव में शिकस्त का सामना करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को खासा घाटा हुआ है और उसे पिछले साल की तुलना में इस बार 70 फीसदी तक चंदा मिला।

2024 के लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस को चंदे के मामले में 252 फीसदी की वृद्धि हुई है। चुनाव से संबंधित संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारतीय जनता पार्टी को वित्त वर्ष 2023-24 में सबसे अधिक 2,243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला है जो राष्ट्रीय राजनीतक दलों में सबसे अधिक है। एडीआर ने यह रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर तैयार की है। इन आंकड़ों में राजनीतिक दलों की ओर से 20 हजार रुपये से अधिक के राजनीतिक चंदे की जानकारी दी गई है। एडीआर के अनुसार, राष्ट्रीय दलों को 2,544.28 करोड़ रुपये की राशि कुल घोषित चंदे के रूप में मिले। ये चंदा कुल 12,547 लोगों की ओर से दिया गया। खास बात यह है कि ये आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 199 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय दलों के कुल दान में 1693.84 करोड़ रुपये की वृद्धि देखी गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 से 199.17 फीसदी अधिक आंकी गई। राष्ट्रीय दलों की ओर से घोषित किए गए चंदे में भाजपा को अकेले दान का कुल हिस्से का 88 फीसदी हिस्सा मिला। कांग्रेस को 1,994 लोगों ने दान दिया और उसे 281.48 करोड़ रुपये चंदे के रूप में मिले। कांग्रेस इस लिस्ट में भाजपा के बाद दूसरे नंबर पर है, लेकिन चंदे के मामले में भगवा पार्टी से काफी नीचे है। अन्य राष्ट्रीय दलों आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) ने कम राशि की जानकारी दी, जबकि बसपा की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक एक बार फिर उसे 20,000 रुपये की सीमा से ऊपर कोई दान नहीं मिला। यह पिछले 18 सालों से इसके दाखिल किए गए आंकड़ों के अनुरूप है। इस तरह से बीएसपी को पिछले 18 सालों से 20000 रुपये से ज्यादा के चंदे नहीं मिले। भाजपा को चंदे के रूप में मिलने वाली राशि में लगातार वृद्धि होती जा रही है। उसे वित्त वर्ष 2022-23 में 719.85 करोड़ रुपये मिले जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2,243.94 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह से भाजपा को चंदे के रूप में मिलने वाली राशि में 211.72 फीसदी की वृद्धि हुई। एडीआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी तरह, कांग्रेस को मिलने वाला दान वित्त वर्ष 2022-23 में 79.92 करोड़ रुपये था जबकि यह वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 281.48 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह से कांग्रेस को मिलने वाले चंदे में 252.18 फीसदी की वृद्धि दिख रही है। हालांकि 'आप' को चंदे के मामले में खासा नुकसान हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में आप की ओर से घोषित दान में 70.18फीसदी यानी 26.038 करोड़ रुपये की कमी आई है।

# वक्फ कानून की 'किस्मत' का फैसला करेगा सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह 'वक्फ (संशोधन) अधिनियम-2025' की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर समय रहते विचार करेगा।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना तथा न्यायाधीश संजय कुमार और के वी विश्वनाथन की पीठ ने कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और एएम सिंघवी के शीघ्र सुनवाई के लिए 'तत्काल उल्लेख' किए जाने के बाद समय रहते याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की। संसद के दोनों सदनों में संबंधित विधेयक पास होने के बाद पांच अप्रैल को नए कानून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई। वक्फ (संशोधन) विधेयक (संसद के दोनों सदनों में पारित हो गया था, लेकिन तब राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली थी) की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं पहले ही दायर की जा चुकी हैं। याचिकाएं दायर करने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी और दिल्ली में

-शेष पृष्ठ दो पर

## यूपी में जो हो रहा, वह गलत, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सिविल मामलों को आपराधिक मामलों में बदलने पर सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस की कड़ी आलोचना की और कहा कि इससे पता चलता है कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक मामले में आरोपी देबू सिंह और दीपक सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि दीवानी (सिविल) मामले को आपराधिक मामले में बदलना स्वीकार्य नहीं है। सिविल मामलों में पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे को देखते हुए पीठ ने पूछा कि सिर्फ इसलिए कि सिविल मामलों में लंबा समय लगता है, आप मुकदमा दर्ज कर आपराधिक कानून लागू कर देंगे। पीठ ने अधिकारियों के आचरण की आलोचना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जो हो रहा है वह गलत है। हर रोज सिविल मुकदमों को आपराधिक मामलों में बदला जा रहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह बेतुका है और स्पष्ट किया कि सिर्फ पैसे न देने को अपराध नहीं बनाया जा सकता। पीठ ने राज्य सरकार को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इसी तरह की याचिकाएं दायर की जाती हैं, तो वह हर्जाना लगाएगी। पीठ ने कहा कि वह जांच अधिकारी को गवाह के कठघरे में आने का निर्देश जारी करेगी और अधिकारी गवाह के कठघरे में खड़े होकर

-शेष पृष्ठ दो पर



**उप्र में सिविल मामले को आपराधिक मामले में बदलने पर सुप्रीम कोर्ट ने की खिंचाई**

# रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र की तेल वितरण कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) के मूल्य में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। यह घोषणा केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में की।

श्री पुरी ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों ग्राहकों के लिए गैस की कीमत में भी वृद्धि की गई है। कंपनियों के निर्णय के अनुसार सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का भाव 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किग्रा सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। श्री पुरी ने कहा कि इन कीमतों की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2-2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी, लेकिन आम उपभोक्ता पर इस वृद्धि का असर नहीं पड़ेगा।



### आसाराम को 30 जून तक मिली अंतरिम जमानत

**जोधपुर।** नाबालिग से यौन शोषण के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की बेंच में आसाराम के अधिवक्ता और सरकारी पक्ष की दलीलें सुनी गईं। आसाराम के वकील निशांत बोडा ने इलाज पूरा करने के लिए जमानत बढ़ाने की अपील की और यह भी कहा कि आसाराम ने किसी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है।

### मध्य प्रदेश में ओबीसी को बड़ी राहत 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यूथ फॉर इक्वलिटी की ओर से दायर याचिका का निपटारा कर दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कर दिया है कि ओबीसी आरक्षण को लेकर कोई बाधा नहीं है। ऐसे में प्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। याचिका में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के राज्य के फैसले को चुनौती दी गई थी। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद सभी 75 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किया गया था।

### इंडिगो फ्लाइट में महिला की मौत

**मुंबई।** मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में 89 साल की महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थी। उनका नाम सुशीला देवी था। वे मुंबई से फ्लाइट में सवार हुई थीं। उड़ान के दौरान उनकी तबीयत खराब हुई। मेडिकल इमरजेंसी की वजह से 6 अप्रैल रात करीब 10 बजे विमान को चिकलथाना एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम ने उनकी जांच की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अधिकारी ने बताया कि एमआईडीसी सिडको पुलिस थाने ने जरूरी कार्रवाई पूरी की।




# लैंड फॉर जॉब घोटाले में ईडी को झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लैंड फॉर जॉब कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। अपने फैसले में जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि वह दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहती।

दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले साल अमित कत्याल को जमानत दे दी थी। कोर्ट ने रेलवे में लैंड फॉर जॉब कथित घोटाले से जुड़े मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के करीबी सहयोगी और बिजनेसमैन अमित कत्याल को दी गई जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। बेंच ने अपने फैसले में कहा कि कोई भी आदमी बड़ा नहीं है। मामले से जुड़े मुख्य लोग गिरफ्तार नहीं किए गए हैं, तो छोटी मछलियों के पीछे ही क्यों पड़ना? क्या आपको उन पर कार्रवाई करने से डर लगता है। साथ ही कोर्ट ने यह सवाल भी किया कि आपने 11 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश कानून के अनुसार अनुचित है और इसे खारिज करना चाहिए। हाईकोर्ट ने पिछले साल 17 सितम्बर को अमित कत्याल को जमानत दे दी थी और जांच एजेंसी ईडी की नीति को चुनिंदा तरीके से लोगों पर निशाना साधने वाला बताते हुए उसकी निंदा की थी। ईडी ने कत्याल को 10 नवम्बर, 2023 को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के अलग-अलग प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था।



**सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई याचिका कहा: दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहते**

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा ने दो पूर्व जिलाध्यक्षों को किया बाहर

**लखनऊ।** यूपी में बसपा ने दो जिलाध्यक्षों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी से बाहर किए जाने के पीछे की वजह पार्टी विरोधी गति. विधियों को बताया है। सोमवार को बहुजन समाज पार्टी ने कानपुर शहर के अपने दो पूर्व जिलाध्यक्षों पर कार्रवाई की है। इसमें से एक को कुछ दिन पहले ही जिलाध्यक्ष बनाया गया था और फिर तुरंत बाद ही हटा भी दिया गया था। बसपा के पुराने नेता एक-एक करके पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टियों में जा रहे हैं। कानपुर में मात्र डेढ़ साल के अंदर 8 जिलाध्यक्ष बदले जा चुके हैं। अब पार्टी प्रमुख ने कड़ा कदम उठाते हुए दो पूर्व जिलाध्यक्षों संजय गौतम और आनंद कुरील को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। संजय गौतम को कुछ दिन पहले ही जिलाध्यक्ष बनाया गया था। आनंद कुरील पहले पार्टी में जिलाध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं। बहुजन समाज पार्टी के वर्तमान जिलाध्यक्ष कुलदीप कुमार ने बताया कि पाटी ने विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने और अनुशासनहीनता अपनाने के कारण दोनों पूर्व पदा. धिकारियों को पर्ी से निष्कासित कर दिया है।

### माउंट आबू में घुसे भालू, हमले में होटलकर्मी घायल

**माउंट आबू।** राजस्थान में पर्यटन स्थल माउंट आबू में ढुंढाई क्षेत्र में स्थित एक होटल परिसर में रविवार शाम को चार भालुओं के हमले से एक होटलकर्मी घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चार भालुओं का समूह वन क्षेत्र से निकलकर शहरी क्षेत्र में एक होटल के परिसर में घुसकर इधर-उधर घूमने लगा। इसी दौरान होटलकर्मी बूटा सिंह संधू अपने कमरे से होटल की ओर जा रहा था। होटल परिसर में प्रवेश करते ही उसे चार भालू दिखाई दिए। भालुओं की नजर भी संधू पर पड़ गई, जिस पर भालू तुरंत होटलकर्मी संधू की ओर दौड़े। संधू भी उनसे बचने के लिए वहां से भागा, लेकिन भालुओं ने तीव्र गति से दौड़ते हुए होटलकर्मी पर हमला कर दिया, जिससे होटलकर्मी को पैरों एवं कोहनी पर चोटें आईं। संधू के चिल्लाने पर आस पास के लोग एकत्रित हो गए।

### जाधव ने की हरित योग की शुरुआत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने हरित योग की शुरुआत करते हुए कहा है कि यह व्यक्तिगत और भूमंडलीय स्वास्थ्य दोनों को पोषित करता है। जाधव ने सोमवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित एक योग सत्र में कहा कि पिछले 10 वर्षों में योग ने अभूतपूर्व लोकप्रियता हासिल की है और अब यह एक वैश्विक कार्यक्रम बन गया है। उन्होंने छह हजार से अधिक योग प्रेमियों के साथ 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' का अभ्यास किया।

### अयोध्या:दुर्गामंदिर के पुजारी की निर्मम हत्या

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के इनायतनगर कोतवाली के अन्तर्गत ग्राम सभा डोभियारा गांव स्थित में दुर्गा हनुमान मंदिर के प्रसिद्ध पुजारी बेचन दास यादव की निर्मम हत्या कर दी गई है। पुलिस ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के इनायतनगर कोतवाली के अन्तर्गत शाहगंज चौकी बारुन मार्ग ग्राम सभा डोभियारा गांव स्थित दुर्गा हनुमान मंदिर के प्रसिद्ध पुजारी बेचन दास यादव की निर्मम हत्या कर दी गई है।

# भगवा की आड़ में मुद्दों से ध्यान भटका रही सरकार

**प्रयागराज, वार्ता**



अखिलेश यादव ने योगी पर बोला हमला

रामनवमी पर महाराजा सुहेलदेव सम्मान सुरक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने सालार मसूद गाजी की दरगाह पर भगवा झंडा फहराया। पुलिस के आने पर वे भाग गए। इस घटना पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर हमला बोला और आरोप लगाया कि सरकार मुख्य मुद्दों से ध्यान भटका रही है। दरगाह में हिंदू भी पूजा करते हैं, घटना से क्षेत्र में तनाव है।

अब इस मामले पर सियासी तूफान खड़ा हो गया है। सपा मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि झंडा फहराने वाला सीएम की जाति का है। उसको सरकार, पुलिस, एसपी, कमिश्नर कोई कुछ नहीं बोलेगा। मुख्यमंत्री के इशारे पर सब कुछ किया जा रहा है। सरकार अपनी नाकामी छुपा रहा है। सरकार ऐसी घटनाएं को करवा कर मुख्य मुद्दों से ध्यान भटका रही है। दरअसल, रामनवमी के दिन कुछ युवकों ने गाजी मियां की दरगाह पर जमकर हंगामा किया था। बताया जा रहा है कि जुलूस की शक्ल में कुछ युवक दरगाह पहुंचे और उन्होंने गाजी मियां की दरगाह के गेट पर चढ़कर धार्मिक नारे लगाते हुए भगवा झंडा फहराया। इस मामले की शिकायत तुरंत पुलिस से की गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उसे महाराजा सुहेलदेव सम्मान सुरक्षा मंच से जुड़े कार्यकर्ता नहीं मिले।

### शेयर मार्केट से सरकार ने जेबें कर दीं खाली: सपा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शेयर बाजार गिरावट के ताजा घटनाक्रम पर टिप्पणी की है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि कन्नौज सांसद ने लिखा कि भाजपा सरकार ने महंगाई और भ्रष्टाचार ही नहीं,अब तो शेयर मार्केट के महापतन से भी देशवासियों की जेबें खाली कर दी है।

### रामजीलाल सुमन को कुछ हुआ, तो योगी जिम्मेदार

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि रामजी लाल सुमन के साथ कोई घटना होती है, तो इसके लिए सीएम योगी खुद जिम्मेदार होंगे। क्योंकि घटना करने वाले लोगों पर सीएम का हाथ है। इस घटना में जाति कनेक्शन है। अखिलेश ने कहा कि सीएम ने हिडन अंडरग्राउंड फोर्स तैयार कर रखी है। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी की तुलना हिटलर से की। सपा चीफ ने कहा कि हिटलर ऐसे ही ट्रूपर्स तैयार करता था। सीएम के इशारे पर सीएम, आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी और एक अखबार के इशारे पर हमें अपमानित करने का काम किया गया है। राणा सांगा विवाद के मामले में करणी सेना के सदस्यों ने रामजीलाल के घर पर तोड़फोड़ की थी। रामजीलाल सुमन ने राणा सांगा को गद्दार बताया था।

### किसानों की उपेक्षा करती है योगी सरकार

**लखनऊ।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि टमाटर की पैदावार करने वाले किसान अपनी लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं, जो दिखाता है कि सरका कृषक समुदाय की कितनी उपेक्षा करती है। यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि भाजपाई उत्पादन में नहीं, बल्कि किसी भी चीज को खरीदने-बेचने के काम को बढ़ावा देते हैं, जिससे बीच में कमाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था और राजनीति दोनों के लिए भाजपा का दृष्टिकोण बिचौलियों के इर्द-गिर्द केंद्रित है।

# सरकार का संकल्प, किसी के साथ नहीं होगा अन्याय: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिनए सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कि किसी को भी घबराने या परेशान होने की जरूरत नहीं है।

जनता दर्शन के दौरान सोमवार को सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीघ्ति व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू-माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। जनता दर्शन में प्रार्थना पत्रों को अधिका. रियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

# वक्फ विधेयक पर नेकां विधायकों का भारी हंगामा

**जम्मू, वार्ता**

■ विस की कार्यवाही दो बार रोकनी पड़ी

नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों की ओर से वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा करने के कारण जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने सोमवार को सदन की कार्रवाई दो बार स्थगित कर दी।

राथर ने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। सोमवार सुबह 12 दिन बाद सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेकां विधायक संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 पर चर्चा की मांग को लेकर खड़े हो गए। सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी विरोधी नारे लगाते हुए कहा कि अगर केंद्र द्वारा लाए गए जीएसटी कानून पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में चर्चा की गई, तो मुस्लिम बहुल राज्य में वक्फ विधेयक पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती है। सदन की प्रक्रिया और कार्य संच. ालन नियमावली के नियम 58 के उपनियम (7) का हवाला देते हुए राथर ने कहा कि मामला विचाराधीन हो गया है, क्योंकि इसे देश की सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी गई है। उन्होंने नेशनल कांफ्रेंस के विधायकों और शेख खुर्शीद द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। जब नेकां विधायकों ने सदन में विरोध प्रदर्शन जारी रखा, कागज फाड़े, काले बिल्ले लहराए, तो अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

बाद में जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, तो नेकां विधायकों ने भाजपा विरोधी नारेबाजी के बीच विरा. ेध प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 'वक्फ बिल नामंजूर, काला कानून वापस लो, भाजपा हाय-हाय के नारे लगाते हुए सदन के बीचोबीच आने की कोशिश की, लेकिन मार्शलों ने उन्हें आसन की ओर बढ़ने से रोक दिया। इसके जवाब में भाजपा विधायकों ने भी 'नेकां-कांग्रेस हाय-हाय', 'देश विद्रो. ही एजेंडा नहीं चलेगा' के नारे लगाए। जम्मू-कश्मीर विस के अध्यक्ष ने प्रदर्शनकारी नेकां विधायकों को शांत करने का प्रयास किया और उन्हें अपनी सीटों पर लौटने का निर्देश दिया। नेकां विधायक नजीर गुरेजी ने कहा कि हम केवल वक्फ विधेयक पर चर्चा चाहते हैं, जो हमारे धर्म पर हमला है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के हंगामा करने पर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

## 50 फीसदी आरक्षण की दीवार तोड़कर फेंक दूंगा

# देश को 10-15 लोग ही चला रहे: राहुल गांधी

**पटना।**



■ सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं, हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी ताकि सरकार दबाव में आए

■ हम बिहार के कमजोर लोगों के लिए मजबूती से काम करेंगे

राहुल गांधी ने बिहार में कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा में कहा कि मैं 50 फीसदी आरक्षण की इस दीवार को तोड़कर फेंक दूंगा। इस देश को दस-पंद्रह लोग चला रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि बिहार में कांग्रेस ने जितना काम करना चाहिए था उतना नहीं किया। पहले बिहार में कांग्रेस के जिलाध्यक्षों में दो तिहाई अपर कास्ट के लोग थे।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी सोमवार को बिहार के बेगूसराय जिले पहुंचे। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मेरे परदादा जवाहर लाल नेहरू सच्चाई से मोहब्बत करते थे। जातीय जनगणना एक क्रांतिकारी कदम है। इससे देश की सच्चाई पता चलेगी। इसीलिए इसे भाजपा रोकना चाहती है, लेकिन इसे दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। अब हम बिहार के कमजोर लोगों के लिए मजबूती से काम करेंगे। अब हमने टीम बदल दी है। अब दो तिहाई दलित-पिछड़े हैं। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं। हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी, ताकि सरकार दबाव में आए और बदलाव संभव हो सके।

बता दें कि पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, छात्र और युवा संगठनों के सदस्य पार्टी के झंडे और तख्तियों के साथ सड़कों पर उतरे। उन्होंने रक्षा बलों में रिक्त पदों को भरने और सरकारी नौकरियों में बढ़ोतरी की मांग की। इस साल जनवरी के बाद राहुल गांधी का ये तीसरा बिहार दौरा है। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सरक. ारी नौकरियां घटती जा रही हैं। हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी ताकि सरकार दबाव में आए और बदलाव संभव हो सके। लक्ष्य है कि पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना दिखे, उनका संघर्ष दिखे, उनका कष्ट दिखे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चले लात-घूसे

**पटना।** पटना स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को पार्टी के दो गुटों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के एक समर्थक की कुछ अन्य कार्यकर्ताओं ने पिटाई कर दी। यह हमला पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना के समर्थकों ने किया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक कार्यकर्ता को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। यह घटना उस समय हुई, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी पटना दौरे पर थे और सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी की अहम बैठक ले रहे थे।

### ट्रम्प ने उड़ा दी स्टॉक मार्केट की धज्जियां

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीति के कारण भारत के शेयर बाजार के प्रभावित होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार की आला. ेचना की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने स्टॉक मार्केट की धज्जियां उड़ा दी हैं। राहुल ने कहा कि आज देश में सच्चाई बोलना मुश्किल है। हम सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं, हम सच्चाई से दूर नहीं जा सकते हैं। राहुल ने कहा कि मुझसे सवाल पूछा गया कि आपके परदादा नेहरू जी क्या थे और आपने उनसे क्या सीखा? मैं जहां बैठा था, उस कमरे में नेहरू जी के साथ ही महात्मा गांधी जी की भी तस्वीर थी। वो तस्वीर देखकर मेरे मन में एक ही विचार आया कि ये दोनों लोग सच्चाई से मोहब्बत करते थे।

### सुप्रिया श्रीनेत ने साधा पीएम पर निशाना

बाजार में लगातार हो रही गिरावट पर कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि धड़ धड़ धड़ करके स्टॉक मार्केट गिर रहा है। 2020 में कोविड के बाद आज सबसे नीचे लेवल पर मार्केट खुला है। 5 मिनट में 19 लाख करोड़ स्वाहा हो गए । छोटे निवेशक यह बर्बादी देख रहे हैं, लेकिन लोगों को लपक लपककर स्टॉक मार्केट्स में पैसा लगाने की टिप्स देने वाले मोदी शाह खामोश क्यों हैं?

### राहुल निर्धारित समय से पहले पटना लौटे

**बेगूसराय।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बिहार के युवाओं को रोजगार मुहैया कराने में नीतीश सरकार की विफलताओं को उजागर करने और आजीविका की तलाश में होने वाले पलायन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जारी 'पलायन रोको नौकरी दो' पदयात्रा में आज बेगूसराय में शामिल हुए। नई दिल्ली से पटना हवाईअड्डा पहुंचने के तुरंत बाद श्री गांधी 'पलायन रो. को नौकरी दो' में हिस्सा लेने के लिए बेगूसराय के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बेगूसराय में पद यात्रा में हिस्सा लिया, जिसमें हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता खासकर युवा और वरिष्ठ नेता उनके साथ थे।

## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में सुनामी, सेंसेक्स दस माह के निचले स्तर पर पहुंचा

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में विश्व बाजार की गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार में सुनामी आ गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कोविड.19 के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी 2226.79 अंक अर्थात 2.95 प्रतिशत गिरावट लेकर करीब दस महीने के निचले स्तर 73,137.90 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 742.85 अंक यानी 3.24 प्रतिशत का गोता लगाकर 22161.60 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 3.46 प्रतिशत लुढ़ककर 39,107.96 अंक और स्मॉलकैप 4.13 प्रतिशत कमजोर रहकर 43,974.36 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4225 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3515 में बिकवाली जबकि 570 में लिवाली हुई, वहीं 140 में कोई कारोबार नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 3036 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2640 में गिरावट जबकि 327 में तेजी रही, वहीं 69 में टिकाव रहा।

### निवेशकों के डूबे 14 लाख करोड़ से अधिक

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमे. रिका में मंदी की आशंका में घरेलू निवेशकों के 14 लाख करोड़ रुपए से अधिक डूब गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कोविड-19 के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी 2226.79 अंक अर्थात 2.95 प्रतिशत गिरावट लेकर करीब दस महीने के निचले स्तर 73,137.90 अंक पर आ गया। इससे बाजार पूंजीकरण 3,89,25,660.75 करोड़ रुपए पर आ गया।

### सीतारमण ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 8 से 13 अप्रैल 2025 तक ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। श्रीमती सीता. रमण का दोनों देशों में मंत्रिस्तरीय द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने का भी कार्यक्रम है। इस दौरान वित्त मंत्री भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के 13वें मंत्रिस्तरीय दौर में भाग लेंगी और ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया में थिंक टैंक, निवेशकों, व्यापार जगत के नेताओं के साथ बात. चीत करेंगी। भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता (13वीं ईएफडी) का 13वां दौर 9 अप्रैल 2025 को लंदन में आयोजित होने वाला है। 13वीं ईएफडी वार्ता की सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री और ब्रिटेन के राजकोष के चांसलर द्वारा की जाएगी। 13वीं ईएफडी दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मंच है, जो निवेश मामलों, वित्तीय सेवाओं, वित्तीय विनियमनों, यूपीआई अंतर्संबंधों, कराधान मामलों और अवैध वित्तीय प्रवाह सहित वित्तीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं में मंत्री स्तर, अधिकारी स्तर, कार्य समूहों और संबंधित नियामक निकायों के बीच स्पष्ट जुड़ाव के अवसर प्रदान करता है।

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, गेहूं सस्ता हुआ

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजार में जारी भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से सोमवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि आवक बढ़ने से गेहूं सस्ता हो गया वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 140 रिंगिट लुढ़ककर 4562 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.73 सेंट की गिरावट के साथ 45.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गेहूं 150 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया जबकि चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550- 6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400- 8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वक्फ कानून...**

आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान शामिल हैं। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, जमीयत उलमा-ए-हिंद, समस्त केरल जमीयतुल उलमा जैसे संगठनों ने भी शीर्ष अदालत में रिट याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि यह अधि. नियम मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता को छीनने की एक खतरनाक साजिश है। उन्होंने तर्क दिया कि यह संशोधन वक्फ के धार्मिक स्वरूप को भी विकृत करेगा और वक्फ तथा वक्फ बोर्डों के प्रशासन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को भी अपरिवर्तनीय रूप से नुकसान पहुंचाएगा। उनकी याचिकाओं में शीर्ष अदालत से अधिनियम को असंवैधानिक और संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26 और 300-ए का उल्लंघन करने वाला घोषित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई। याचिकाओं में प्रतिवादी केंद्र सरकार और कानून एवं न्याय मंत्रालय को इसके प्रावधानों को लागू करने या लागू करने से रोकने का आदेश देने की गुहार लगाई गई है। नए वक्फ कानून 'एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995' ने 'वक्फ अधिनियम, 1995' की जगह ली है।

**यूपी में...**

आपराधिक मामला बनाएंगे और जांच अधिकारी को सबक सीखना चाहिए। पीठ ने राज्य के वकील से कहा कि आप आरोपपत्र दाखिल करने का यह तरीका नहीं अपनाते। अदालत ने डीजीपी और गौतमबुद्ध नगर जिले के एक थाने के स्टेशन हाउस ऑफिसर से खास सवाल पूछे। पीठ ने इन अधिकारियों से हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा कि (सिविल) दीवानी विवाद में आपरा. धिक कानून क्यों लागू किया गया।

शीर्ष अदालत ने नोएडा के सेक्टर-39 में संबंधित पुलिस थाने के जांच अधिकारी को गवाह के कठघरे में पेश होने और यह बताने का निर्देश दिया कि मामले में मुकदमा दर्ज करने की क्या जरूरत थी। अदालत आरोपी देबू सिंह और दीपक सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसे वकील चांद कुरैशी के जरिए दाखिल किया गया था। याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ आपराधिक मामला रद्द करने से इन्कार करने के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था।

शीर्ष अदालत ने दलीलें सुनने के बाद नोएडा की निचली अदालत में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आपरा. धिक कार्यवाही पर रोक लगाने का फैसला किया। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि स्पष्ट कर दिया कि उनके खिलाफ चेक बाउंस का मामला जारी रहेगा। नोएडा में दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 506 और 120बी के तहत प्राथमिकी की दर्ज की गई है। पुलिस पर चेक बाउंस के मामले में सिविल मुकदमे को आपरा. धिक मामले में बदलने के बाद आरोपपत्र दायर किया। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि पुलिस ने इस मुद्दे को आपराधिक मामले में बदलने के लिए पैसे लिए।

# वक्फ विधेयक पर चर्चा की अनुमति नहीं मिलने पर राथर की आलोचना की

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर की विवादास्पद वक्फ विधेयक 2025 पर चर्चा की अनुमति नहीं देने के लिए तीखी आलोचना की तथा इस कदम को जनादेश के साथ विश्वासघात व राजनीतिक आत्म समर्पण का खतरनाक संकेत बताया।

विधानसभा अध्यक्ष ने संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा की अनुमति नहीं देते हुए कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों सहित सत्ता पक्ष के विधायकों ने मांग की कि वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए 10 सदस्यों द्वारा पेश स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार किया जाए। सुश्री मुफ्ती और मीरवाइज दोनों ने इस आधार पर बहस को रोकने के अध्यक्ष के फैसले पर निराशा व्यक्त की कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मुफ्ती ने सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस पर स्पष्ट चुनावी जनादेश होने के बावजूद भाजपा के 'मुस्लिम विरोधी एजेंडे' के आगे झुकने का आरोप लगाया, जबकि मीरवाइज ने श्री राथर के इनकार को 'हास्यास्पद और निंदनीय' करार दिया, खासकर जम्मू-कश्मीर जैसे मुस्लिम बहुल क्षेत्र में। मुफ्ती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह बेहद निराशा. जनक है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष ने वक्फ विधेयक पर प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। सरकार पूरी तरह से भाजपा के मुस्लिम विरोधी एजेंडे के आगे झुक गई है और दोनों पक्षों को खुश करने की कोशिश कर रही है।


## नाम परिवर्तन सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मुझे मौहम्मद आसिफ पुत्र यूसुफ निवासी उपरोक्त के नाम से जाना व पहचाना जाता था, अब मैंने अपना जेंडर चेंज कर अपना नाम बदलकर **काजल किन्नर** रख लिया है, अब भविष्य में मुझे **काजल किन्नर** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**काजल किन्नर वल्द यूसुफ**

**निवासी मौहल्ला गौहर अली खां कस्बा व परगना अफजलगढ़ तहसील धामपुर जनपद बिजनौर (उ०प्र०)।**

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

समाचार विशेष

## भतीजों ने की चाचा की हत्या

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना कटरा क्षेत्र में फसल के बंटवारे को लेकर भतीजों ने बुजुर्ग चाचा की लाठी डंडों से पीट पीट कर हत्या कर दी और इसके बाद मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना मीरानपुर कटरा क्षेत्र के गांव जीवनी सिऊरा के रहने वाले प्रहलाद (65) का अपने भतीजे रत्नवद्र तथा जयपाल से गेहूं की कटी हुई फसल को लेकर खेत में ही कुछ विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि जब बात काफी बढ़ गई तो रविंद्र तथा जयपाल ने अपने सगे चाचा प्रहलाद पर लाठी डंडों से हमला कर दिया जिससे घटनास्थल पर ही प्रहलाद की मृत्यु हो गई। श्री द्विवेदी ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कटरा थाने पर पुलिस ने दोनो आरोपी भतीजों रविन्द्र और जयपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## दहेज हत्या का आरोपी ससुर भी भेजा जेल

**चित्रकूटधाम।** महिला जैनब के ससुर को भी पुलिस ने उसकी हत्या के आरोप में आज जेल भेज दिया है। हालांकि गोताखोरों द्वारा तमाम तलाश के बावजूद शव अभी तक बरामद नहीं किया जा सका है ! जैनब के पति साहिल को दो दिन पहले पकड़ा था! उसी ने पुलिस को बताया था कि पूरा परिवार गेहूं काटने गया था। इस बीच जैनब ने दुपट्टे का फंदा बना पंखे से लटककर जान दे दी। वे जब खेत से लौटे तो शव देख कर डर गए। फिर यह सोचकर कि शव पुलिस को नहीं मिला तो सजा से बच जाएंगे। इसी लिए तत्काल शव को गड्ढे में छिपा दिया! रात होने पर शव को यमुना किनारे ले गए।शव को बोरे में भरा, एक रस्सी के साथ भारी पत्थर से बांधकर नाव के जरिए बीच धार में ले गए और पानी में फेंक दिया। पुलिस साहिल की निशान देही पर उसी दिन से यमुना में शव को गोताखोरों के जरिए तलाश करा रही है जो अभी तक नहीं मिला है! साहिल ने बताया था कि इस सारी कार्य वाही में उसका पिता कल्लू खान भी उसके साथ रहा था, उसी कल्लू खान को पकड़कर पुलिस ने आज जेल भेज दिया!!

## गैंगस्टर एक्ट के 2 वांछित गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना थानगांव पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के जगदीशपुर हजारिया मोड़ पर छापेमारी की। वहां पुलिस टीम ने सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुर देवरिया निवासी बाबूराम लोनिया पुत्र मैकू लोनिया, चमारन पुरवा गवारी निवासी राजेश गौतम पुत्र श्रीकेशन को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर अपराधी है, दोनों पर गैंगस्टर एक्ट के मामले में 3 माह से फरार चल थे। पुलिस का कहना है कि शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है, इसके विरुद्ध पूर्व में भी हत्या का प्रयास/चोरी /नकबजनी/अवैध शस्त्र, मादक द्रव्य आदि जैसे अपराधों में कई थानों पर दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी के 2,500/– रूपये नगद, 20 किलो ग्राम डड्ड, 1 अदद चांदी का सिक्का विक्टोरिया व एक लोहे राड नुक. ली बरामद हुए हैं। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोगों ने दिनांक 25.03.2025 की रात्रि में थानगांव चौराहे पर एक खाद–बीज की दुकान में पीछे से सेंध लगाकर बरामद हुआ शेष माल चोरी किया था। घटना के संबंध में थाना थानगांव पर मु.अ.सं.59/2025 धारा 305 (`)/331(4) बीएनएस पंजीकृत है।

# कंपोजिट विद्यालय भटगवां का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

### बच्चों से पठन-पाठन, मिड डे मील सहित अन्य सुविधाओं की ली जानकारी एवं दिए आवश्यक दिशा-निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गौरीगंज अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने विकास खण्ड गौरीगंज के कंपोजिट विद्यालय भटगवां का स्थलीय निरीक्षण कर अध्यनरत छात्र-छात्राओं से पठन-पाठन, मिड डे मील सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली एवं संबंधित शिक्षकगणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे 03 दिवसीय बाल स्वास्थ्य परीक्षण सत्र का अवलोकन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही टीम से परीक्षण संबंधी जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने परीक्षण टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त छात्र - छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से बनाया जाय, एवं उन्हें दी जाने वाली परामर्श, दवाओं इत्यादि का अंकन सही से किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अध्यनरत बच्चों से वार्ता की, उनका हाल चाल जाना तथा उनसे किताबें पढ़वाई, सवाल जवाब कर पढ़ाई का स्तर जाना, जो बच्चे ड्रेस में उपस्थित नहीं थे उनसे प्रतिदिन ड्रेस पहन कर विद्यालय में आने को कहा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, वहीं निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मध्यान्ह भोजन, शौचालय, पानी व विद्युत आपूर्ति की जानकारी ली एवं सम्बन्धित को निर्देश दिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने छात्र उपस्थिति रजिस्टर, अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया साथ ही विद्यालय परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश प्रधानाचार्य को दिए। इस दौरान एसीएमओ डॉ नवीन अग्रवाल, आरबीएसके टीम, प्रधानाचार्य, सहायक अध्यापक, अनुदेशक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# भाजपा षडयंत्रकारी पार्टी, समाज में नफरत फैलाती है: अखिलेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि महात्मा बु( व बाबासाहेब जैसे महापुरुष की प्रतिमाओं को हटाने पर सीतापुर में हुआ विवाद एक बड़ी सियासी साजिश की ओर इशारा कर रहा है। सब जानते हैं कि वो कौन हैं जिनके इशारे पर प्रशासन ऐसा प्रहार कर रहा है।

शोषित-वंचित समाज की जागरूकता नई चेतना बनकर उभर रही है, इन साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं बची है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा षडयन्त्रकारी पार्टी है। भाजपा समाज में नफरत फैलाती है। सामाजिक सद्भाव बिगाड़ती है। भाजपा पीडीए विरोधी है। भाजपा ने पीडीए के हर सम्मान और आरक्षण को छीना है। पीडीए की एकजुटता से भाजपा के लोग घबराए हुए हैं। भाजपा सरकार में पीडीए के साथ षड्यंत्र हो रहा है। समाजवादी पार्टी पीडीए के साथ बाबा साहब के विरोधियों का हर स्तर पर मुकाबला करने को तैयार है। समाजवादी पार्टी सामा. जिक सद्भाव, संविधान और लो. कतंत्र के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है।

महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। किसान, नौजवान, व्यापारी, महिलाएं सभी इस सरकार की गलत नीतियों से त्रस्त हैं। भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों सभी से झूठे वादे किये। किसानों की आय दोग. ुनी नही हुई। महंगाई बढ़ने से खेती का लागत मूल्य बढ़ गया। भाजपा सरकार ने किसानों से धोखा किया। गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाया। चीनी मिलों पर किसानों का हजारों करोड़ रूपये बकाया है। गेंहू को सरकारी खरीद नहीं हो रही है। बिचौलिए और बड़ी कम्पनियां औने पौने दाम में किसानो की फसल खरीदकर उन्हें लूट रहे हैं। सरकार की उनसे मिलीभगत है। भाजपा सरकार जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए नए-नए मुद्दे ला रही है। इसके समर्थक अराजक तत्व समाज में तनाव और वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं।

# बुजुर्ग जहरखुरानी का हुआ शिकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गोंडा।** ग्राहक सेवा केंद्र पर रुपये निकालने आया एक बुजुर्ग जहरखुरानी का शिकार हो गया। ग्राहक सेवा केंद्र पर किसी अंजान व्यक्ति ने उसे नशीली पदार्थ सुंघाकर उसके पैसे चोरी कर लिए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है।

नवाबगंज थानाक्षेत्र के जैतपुर गांव के केवटहिया मजरे निवासी मोती निषाद पुत्र भगौती ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा कि बीते 27 मार्च को उसने 12 बजे दिन में पंजाब नेशनल बैंक के बगल स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के एक ग्राहक सेवा केंद्र से दस हजार रुपए निकाले थे। केंद्र पर एक अज्ञात व्यक्ति बुजुर्ग के बगल में बैठा था जिसने कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया जिससे बुजुर्ग को नशा हो गया। बुजुर्ग जैसे ही पडाव मोहल्ले के वैष्णवी गैस एजेंसी पर पंहुचा उस अज्ञात व्यक्ति ने बुजुर्ग से 10 हजार रुपये ले लिए। नशे की हालत में बुजुर्ग किसी तरह घर पंहुचा। वहीं उस अज्ञात जहरखुरान का फोटो वीडियो ग्राहक सेवा केंद्र के कैमरे में कैद हो गया। कस्बा चौकी प्रभारी उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# बेखौफ वन माफिया चला रहे पेड़ों पर आरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गोंडा।** जिले के नवाबगंज क्षेत्र में वन माफिया बेखौफ होकर हरे पेड़ों पर आरा चला रहे हैं।जिन्हें रोकने–टोकने वाला कोई नहीं है। बता दें कि, वन क्षेत्राधिकारी के रूप में अभिषेक सिंह ने जब रामगढ़–टिकरी रेंज में मोर्चा संभाला था तो हरे और प्रतिबंधित पेड़ों की कटान थम गई थी। अवैध आरा मशीन संचालकों ने वन विभाग की कड़ी कार्रवाई के चलते मशीनें स्वयं ही उखाड़ ली थी जो बची थी उसे वन विभाग ने उखाड़ दी। लेकिन बीते कुछ माह से अवैध लकड़ी के बाजार में हरियाली छाने लगी है।

अब इसे वन विभाग की लाप. रवाही कहें या वन माफियाओं से वन कर्मियों की सेटिंग एक बार फिर से क्षेत्र में हरे और प्रतिबंधित पेड़ों की कटान चरम पर है वहीं अवैध आरा मशीनों के आरे फिर चिग्घाड़ने लगे हैं।बीते दिनों क्षेत्र के गोपालपुर हाऊस अशोकपुर, दुर्जनपुर और गडसर में वन माफिया दिन दहाड़े 04 पेड़ गूलर और 03 पेड़ जामुन काट कर उठा ले गए थे। इन मामलों में वन क्षेत्राधिक. ारी अभिषेक सिंह ने कारवाई किए



जाने का दावा किया था वहीं सूत्रों की मानें तो कोई कारवाई नहीं की गई है। ताजा मामला क्षेत्र के शाहपुर गांव के फिदायी पुर का है।

गांव के ही संगम लाल पुत्र गुरु प्रसाद के खेत में लगे दर्जनों सागौन के हरे पेड़ों को वन माफिया काटकर उठा ले गए लेकिन वन विभाग को कानों–कान खबर नहीं हुई। जबकि इस मामले में वन माफियाओं द्वारा शनिवार और रविवार बिना परमिट के लगातार 02 दिन अवैध कटान की गई। खेत मालिक संगम लाल ने बताया कि उन्होंने खेत में लगे 14 सागौन के पेड़ किशुनदास पुर निवासी मदन वर्मा को बेच दिये थे। वहीं गांव के लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि शाहपुर गांव निवासी मोतीलाल बढ़ई ने मौके पर खड़े होकर अवैध कटान कराई है। मौके पर करीब 20 सागौन के पेड़ काटे गए हैं और उनकी जड़ों को घास और पत्तियों से ढक दिया गया है। इस संबंध में जब वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका नंबर बंद था। इस संबंध वन संरक्षक मनोज सोनकर कहा कि दिखवा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डीएफओ से शिकायत करिये।

# भाजपा की सफलता के पीछे है संघर्षों की लंबी कहानी : संतराज यादव

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संगठन के जिला प्रभारी संतराज यादव ने आज यहां कहा कि भाजपा की सफलता के पीछे संघर्षों की लम्बी महान गाथा है और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जो संकल्प लिया था। आज वो सभी सकंल्प पूरे हुए हैं।

भाजपा जिला कार्यालय पर पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस मनाते हुए श्री यादव ने कहा कि भाजपा की सफलता के पीछे संघर्षों की महान गाथा है, हम सौभाग्यशाली हैं कि हम सब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं हमने जो संकल्प लिया था आज वो सभी संकल्प पूरे हुए हैं। चाहे वो धारा 370 हो, अयोध्या में प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर हो, बाबा काशी विश्वनाथ का कारीडोर हो, मां विंध्यवासिनी कारीडोर हो, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत पूरे देश को जोड़ने का कार्य हो, भारतमाला परियोजना हो या विकास के अन्य कार्य हों। आज समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर सबका साथ सबका विकास की भावना के साथ हम कार्य कर रहे हैं। रुद्रपुर से विधायक व पूर्व मंत्री जयप्रकाश निषाद ने कहा कि अखिल भारतीय जनसंघ की विचारधारा 'एकात्म मानववाद' सर्वप्रथम 1965 में दीनदयाल उपाध्याय ने दिया था। हमारा मातृ संगठन जनसंघ हिन्दुत्व के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करता है और नीतियां ऐतिहासिक रूप से हिन्दू राष्ट्रवाद की पक्षधर रही है। इसकी विदेश नीति राष्ट्रवादी सिद्धांतों पर केन्द्रित है। पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए पूर्व विधायक डा-सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिसका नाम पहले भारतीय जनसंघ था। जिसकी स्थापना 1951 मे श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी तथा इसका चुनाव चिन दीपक था।

# यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों के ई रिकॉर्ड में गड़बड़ी ठीक करने को दो दिन बाकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों के ई रिकार्ड में गड़बड़ियों को ठीक करने के लिए बोर्ड द्वारा दी गई समय सीमा में से केवल दो दिन बाकी हैं। 9 अप्रैल के बाद उन्हें कोई मौका नहीं मिलेगा।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को पत्र भेजकर कहा है कि प्रधानाचार्यों को निर्देशित कर दिया जाए कि परीक्षार्थी के विषय, वर्ग, छात्र के नाम, माता-पिता के नाम , जन्मतिथि, जेंडर, जाति, फोटो आदि का संशोधन अगर जरूरी है तो उसे परिषद की वेबसाइट पर निर्धारित प्रारूप और मैनुअल को डाउनलोड करके ठीक किया जा सकता है। प्राचार्य अपने स्तर पर फॉर्म भरने के बाद त्रुटियों को सत्यापित करेंगे। इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक के अनुमोदन के बाद विद्यालय द्वारा फिर से वेबसाइट पर लॉगिन कर भरे गए प्रारूप और समस्त आवश्यक प्रपत्र अपलोड कर दिए जाएंगे। हालांकि किसी भी प्रकार का संशोधन साक्ष्यों के आधार पर ही हो सकेगा यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह के निर्देशानुसार परिणाम की घोषणा से पूर्व संशोधन के लिए, अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। इसके लिए 7 से 9 अप्रैल को शाम 6:00 बजे तक का समय दिया गया है। इसके बाद परिषद की वेबसाइट पर यह सुविधा बंद हो जाएगी। दरअसल विधान परिषद सदस्य श्री चंद शर्मा, उमेश द्विवेदी, डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों और राज बहादुर सिंह चंदेल ने माध्यमिक शिक्षा परिषद को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई थी कि बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल हजारों छात्र–छात्राओं के रिकार्ड्स में गलतियां हैं. जिन्हें ठीक कराया जाना जरूरी है उसी को देखते हुए बोर्ड ने संशोधन का अंतिम मौका दिया है।

## यूपी बोर्ड छूटी प्रैक्टिकल परीक्षा में शामिल होने का आज ही अंतिम अवसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**लखनऊ।** ऐसे परीक्षार्थी जो इस वर्ष की बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए निर्धारित दिन पर किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाए थे उनके लिए अपने केंद्र पर छूटी परीक्षाओं में शामिल होने का आज यानि आठ अप्रैल ही अंतिम दिन है। इसके बाद वे इस साल यह परीक्षा नहीं दे पाएंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सचिव भगवती सिंह के प्रदेश के सभी डी आई ओ एस को भेजे गए पत्र में परीक्षार्थियों की विभिन्न कारणों से छूटी प्रयोगात्मक परीक्षाओं में पुनर्परीक्षा के तौर पर उन्हें सात और आठ अप्रैल का दिन दिया गया था। उसी में अवसर के तौर पर छात्रों के लिए आज ही का दिन शेष बचा है। इन परीक्षाओं के अंक जुड़ने के बाद ही अगले महीने बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जा सकेंगे।

## 754 करोड़ के बैंक फ्राड में सपा नेता रविशंकर तिवारी को इडी ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**लखनऊ।** किसी जमाने के यू पी व बिहार के डान माफिया के नाम से मशहूर हरिशंकर तिवारी के बेटे सपा नेता रविशंकर तिवारी को उनकी कंपनी गंगोत्री एंटरप्राइजेज के नाम पर 754 करोड के बैंक घोटाले के आरोप में राजधानी लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। सपा नेता पर बैंक फ्राड और मनी लाड्रिंग सहित तमाम आरोप है। सपा नेता के घर और कार्यालय के अलावा विभिन्न शहरों में उनके कई ठिकानों पर छापे लगे हैं। हालांकि बरामद सामग्री का कोई ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया है। सपा नेता के ठिकानों पर छापों की यह कार्य वाही घंटों तक चली। इस बीच टीम ने कार्यालय व घर के कम्प्यूटर कब्जे में लिए घर व अन्य ठिकानों की सघन तलाशी ली !भारी पुलिस बल के सुरक्षा घेरे में तलाशी व छापा अभियान जारी रहा। इससे पूर्व भी सरकार उनकी क ई सम्पत्तियां जब्त कर चुकी है। विनय शंकर तिवारी के परिवार व उनकी पत्नी ने इसे राजनैतिक मामला बताया है।

# पहले गिराई दीवार, विरोध करने पर महिला को दी जान से मारने की धमकी

■ पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गोंडा।** जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र अन्तर्गत स्थित ग्राम छपर तल्ला निवासिया पीड़ित महिला सुन्दरपती पत्नी तिलकराम ने दबंग पड़ोसियों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर सख्त कार्यवाही करने की उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है।

पीड़िता ने बताया कि उसकी पैतृक भूमि पर बनी 15 फीट लंबी और 7 फीट ऊंची दीवार को विपक्षी गणों रंजीत कुमार, अरुण कुमार, सुमित कुमार, राकेश कुमार व छोटू निवासियान उपरोक्त द्वारा सरकशी के बल पर जबरन गिरा दिया गया और विरोध करने पर उसे गाली–गलौज के साथ जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि विपक्षी दबंगई के बल पर मकान की दीवार गिरा रहे थे और मना करने पर बोले, हपुलिस हमारी जेब में है, जो करना



हो कर लो।ह महिला का कहना है कि वह एक असहाय व गरीब महिला है और विपक्षी बदमाश किस्म के लोग हैं, जो कभी भी कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। इस मामले में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से लेकर थाना कौड़िया तक कई बार शिकायतें कीं,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। थकहार कर उसने अपनी शिकायत तहसील कर्नलगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत की, जहां मुख्य विकास अधिकारी गोंडा ने मामले की जांच उपजिलाधिकारी कर्नलगंज) को सौंपी है। अब देखना यह है कि पीड़िता को न्याय मिलता है या फिर मामला केवल कागजों में सिमटकर रह जाता है। पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर सख्त कार्यवाही करने की मांग करते हुए अपने मकान,भूमि और जान–माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द ब्रत्रा 'सुमन'
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अंबेडकरनगर गंगा जमुनी तहजीब एवं भाईचारे का शहर: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अंबेडकरनगर।** कलेक्ट्रेट सभा गार में वक्फ संशोधन बिल को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने धर्म गुरुओं से कहा कि वक्फ संशोधन बिल को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। अंबेडकर नगर गंगा-जमुनी तहजीब एवं आपसी भाईचारे का शहर है,जनपद में हमेशा सभी के त्योहारों को सां. प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया है। इसलिए ऐसा कोई कार्य न करें जिससे जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित हो उन्होंने सभी धर्म गुरुओं से समाज, परिवार, बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उत्थान हेतु बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा सभी बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने को कहा। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल सहित किसी भी प्रकार की भ्रांति पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या अथवा सुझाव हेतु सीधे मिलकर के संवाद स्थापित कर अथवा लिखित रूप में उपलब्ध करा सकते हैं,आपकी प्रत्येक समस्या/सुझाव को उचित माध्यम से सक्षम स्तर पर पहुंचाया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमेठी।** बीती रात फैक्ट्री मे कार्यरत मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

कमरौली थानाक्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत एक निजी फैक्ट्री जहां इन्हौना थानाक्षेत्र के चिलौली गांव निवासी रमन तिवारी उम्र लगभग 35 वर्ष जो कई वर्षो से फैक्ट्री मे कार्यरत था देर रात घर ना पहुंचने पर सुबह परिजनो ने पुलिस की मदद से फैक्ट्री मे बेहोशी की हालत मे पडे मिले युवक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर पहुंचे जहां परीक्षण



के उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने परि. जनो से पूछताछ करने के उपरांत शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया वहीं परिजन करंट लगने से मौत होने आशंका जता रहे हैं। इस सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया की शव को पोस्टमार्टम भेज कर परिजनो की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई जारी है।

# अमेरिकी टैरिफ मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रहा विपक्ष: रोहित अग्रवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व्यापारी रोहित अग्रवाल ने अमेरिका द्वारा लगाए गए ट्रिक के मुद्दे पर अपने देश के विपक्ष पर हमला करते हुए कहा की विपक्ष अपने देश की जनता के साथ धोखा और उसको गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ को जनता के सामने ऐसे पेश कर रहा है जैसे सीधे तौर पर जनता को ही बढा हुआ 27: टैक्स देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिस अम्बानी अडानी को विपक्ष कोसता रहता है ज्यादा नुकसान तो उन्हीं को है। रालोद व्यापारी नेता ने कहा कि जब विश्व मंदी के दौर से गुजर रहा था तब भारत का शेयर मार्केट शिखर पर था परंतु अब विश्व में घटित घटनाओं के कारण शेयर मार्केट में गिरावट आई है और विपक्ष निवेशकों को गुमराह करके उनको नुकसान पहुंचाने की नीयत से गलत तथ्यों को प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने ट्रम्प की हिमायत में कहा कि कोई भी देश अपने देश के अंदर कितना टैक्स लगाएगा यह उसकी व्यक्तिगत लोगों का कोई लेना देना नहीं है यह टैरिफ सिर्फ भारत के लिए नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए लगा है।

# शिक्षक से मारपीट करने वालों पर कार्रवाई हो

## कोतवाल से अध्यापकों की वार्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** शिक्षक के साथ गाली गलौज मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने वाले आरो. पियों के खिलाफ 3 में जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है। शिक्षकों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर कोतवाल से वार्ता की है।

सोमवार को शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कोतवाल से मुलाकात कर शिक्षक के साथ दुर्व्यवहार करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई। उन्होंने बताया गंगेश्वरी ब्लॉक के गांव पिपलोती खुर्द के प्राथमिक स्कूल में तैनात सहायक अध्यापक किरन पाल सिंह के साथ 4 अप्रैल को विद्यालय आते समय ग्राम गुरेठा में तैनात सहायक अध्यापक अतुल चौधरी विक्रम सिंह द्वारा गाली गलौच मारपीट की गई और जाति सूतक शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया। गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिये गये थे। डायल 112 पर सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थी। थाना पुलिस को भी सूचना दी गई थी। तीन दिन बीत जाने के बाद भी हसनपुर पुलिस द्वारा मुकदमा नहीं किया गया हैं। जिसके चलते शिक्षकों में रोष फैला हुआ है। अभी तक शिक्षक का मेडिकल भी नहीं कराया गया है। और न हीं कोई कानून कार्रवाई की गई है। पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ शिक्षकों में नाराजगी फैली हुई हैं। उनका कहना था कि जल्द से जल्द मारपीट करने वालों को गिरफ्तार किया जाये। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह करतार सिंह पवन कुमार विनोद कुमार गौतम जयवीर सिंह निर्देश कुमार विकास राहुल ओम प्रकाश दिलीप युसूफ खान मनीष कुमार जगबीर सिंह मेहताबुद्दीन सुंदर सिंह सोम सिंह थान सिंह आदि मौजूद थे


हसनपुर। कोतवाल से वार्ता करते शिक्षक।

# अनाधिकृत निर्माण को किया सील

## विनयमित क्षेत्र ने की कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमरोहा।** जोया रोड पर माह योजना 2031 में प्रस्तावित 18 मीटर मार्ग के मध्यम से छह मीटर छोड़ने के विपरीत रोडवाइडिंग व सैटबैक के स्थान पर अनाधिकृत निर्माण करने पर विनयमित क्षेत्र ने सील लगा दी।

नगर के मोहल्ला पीरगढ़ निवासी गुरवचन सिंह पुत्र विक्रम सिंह व श्रीमति गुरूसरन कौर पत्नी परमिन्द्र कौर द्वारा जोया रोड पर ज्योति हॉस्पिटल के नजदीक महायोजना 2031 में प्रस्तावित 18 मीटर मार्ग के मध्य से छह मीटर छोड़ने के विपरीत रोड वाईडिंग व सैटबैक के स्थान पर अनाधिकृत निर्माण करने पर विनयमित क्षेत्र द्वारा सील कर दिया गया। साथ ही भवन स्वामी को निर्देशित कर दिया गया कि उक्त अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त का निमायानुसार करने के पश्चात ही मानचित्र प्रस्तुत करें। अन्यथा की दशा में आरबी एक्ट के अन्तर्गत अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर दिया जायेगा। इस संबंध में भवन स्वामी को 28 मार्च को नोटिस भी जारी किया गया था।



# धूमधाम से निकली महर्षि कश्यप की शोभायात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा ने महर्षि कश्यप शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। इससे पूर्व उन्होंने प्राचीन गढ़ी मंदिर मे कश्यप समाज के कार्यक्रम को भी संबोधित किया। कहा कि महर्षि कश्यप हर धर्म का सम्मान करते थे।

सोमवार को कश्यप समाज ने महर्षि कश्यप की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई। सुबह हवन, पूजन के बाद शाम को बैंड बाजों, ढोले, झांकियों के साथ शहर के मुख्य मार्गों पर भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसमें समाज के लोगों ने जयघोष लगाए। साथ ही सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने भी महर्षि का पूजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा विधायक राजीव तरारा ने कहा कि जयंती समारोह का एकमात्र मकसद है कि हम अपने महापुरुषों के बलिदान और उनके त्याग को सदा याद रखें और संतों के बताये रास्ते पर चलकर एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करें। युवाओं से महर्षि कश्यप के बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर सूरज कश्यप, पवन कश्यप, राम. निवास कश्यप, घनश्याम कश्यप, अरविंद, निहार त्यागी, अमन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार

## स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत रैली




शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** पीएम श्री संविलियन विद्यालय सुनगढ़ माफी में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम व स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव में भ्रमण करते हुए बच्चों ने विभिन्न नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। रैली का शुभारंभ प्रधानाध्यापक देवेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। उन्होंने अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि अपने अभिभावक होने के कर्तव्य का निर्वहन करें। बच्चों को उनके शिक्षा के अधिकार से वंचित न होने दें। रैली के दौरान कुछ बच्चे अपने हाथों में नारे व स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। प्रधानाध्यापक देवेंद्र सिंह बच्चों के साथ नारे लगाकर अभिभावकों को सरकार द्वारा बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं जैसे डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते धनराशि उपलब्ध कराना एवं निशुल्क पाठ्य पुस्तक आदि के बारे में जागरूक कर रही थी। वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर संजय कुमार, प्रेम सिंह, कुलदीप सिंह, शिव कुमार, रेनू, ग्राम प्रधान युसूफ अली मौजूद रहे

## जयंती की सफलता को किया जनसम्पर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** ऑल इंडिया सैनी सभा ने महात्मा ज्योतिबाफूले राव की जयंती को सफल बनाने के लिये कई गांवों का दौरा किया। सभा के कार्यकर्ताओं ने गांव मौसमपुर, उमरी पट्टी, चांदनगर, मिलक, बागडपुर में चौपाल का आयोजन किया। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा ज्योतिबाफूले का 198वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया जायेगा। इस मौके पर होने वाले कार्यक्रम में समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। उन्होंने मांग करते कहा कि जिले का नाम ज्योतिबाफूले किया जाये तथा इनकी पत्नी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाये। इस मौके पर कल्याण सैनी, राजपाल सैनी, कृपाल सिंह, पीयूष सैनी, रमेश सैनी, विजयपाल सैनी, प्रेम सिंह सैनी, मोहर सिंह, हरवीर सिंह मौजूद रहे।

## मनरेगा एफटीओ व विकास कार्य भी हुए ठप, जनता हो रही परेशान

# दो माह से बिना लेखाकार के विकासखंड कार्यालय

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** विकास खंड कार्यालय अब डांवाडोल स्थिति में हैं। कार्यालय में तैनात लेखाकार के तबादले को दो माह से अधिक का समय बीत गया हैं। उनके बाद से अभी तक यहां लेखाकार का टोटा चल रहा है। इससे विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। शाशन स्तर से बाबुओं के तबादले तो कर दिए, लेकिन उनके स्थान पर नए अधिकारियों की तैनाती नहीं की गई।

खंड विकास अधिकारी कार्यालय मंडी धनौरा में दो माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद बिना किसी लेखाकार के चल रहा है ऐसे में कोई भी काम समय पर नहीं हो पा रहा है। ऐसे में कई विकास कार्य रुके हुए हैं तो कुछ पूर्ण होने के बाद उनका भुगतान नही हो सका है। ऐसा नही है कि स्थानीय अधिकारियों ने रिक्त पद की सूचना उच्चाधिकारियो को नही दी हो लेकिन उसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी शायद इस बात से अनजान बने हुए हैं। उच्चाधिकारियो ने दो बार आदेश भी जारी किये लेकिन अभी तक उन आदेशों का अनुपालन नही हो सका है। विकास खंड में तैनात लेखाकार जितेंद्र यादव का यहां से मुरादाबाद जीएसटी विभाग के लिए स्थानांतरण हो गया। 31 जनवरी को उन्हें रिलीव भी कर दिया गया इसके बाद से अभी तक विकास खंड कार्यालय को कोई लेखाकार बाबू नही मिला है। जितेंद्र कुमार का स्थानांतरण हुए दो माह से अधिक का समय बीत गया है। ऐसे में तमाम विकास कार्य सहित अन्य काम रुके हुए हैं। बताते हैं कि जितेंद्र यादव के स्थानांतरण के बाद गजरौला में तैनात नत्थू लाल को धनोरा का अतिरिक्त चार्ज दिया गया लेकिन उन्होंने चार्ज नहीं संभाला उन्हें अमरोहा भेज दिया गया। विजेंद्र कुमार कुमार गजरौला के लेखाकार बने इसके साथ ही उन्हें मंडी धनोरा का भी अतिरिक्त चार्ज दिया गया। इसी बीच जोया ब्लॉक में मनरेगा योजना में हुए फर्जीवाड़े में विजेंदर कुमार की जांच टीम कक रिपोर्ट में दोषी मिले ऐसे में उनके खिलाफ की कार्यवाही की जा रही हैं। लेकिन मंडी धनौरा में तैनात जितेंद्र यादव का स्थानांतरण हुए दो माह बीत जाने के बाद अब भी कार्यालय में पड़ी खाली कुर्सी लेखाकार की इंतजार कर रही हैं। लेखाकार के न होने से मनरेगा के साथ ही क्षेत्र पंचायत के विकास कार्य ठप पड़े है और पुराने कार्यो का भुगतान भी नही हो रहा है। खंड विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि जितेंद्र कुमार के बाद से किसी लेखाकार ने कार्य नहीं संभाला है। विजेंद्र कुमार को अतिरिक्त चार्ज मिला था तो वह जोया के मनरेगा मामले में घिरे हुए हैं। लेखाकार की तैनाती के लिए लगातार अधिकारियों को पत्राचार किया जा रहा है




# आस्था के साथ प्रतिमाओं को कराया नगर भ्रमण

## 11 वें चैत्रीय नवरात्र महोत्सव का हुआ समापन

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** 11 वें चैत्रीय नवरात्र महोत्सव के दसवें दिन आयोजक मण्डल के पदाधिकारियों ने कलाकारों द्वारा बनाई गई मां दुर्गे व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं को आस्था के साथ नगर भ्रमण कराते हुए तिगरी गंगा तट पर ले जाकर विसर्जित किया। इस दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था, मां दुर्गे के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजित हो रहा था। बता दें कि नगर के मायापुरी स्थित नवदुर्गे प्राचीन चामुण्डा मंदिर में 11 वें नवरात्र महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें नवरात्र की प्रत्येक रात्रि में भजन, कलाकारों की झांकियो समेत अनेकों आयोजन किए गए। अतिथियों ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों को संबोधित किया। संस्थापक डॉ.सुमेर चंद के नेतृत्व में आयोजित महोत्सव में कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा सुन्दर रूप से मां दुर्गे व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाएं बनाई गई थीं, जिन्हें आयोजक मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराते हुए सोमवार को तिगरी गंगा तट पर विसर्जित किया गया। पंडित योगेश शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन कराया और सभी के कल्याण की प्रार्थना की। यात्रा के साथ सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस भी साथ रही। इस अवसर पर चंद्रपाल पाल, महिपाल चौहान, रामपाल सिंह, होशियार सिंह, सुरेश कुमार, प्रमोद कुमार, दिनेश अग्रवाल, निगम वर्मा, जितेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।



# वार्षिकोत्सव में मेधवियों को किया सम्मानित

## सुल्तानठेर स्थित आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुआ कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र गांव सुल्तानठेर स्थित आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव, परीक्षा फल वितरण एवं राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय में राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत पूर्व शिक्षक चंद्रपाल सिंह व जिला स्तर से एसआरजी जितेंद्र कुमार सागर, एआरपी जयवीर सिंह, महेंद्र सिंह, वरिष्ठ शिक्षक संकुल मिथिलेश एवं डॉ.पृथ्वी सिंह ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंचार्ज अध्यापक प्रदीप कुमार सिरोही एवं विद्यालय के शिक्षक परिमा शर्मा, नीतू शर्मा, संध्या, आशा रानी, कविता रानी, आशीष कुमार, सुधीर कुमार, जगत सिंह आदि समेत प्रबंध समिति के पदाधिकारी व अभिभावक मौजूद रहे।

# सफाई कर्मियों को सामग्री मुहैया कराएं

**अमरोहा।** सफाई कर्मियों ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ज्ञापन सौंप सफाई उपकरण व किट मुहैया कराने की मांग की। ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ ने डीपीआरओ पारुल सिसौदिया को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महामंत्री कमल सिंह ने सफाई कर्मियों को ठेली, ट्राली, फावड़ा, पारात, खुरपा, दरांती आदि सामग्री मुहैया कराने की मांग की। इसके अलावा अटैचमेंट कर्मचारियों के संचार रोग माह विकास खंडवार नाम सूची में जोड़े जाने की मांग भी की गयी। उनका कहना था कि 2008 से अब तक मात्र दो बार ही सफाई कर्मियों को उपकरण मिले हैं।

# मांगों को लेकर भाकियू ने किया एसीओ का घेराव

## चकबंदी समस्याओं को दूर करने की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन अम्बावत ने किसानों की समस्याओं को लेकर चकबंदी एसीओ का घेराव कर लिया। हंगामा होने के बाद किसानों की चकबंदी विभाग के अधिकारियों ने मांगों को मान लिया है। सोमवार को मोहल्ला कायस्थान स्थित चकबंदी विभाग के एसीओ के कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन अम्बावत के कार्यकर्ता पहुंच गये। यूनियन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने चकबंदी विभाग के अधिकारियों को बताया कि गांव ओसीता एतमाली में चकबंदी की समस्याओं को लेकर किसान काफी परेशान है। उन्होंने जब चकबंदी विभाग के अधिकारी को समस्याएं बताई तो उन्होंने उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। यूनियन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने बताया कि चकबंदी एसीओ ने किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर सचिन त्यागी, शमशाद सैफी, शमशेर सैफी, प्रेम सिंह जाटव, जमील सैफी, शकील अहमद, सुशील, सुरेश, अनीश खान, ठाकुर सिंह, ओमपाल, प्रकाश, दान सहाय आदि मौजूद थे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में अंतोदय तक पहुंची स्वास्थ्य सेवाएं

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हाइवे स्थित पर श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में 'स्वस्थ शुरुआत से आशावादी भविष्य' विषय पर संगोष्ठी, डिबेट एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री वेंकटेश्वरा समूह के संस्थापक

**श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शानदार वैश्विक नेतृत्व में आज देश में अन्तिम पायदान (अन्त्योदय) पर खड़े व्यक्ति के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित हुई है। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने कहा कि, अच्छा स्वास्थ्य सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नही, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'स्वस्थ भारत' का सपना सच करने के लिए प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे ने कहा कि, वेंकटेश्वरा के मेडिकल स्टूडेंट्स गाँव-गाँव जाकर लोगों को स्वास्थ्य के बारे में कर रहे हैं। श्री वेंकटेश्वरा समूह शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में 'ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र' स्थापित कर गरीबों को निःशुल्क उपचार दे रहा है। इस अवसर पर 'हेल्दी बिगनिंग, होपफुल फ्यूचर' विषय पर संगोष्ठी एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नशा मुक्त भारत एवं भ्रूण हत्या निषेध विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र छात्राओं को समूह अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के साथ मिलकर स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं समारोह को डा.वी.एन. सिंह, कुलसचिव प्रो. पीयूष पांडेय, डा. राजेश सिंह, डा. रमेश सिंह, प्रो. (डा.) एना एरिक ब्राउन, प्रो. (डा.) मंजरी राणा, प्रो. (डा.) सहर्ष वाल्टर, प्रो. (डा.) मनीष कुमार शर्मा, डा. प्रज्ञा कुशवाहा, डा. अर्जुन पोसवाल, डा. दीक्षा अग्रवाल, डा. जूही कैथवास, डा. अनूप तिवारी, डा. सोहेल ने भी संबोधित किया।



# श्रीराम प्रकटोत्सव के तीसरे दिन भंडारा

## भक्तों ने हवन में दी आहूतियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** श्रीराम जयंती महोत्सव के तीसरे दिन हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तों ने हवन में आहुति देकर सुख समृद्धि की कामना की। बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

सोमवार को नगर के कैंचन बाजार स्थित प्राचीन श्रीरामजानकी मन्दिर में श्रीराम जयंती महोत्सव के तीसरे दिन हवन व भंडारे का आयोजन हुआ। सुबह पूर्ण विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ पंडित द्वारा हवन शुरू कराया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना कर हवन में पूर्ण आहुति दी। तत्पश्चात दोपहर में भगवान राम व सभी देवी देवताओं को भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं शाम को यहां भजन संध्या का आयोजन किया गया जो देर रात तक चला। इस अवसर पर राहुल अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, विजय कुमार, नवीन दीक्षित, हर्ष भटनागर, संजीव दीक्षित, पारस सिंघल, कुसुमलता गोयल, राखी अग्रवाल आदि मौजूद थे



# रैलिंग से टकराई बाइक, उछलकर नाले में गिरी बच्ची, मौत

## मामा व मौसी भी घायल, तीनों बाइक पर सवार होकर गजरौला से वापस जा रहे थे घर

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** अनियंत्रित होकर बाइक हाइवे किनारे रैलिंग से टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार एक 10 साल की बच्ची की उछलकर नाले में गिरने से मौत हो गई, जबकि उसके मामा व मौसी घायल हो गए। घटना से परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है। परिजन बिना किसी कार्रवाई के ही बच्ची के शव को अपने साथ ले गए। जानकारी के अनुसार रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव महेशरा निवासी जफरूद्दीन (18) अपनी बड़ी बहन बानो (19) व भांजी अलशिफा (10) के साथ बाइक से गजरौला स्थित बाजार से

■ हाइवे पर मैक डोनाल्ड रेस्टोरेंट के सामने हुई घटना

खरीददारी करके घर वापस लौट रहा था। अलशिफा दोनों मामा व मौसी के बीच में बैठी थी, जब इनकी बाइक हाइवे पर स्थित मैकडोनाल्ड रेस्टोरेंट के सामने पहुंची तो अचानक बाइक अनियंत्रित होकर रैलिंग से टकरा गई। हादसे में जफरूद्दीन और बानो सड़क पर गिरकर घायल हो


अलशिफा (फाइल फोटो)


घायल बानो

गए तो वहीं अलशिफा उछलकर पास बने 12-13 फिट गहरे नाले में गिर गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल जफरूद्दीन व बानो को उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया तो वहीं अलशिफा की तलाश कराई। करीब आधा घंटे के प्रयास के बाद अलशिफा मिल गई, मगर तब तक वह मृत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। बता दें कि पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर निवासी अलशिफा ईद पर अपनी मां बेनजीर के साथ महेशरा स्थित अपनी नानी के घर पर आई थी, तब से वह यहीं पर रूकी हुई थी। हाल ही में उसे कक्षा 01 की परीक्षा भी पास की थी। वहीं परिजन बिना किसी कार्रवाई के ही अपने साथ ले गए। उन्होंने पुलिस को कोई कार्रवाई न करने के लिये लिखित में पत्र सौंपा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लिया।


■ अमरोहा। पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करते डीआईजी मुनिराज।

# प्रेमी के लिए युवती का कोतवाली में हंगामा

## हाथ में ब्लेड लेकर पहुंची कोतवाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**जोया।** प्रेमी के साथ शादी की जिद पर अड़ी युवती हाथ में ब्लेड लेकर कोतवाली पहुंच गयी। उसने पुलिस कर्मियों को चेताते कहा कि यदि उसे उसका प्रेमी नहीं मिला तो वह खुद को जख्मी कर लेगी। सूचना पर पहुंचे परिजन युवती को शादी का आश्वासन देकर अपने साथ ले गये।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। सोमवार को एक युवती कोतवाली पहुंची। जिसमें हाथ में ब्लेड था। उसने पुलिस कर्मियों को चेताया कि वह अपने प्रेमी के बिना नहीं रह सकती। परि. जनों की आपत्ति के चलते दोनों के बीच दूरी आ गयी है। प्रेमिका ने रो रोकर पुलिस कर्मियों के सामने प्रेमी के साथ रहने की गुहार लगायी। साथ ही उसने चेतावनी दी कि यदि उसे उसका प्रेमी नहीं मिला तो वह कुछ भी कर सकती है। काफी देर तक युवती द्वारा कोतवाली में हंगामा किया जाता रहा। पुलिस ने मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवती को भरोसा दिलाया कि वह उसकी शादी उसके प्रेमी से करा देंगे। तब कहीं जाकर युवती उनके साथ जाने के लिए राजी हुई।

# अमरोहा की युवती की दिल्ली में संदिग्ध मौत

## परिजनों ने युवक पर लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** दिल्ली में प्राइवेट बैंक में जॉब करने वाली युवती की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। उसका शव कमरे में ही पंखे से लटका मिला है। परिजनों ने नगर के रहने वाले एक युवक पर हत्या का आरोप लगाते पुलिस से शिकायत की है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला छेबड़ा में स्व. आफताब अहमद का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी शहनाज, बेटी शाईस्ता, गुलफ्शा, बेटा सुहैल व मोहसिन हैं। तीसरे नंबर की बेटी शाईस्ता की नौकरी दो महीना पहले दिल्ली की एक प्राइवेट बैंक में लगी थी। लिहाजा शाईस्ता दिल्ली के लक्ष्मीनगर में फ्लैट लेकर रह रही थी। रविवार शाम को वह जामा मस्जिद घूमने गई थी। वहां से स्वजन से वीडियो काल पर भी बात की थी। स्वजन के



■ दो माह से एचडीएफसी बैंक में कैशियर थी, कमरे में पंखे से लटका मिला शव

मुताबिक शाईस्ता खुश थी तथा उसने कोई परेशानी नहीं बताई थी। परंतु रात को उसका शव फ्लैट में ही मिला। संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई थी। जिस सोसायटी में उसका फ्लैट था, उसके गार्ड ने पुलिस को सूचना दी थी कि शाईस्ता का शव पंखे से लटका हुआ है तथा उसने आत्महत्या कर ली है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उसका शव कमरे में पड़ा था। सूचना मिलते ही स्वजन भी रात ही दिल्ली रवाना हो गए थे। स्वजन ने बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अमरोहा निवासी एक युवक ने शाईस्ता की हत्या की है। हालांकि दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन शव को लेकर अमरोहा आ गए तथा मृतका को सुपुर्द खाक कर दिया है।

# किसान के खेत में मिला 12 फिट का अजगर

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव सिरसा कला के जंगल में स्थित गांव निवासी सुरेश के बरसीन के खेत में अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। धीरे-धीरे जंगल में अजगर सांप के निकलने की सूचना आग की तरह फैल गई। सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटनी शुरू हो गईघ। वही मामले की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वन विभाग की टीम ने अजगर सांप को सुरक्षित पड़कर रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। वन रेजर नरेश कुमार द्वारा बताया गया की जंगल में 12 फीट लंबा अजगर निकलने की सूचना मिलते ही वन विभाग के टीम मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद रेस्क्यू पर अजगर सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया है।

# डीआईजी ने किया पुलिस कार्यालय का निरीक्षण

## अभिलेखों के रखरखाव को भी परखा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** डीआईजी मुनिराज जी सोमवार को अमरोहा पहुंचे। जिन्हें पुलिस कार्यालय पर गार्ड आफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उनके द्वारा पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी शाखाओं का निरीक्षण कर संबंधित शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीआईजी ने वाचक कार्यालय, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ, सोशल मीडिया एवं विशेष जांच प्रकोष्ठ आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाखाओं में नियुक्त सभी पुलिस कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही शाखाओं के अभिलेखों के रख-रखाव को चेक किया तथा साफ-सफाई रखने और राजकीय कार्य समय से सम्पादित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह सहित सभी शाखाओं के शाखा प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला फैक्ट्री कर्मी से रेप का आरोपी दबोचा

## शादी का झांसा देकर बनाए थे अवैध संबंध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** फैक्ट्री में काम करने वाली महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने दबोच लिया। प्रेम जाल में फंसाने के बाद उसने शादी करने का झांसा देकर शारी. रिक संबंध बना लिए थे। इतना ही नहीं अश्लील वीडियो-फोटो वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता से तीन लाख रुपये भी वसूल लिए थे। मुकदमा दर्ज होने के बाद से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी जो रविवार को खत्म हो गई। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरा. पी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा है। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला हाईवे स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करती है। साथ में काम करने वाले गांव मुबारकपुर शिवनगर के रहने वाले रघुवंश में महिला को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया था। शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए थे। इस दौरान आरोपी रघुवंश ने महिला की अश्लील वीडियो बनाने के बाद आपत्तिजकन हालत में फोटो खींच लिए थे। बाद में ब्लैकमेल तीन लाख रुपये ले लिए थे। इतना ही नहीं वीडियो-फोटो वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया था। आरोपी बाद में शादी करने के अपने वादे से मुकर गया था। आखिर हिम्मत दिखाकर महिला ने डिडौली कोतवाली में तहरीर दे दी थी। मामले में पुलिस ने आरोपी रघुवंश के खिलाफ दुष्कर्म व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी रघुवंश को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे अदालत में पेश किया था, जहां से उसे जेल भेज दिया।

## तालाब पाटकर सपा नेता ने बनाई थी तीन स्कूलों की बिल्डिंग

# मैस्को स्कूल में छात्रों के नए प्रवेश पर रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** मैस्को पब्लिक स्कूल पर प्रशासन ने अपना शि. कंजा कसना शुरू कर दिया है। एक ओर नगर पालिका की फर्जी एनओसी के मामले में प्रशासन सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं प्रबंधक कमाल फारूकी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी में है वहीं शिक्षा विभाग ने मैस्को पब्लिक स्कूल में नोटिस जारी कर नवीन प्रवेश पर रोक लगा दी है।

बताते चलें कि धनौरा रोड पर सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव कमाल फारूकी का मैस्को पब्लिक स्कूल, मैस्को फार्मेसी व राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय संचा. लित हैं। उक्त स्कूलों को तालाब की जमीन पर कब्जाकर बनाने की शिकायत अशहर तौसीफ पुत्र तौसीफ हसन निवासी गशितयान ने




15 फरवरी को ऑनलाइन की थी। इसके अलावा स्कूल की मान्यता का नवीनीकरण भी नहीं कराया गया जबकि राज्य सरकार से अनापत्ति पत्र भी नहीं लिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा इसकी मान्यता भी समाप्त हो चुकी है। इसी आधार पर विद्यालय की मान्यता समाप्त किये जाने की मांग अशहर तौसीफ द्वारा की गयी। इतना ही नहीं एनजीटी ने 17 फरवरी व न्यायालय अमरोहा में पारित आदेशों की प्रति इस निर्देश के साथ भेजी गयी है कि उक्त संबंध में सात दिन के अंदर स्कूल प्रबंधतंत्र अपना स्पष्टीकरण दे। गाटा संख्या 403 व 404 पर तालाब दर्ज है। तालाब की भूमि का स्वरूप बदला नहीं जा सकता। इसी आधार पर विद्यालय का मानचित्र भी निरस्त कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर जब पालि. का ने तीनों शिक्षण संस्थानों की एनओसी की जांच करायी तो वह भी फर्जी निकली। दरअसल

■ पालिका की फर्जी एनओसी मामले में कमाल फारूकी पर रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी

तत्कालीन ईओ ने बताया कि जोया एनओसी पालिका से जारी की गयी है उस पर उनका हस्ताक्षर फर्जी हैं। इसी आधार पर एनओसी को निरस्त कर दिया गया है। डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने इस मामले में पालिका को सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं स्कूल प्रबंधक कमाल फारूकी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिये हैं। खंड शिक्षा अधिकारी सोनू कुमार ने दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही निर्देश दिये हैं कि जब तक मान्यता का नवीनीकरण नहीं हो जाता तब तक नवीन सत्र में नामांकन नहीं किये जायेंगे।

# झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

## अवैध रूप से चला रहा था क्लीनिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** अवैध तरीके से क्लीनिक का संचालन करने वाले झोलाछाप के खिलाफ डिडौली पुलिस ने नोडल अधिकारी की तहरीर पर इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायत पर नोडल अधिकारी क्वैक्स डा. शरद कुमार ने बीती 22 मार्च को डिडौली क्षेत्र के गांव इकौंदा में मेन अड्डे पर संचालिक एक क्लीनिक पर छापा मारा था। छानबीन करने पर सामने आया था कि क्लीनिक का स्वास्थ्य विभाग में कोई पंजीकरण नहीं है। छोटी सी दुकान में चल रहे क्लीनिक में टीम को मौजूद मिले बलराम सिंह मरीजों को दवाईयां दे रहे थे। नोडल अधिकारी ने जब प्रैक्टिस संबंधी डिग्री और पंजीकरण से संबंधित दस्तावेज मांगे तो बलराम सिंह द्वारा मौके पर कोई अभिलेख नहीं दिखाया गया, लिहाजा नोडल अधिकारी ने अवैध तरीके से चल रहे क्लीनिक को सील करते हुए नोटिस जारी किया था। नोटिस का समय पूरा होने के बाद भी बलराम सिंह द्वारा सीएमओ कार्यायय में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। सीएमओ डा.सत्यपाल सिंह के निर्देश पर नोडल अधिकारी डा.शरद कुमार ने रविवार को डिडौली कोतवाली में तहरीर दे दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने आरोपी बलराम सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।


■ अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में अधिशासी अधिकारियों की बैठक लेतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स।

# विकास कार्यों की गुणवत्ता देख करें भुगतान

## डीएम ने ईओ को दिये निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने ईओ धनौरा को निर्देश दिये कि वह कार्य ठीक से करवायें तथा इसके बाद ही भुगतान किया जाये।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने निकायों के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने विकास कार्य, प्रतिबंधित पालीथीन, सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण, निकायों में राजस्व वसूली, राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष व्यय व कराये जा रहे विकास कार्य, अमृत योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने नगर पालिका व नगर पंचायत से भुगतान की पैडेंसी के बारे में जानकारी ली जबकि बंधन योजना के कार्य की समीक्षा करते ईओ धनौरा को निर्देश दिये कि योजना के अन्तर्गत जो भी कार्य कराये जा रहे हैं वह गुणवत्तापरख हों इसके बाद ही भुगतान कराया जाये। सभी अधिशासी अधिकारी गर्मी के मौसम में लू से बचाव के लिए प्रभावी कदम उठायें। बैठक में ईओ अमरोहा ब्रजेश कुमार भी मौजूद रहे।

# किसान के खेत में रंजिशन लगायी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** रंजिशन लगाई गई आग से किसान का एक बीघा गेहूं जल कर राख बन गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा में किसान वीर सिंह के गेहूं के खेत में बीती रात अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं। आग को देखते ही ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि इस घटना में लगभग एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। खेत के किनारे लगे यूकेलिप्टस के पेड़ भी आग की चपेट में आ गये। पीड़ित किसान वीर सिंह ने अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मामूली विवाद में हवाई फायरिंग से दहशत

## पुलिस मामले की जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** मामूली कहासुनी पर हुआ विवाद फायरिंग तक पहुंच गया। हवाई फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लेकिन फायरिंग करने वाले आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस मामले की एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

थाना क्षेत्र के गांव हिरनाखेड़ी निवासी अमित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार को उसके चाचा मदन खेत पर गए थे वहां किसी बात को लेकर उनकी चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव अहरौला निवासी देशवीर से कहासुनी हो गई। इसके बाद देशवीर ट्रैक्टर पर सवार होकर अपने पुत्र आदर्श, पत्नी प्रभा व मंडी धनौरा के गांव पालनपुर निवासी सचिन के साथ हाथ मे लाठी डंडे लेकर आये गालीगलौज करते हुए मारपीट कर दी। आरोप हैं कि इस दौरान तमंचे से हवाई फायरिंग भी की गई। जिससे गांव में दहशत फैल गई। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। भीड़ देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही हैं

# प्राइवेट स्कूलो की मनमानी रोकें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** निजी स्कूलों में बढ़ती अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग डीएम से की गयी है। युवा नेता आकाश चौधरी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें नर्सरी कक्षा से 12वीं तक स्कूल संचालकों के द्वारा फीस व अन्य मदों के नाम पर की जा रही अवैध वसूली रोके जाने की मांग की। ड्रेस व किताबें मनचाही दुक. ानों से हटायी जायें। बिल्डिंग शुल्क, प्रवेश शुल्क, पंजीकरण शुल्क पर रोक लगायी जाये। जो वाहन अनफिट हैं उनसे स्कूल बच्चे न ढोये जायें। ज्ञापन सौंपने वालों में सुमित चौधरी, अरूण, रोहित कुमार, मनदीप, कपिल, गौरव, अंकित, नवनीत, अक्षय, अर्शा, पियूष चौधरी आदि शामिल थे।

## जमीन में साझीदार बनाने के नाम पर हड़पे 18 लाख रूपये, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

# पूर्व विधायक के समधी व बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद हयात के बुलंदशहर के रहने वाले समधी और उसके बेटे ने जमीन में पार्टनर बनाने का झांसा देकर अमरोहा शहर निवासी पेट्रोल पंप संचालक से 18 लाख रुपये हड़प लिए। इतना ही नहीं आलू की खरीद-फरोख्त के फर्जी बिल बनाकर शिकायत की जांच में जुटी पुलिस को भी गुमराह किया। मामले में अब अदालत के आदेश पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शफातपोता में कारोबारी मोहम्मद खालिद कुरैशी का परिवार रहता है। जोया में उनका पेट्रोल पंप है। एफआईआर के मुताबिक बुलंदशहर के मोहल्ला मिर्चीटोला कसाईबाड़ा के रहने वाले अब्दुल हकीम की बेटी की शादी अमरोहा शहर के रहने वाले पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद हयात के बेटे गुलरेज के साथ हुई है। इसके चलते अब्दुल हकीम के बेटे अरशद से मोहम्मद खालिद कुरैशी के अच्छे ताल्लुकात हो गए थे। दोनों का एक दूसरे के घरों में आना-जाना भी रहता था। आरोप है कि इस दौरान अब्दुल हकीम ने उन्हें झांसा दिया कि उनके समधी हाजी मोहम्मद हयात नौगावां सादात रोड पर अपनी कुछ जमीन बेच रहे हैं, जिसका सौदा कर लिया है लेकिन रकम पूरी नहीं होने के कारण उसका बैनामा अटका हुआ है। आरोप है कि इस दौरान अब्दुल हकीम ने मोहम्मद खालिद कुरैशी के सामने जमीन में पार्टनर बनने की पेशकश रखी। लिहाजा, बिरादरी के कुछ लोगों के सामने बात तय हो गई और मोहम्मद खालिद कुरैशी अब्दुल हकीम और उनके बेटे अरशद की फर्म हाजी अब्दुल हकीम एंड संस के खाते में 19 अप्रैल 2018 को 13 लाख रुपये और 4 मई 2018 को 5 लाख रुपये ट्रांसफर करा दिए। इस तरह 18 लाख रुपये जाने के बाद अब्दुल हकीम और अरशद जमीन का बैनामा करने में आनाकानी करने लगे। मोहम्मद खालिद कुरैशी ने जब इसकी शिकायत पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद हयात से की तो अब्दुल हकीम और उनका बेटा अरशद उनसे नाराज हो गए। बदनाम करने की बात कहते हुए दोनों जान से मारने की धमकी देने लगे। रकम लौटाने से भी साफ इनकार कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जब जांच की तो पिता-पुत्र ने 18 लाख रुपये के आलू पीड़ित पेट्रोल पंप संचालक मोहम्मद खालिद कुरैशी को बेचने की बात कही, कूटरचित बिल भी दिखा दिए जबकि मोहम्मद खालिद कुरैशी सब्जी की आढ़त का काम नहीं करते बल्कि पेट्रोल पंप चलाते हैं। मामले में पेट्रोल पंप संचालक मोहम्मद खालिद कुरैशी ने अदालत की शरण ली थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में अब्दुल हकीम और अरशद के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और षडयंत्र रचने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

# युवा राष्ट्रीय लोक दल युवा के प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** गांव धर्मपुर में युवा राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष अभिनय चौधरी का कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा, कार्यक्रम राजनीतिक नहीं, प्रदेश भर में भ्रमण कर संगठन को मजबूत करने एवं कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, युवा सोच ही देश की राजनीति एवं भविष्य तय करती है। इसलिए क्षेत्र के युवाओं से मिलना मेरा सौभाग्य है। इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं एवं जाट समाज के लोगों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कहा, यह मेरा परिवार है एवं चौधरी चरण सिंह की विचारधारा के लोग हैं।जो आज जयंत चौधरी के हाथों को सभी मिलकर मजबूत कर रहे हैं।कार्यक्रम में जाट महासभा के जिला अध्यक्ष राजाराम आर्य, महासचिव महिपाल सिंह, भारतीय किसान यूनियन असली राजनीतिक के युवा जिला अध्यक्ष ऋषभ चौधरी, अमित चौधरी अरुण खोखर अंकित चौधरी रूपेंद्र चौधरी आशु चौधरी शोभी चौधरी एवं धीरेंद्र पाल सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# चोरों ने किराने की दुकान में नकब लगाकर दिया चोरी की घटना को अंजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बदायूं मुरादाबाद हाईवे मार्ग पर प्रजापति फार्म हाउस के सामने स्थित एक किराने की दुकान में रविवार की रात चोरों ने सेंधमारी कर हजारों रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली। दुकानदार ने पुलिस को चोरी की सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर, मौके का जायजा लिया।दुकानदार ने कस्बा मोहल्ला गोपालपुर के तीन लोगों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। थाना वजीरगंज के कस्बा मोहल्ला गोपालपुर निवासी विपिन कुमार गौतम पुत्र कैलाश चन्द्र जानकारी के अनुसार रविवार की



रात चोरों ने किराना दुकान के पीछे की दीवार को काट दिया और अंदर घुसकर उसमें रखे गुल्लक में नगदी 3000 और पान मसाला ढाई हजार रुपए व अन्य किराने का समान लेकर फरार हो गए। सुबह दुकान खोलने के बाद देखा गया कि सारा सामान बिखरा पड़ा था और पीछे से दीवार टूटी थी। दुकानदार ने बताया की चोरों ने करीब 6000 हजार रुपये का सामान साफ कर दिया है। उन्होंने पीछे की दीवार काटकर दुकान में प्रवेश किया। इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया। कस्बा वजीरगंज मैन रोड स्थित दुकान, बिल्सी रोड , गांव कर्रगांव के पास गल्ला व्यापारी की दुकान में , इससे पहले भी कई घटनाओं को चोरों ने अंजाम दिया है और पुलिस कोई घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

# प्राथमिक विद्यालय करखेड़ी स्कूल में अंक पत्र वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** उच्च प्राथमिक विद्यालय करखेड़ी में परीक्षाफल वितरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने विविध मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान पति राजवीर एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष नेत्रपाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिवादन किया।प्रधानाध्यापक शोभित यादव ने अतिथियों को बुके एवं अंग वस्त्र भेंट करके स्वागत किया। समारोह में कक्षा 8 में विनय ने प्रथम अर्पित ने द्वितीय और हरिओम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापक शोभित यादव ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों तथा कक्षा 5 के बच्चों को परीक्षाफल व विशेष उपहार प्रदान कर सम्मानित किया, एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# बदायूं पहुंचा जनसेवा दल का काफिला वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा

## 27 में अति पिछड़ों को साथ लेकर,बनाएंगे: अपनी सरकार: विनेश ठाकुर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** रविवार को जनसेवा दल का काफिला पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर के नेतृत्व में बदायूं की धरती विधानसभा बिसौली के अंतर्गत क्षेत्र वजीरगंज के ग्राम मुड़िया सतासी में हुआ। जहां कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी पदाधिकारियों के भव्य स्वागत की तैयारी कर रखी थी।

जैसे ही पार्टी अध्यक्ष विनेश ठाकुर ने अपने काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल की पावन धरा पर कदम रखे जनसेवा दल जिंदाबाद, विनेश भईया जिंदाबाद, मंतोष सविता जिंदाबाद, कर्पूरी ठाकुर अमर रहे के उदघोषों से बदायूं की धरती गूंज उठी। कार्यक्रम की कार्यक्रम अध्यक्षता चंद्रपाल श्रीवास्तव और मंच का कुशल संचालन नवल किशोर श्रीवास्तव ने किया। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए विनेश भईया ने जहां सभी स्वजातीय बंधुओ को सत्ता में हिस्सेदारी का संकल्प दिलाया वही सत्ता में हिस्सेदारी के विजन को इस तरह से समझाया उनमें ऐसा जोश भरा कि हर कोई सैन सविता नंदवंशियों को सत्ता में हिस्सेदारी दिलाने के लिए लालायित नजर आया। उन्होंने समस्त अति पिछड़े समाज के 42 प्रतिशत वोटो को आधार बनाकर सभी को सत्ता में हिस्सेदारी का संकल्प दिलाया। विनेश भईया ने कहा जनसेवा दल का सीधा सा एजेंडा है जिस बिरादरी का जितना वोट है उसी प्रतिशत के हिसाब से उन्हें विधानसभा के टिकट मिले और जनसेवा दल इसी एजेंडा पर काम कर रहा है।

अब वोट हमारा और राज 2 परसेंट वालो का नहीं चलेगा। उन्होंने अतिपिछड़ों के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए जनसेवा दल के विजन को स्वजातीय बंधुओ के समक्ष रखा





वही ये भी दावा किया कि यदि सैन सविता नंद समाज एकजुट होकर जनसेवा दल को मजबूत करता है तो हमारा सत्ता में हिस्सेदारी का जो सपना आजादी के 78 सालों में पूरा नहीं हुआ वो 2027 में पूरा हो जायेगा। इसलिए सभी लोग एकजुट होकर सैन समाज के इस पावर प्रोजेक्ट में तन मन धन से जुट जाओ। उन्होंने अपने सम्बोधन मे आगे कहा कि जातीय उत्पीड़न को पूरी तरह खत्म करने का प्रण लेकर उन्होंने जनसेवा दल बनाया है।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंतोष सविता ने कहा अब सेन समाज चौन से नहीं बैठेगा। विनेश भैया ने सत्ता में हिस्सेदारी का जो पावर प्रोजेक्ट तैयार किया है। वो हर हाल में पूरा होगा, उन्होंने सभी को शपथ दिलाते हुए कहा कि अब वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा।

यदि सभी स्वजातीय बंधू एकजुट हो जाए तो विनेश भईया का मिशन सत्ता में हिस्सेदारी परवान चढ़कर रहेगा। इसलिए समाज का एकजुट होना अत्यंत जरूरी है। अमित श्रीवास्तव ने कहा जिस दिन सम्पूर्ण समाज अन्य पिछड़ा वर्ग को साथ लेकर एक प्लेटफार्म पर आ गया उस दिन सत्ता की चाबी हमारे हाथ होगी, उन्होंने कहा ये बेहद चिंता का विषय है की हम लोग आज तक समाज के किसी भी व्यक्ति को चुनकर विधायक नहीं बना पाये, हमारे समाज मे योग्यता की कमी नहीं है। उन्होंने कहा की मैं दावे के साथ कह सकता हूँ की राजनीति और सत्ता के बिना किसी भी समस्या का हल संभव नहीं है। प्रदेश प्रभारी उमेश माथुर ने कहा हिस्सेदारी लिए बिना समाज का कल्याण संभव नहीं इसलिए सभी दलों को छोड़ो और विनेश भईया द्वारा अपनो के लिए बनाए गए जनसेवा दल का दामन थामकर आगे बढ़ो। उन्होंने अपने विचारों के जरिए कार्यकर्ताओं में सत्ता में हिस्सेदारी की भूख जगाई।

सभी से सत्ता में हिस्सेदारी के इस मिशन में जुट जाने का आहवान किया। कार्यक्रम को सेठ मुरारी लाल, अशोक श्रीवास्तव, रविन्द्र, योगेश श्रीवास्तव, हरिओम श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, सुमित, तरूण, सचिन, नवल किशोर, अजय श्रीवास्तव, रविंद्र श्रीवास्तव योगेश श्रीवास्तव, हरिओम श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, नन्हे श्रीवास्तव हरिद्वार लाल श्रीवास्तव मुनेश श्रीवास्तव वीरपाल श्रीवास्तव टिल्लू श्रीवास्तव राजपाल श्रीवास्तव सतवीर श्रीवास्तव, राजपाल पाल और विनीतपाल राजेश शाक्य डॉक्टर जीशान लोकेश कुमार विपिन कुमार आदि लोगो ने संबोधित किया।

# बिसौली में संघ के स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन, जगह-जगह लोगों ने बरसाए फूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भारतीय नववर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर में सोमवार को पद संचलन किया गया।जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। यह संचलन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ समाप्त हुआ।

पथ संचलन में सभी पूर्ण गणेश में सजे स्वयंसेवक दो कतारों में चल रहे थे। पथ संचलन में स्वयंसेवक भारत माता की जय व वंदेमातरम की जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पथ संचलन में स्वयंसेवक पूर्ण गणेश में नजर आए और समरसता का संदेश दिया।



स्वयंसेवकों ने पथ संचलन कर राष्ट्र को मजबूत करने के लिए समाज में एक जुटता का संदेश दिया।

इस मौके पर नगर संघचालक प्रदीप, नगर सहसंघ चालक नरेंद्र, नगर कार्यवाह शिवम, नगर संघ चालक प्रेम प्रकाश, जिला प्रचारक राजीव, प्रधानाचार्य संजीव, पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, ब्लॉक प्रमुख ओम किशन, पूर्व ब्लाक प्रमुख अमित पाठक, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, पुष्कर माधव, पवन शर्मा, अमित पंडित, पुनीत शाक्य, अभिषेक शर्मा, एड. राजेश भारद्वाज, सत्यदेव, नीरज, हरगोविंद, विपुल, सुमित, राजेश, सलिल, चंद्रेश, महेश, मनोज, रितेश आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए जायंट्स ग्रुप ने मंदिरों पर रखवाए कूड़ेदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम मनाया गया। इसके अंतर्गत ग्रुप द्वारा नगर के बिल्सी रोड स्थित बैनी महाराज मंदिर तथा वार्ष्णेय चौक स्थित श्री जानकी बल्लभ विराजमान राधाकृष्णमंदिर में कूड़ेदान रखवाए गए। ग्रुप द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर फ्लेक्स लगवाए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष साहू सावेंद्र गुप्ता ने बताया कि ग्रुप द्वारा लगातार समाज के हित में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। ग्रुप के सदस्यों ने लोगों को कूड़ा करकट कूड़ेदान में डालने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, अध्यक्ष साहू सावेंद्र गुप्ता, सचिव हर्ष रस्तोगी, कोषाध्यक्ष शिविन अग्रवाल, नितिन गुप्ता, विकास गुप्ता , संदीप गुप्ता, गौरव वार्ष्णेय , शशांक भिल्ला आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# अब होगा ऑनलाइन डिलवरी करने वाले प्लेटफार्म श्रमिकों का पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** उ0प्र0 शासन एवं श्रमायुक्त उ0प्र0 कानपुर द्वारा जारी पत्र के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदया ने अधिक से अधिक प्लेटफार्म वर्कर्स को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराने हेतु श्रम विभाग को निर्देशित किया है ताकि इन श्रमिकों को भी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से आच्छादित किया जा सके। प्लेटफार्म वर्कर्स की श्रेणी में आनलाइन डिलवरी का कार्य करने वाले श्रमिक जैसे अमैजान, फिल्पकार्ट तथा अन्य आनलाइन डिलवरी करने वाली कम्पनियों के लिये काम करने वाले तथा फूड डिलवरी कम्पनियों जैसे स्वीगी, जोमैटो आदि के लिये काम करने वाले श्रमिक एवम् ओला-उबर जैसे राइड कम्पनियों के लिये काम करने वाले ड्राइवर व अन्य कर्मचारी आदि प्लेटफार्म श्रमिक या गिग वर्कर्स की श्रेणी में आते है। उक्त प्लेटफार्म वर्कर्स के हितों को संरक्षित करने उनको सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तथा उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ देने हेतु भारत सरकार ने सर्वप्रथम इन सभी का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराये जाने के निर्देश दिये है। जनपद बदायूँ में प्लेटफार्म वर्कर्स का पंजीयन कराने हेतु दिनांक 07.04.2025 से 17.04.2025 तक कक्ष सं0 26 के बाहर कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, कलैक्ट्रेट परिसर बदायूँ में प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक एक पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त आनलाइन डिलीवरी कम्पनियों फिल्पकार्ट, अमैजान जैसी कम्पनियों के सेवा प्रदाता के तौर पर कार्य करने वाले वेन्डर्स के जनपद बदायूँ में स्थित कार्यालयों में भी मौके पर ही पंजीयन सुविधा प्रदान करने एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को जागरूक करने के लिये उनके कार्यालायों में ही कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। अतः सभी प्लेटफार्म वर्कर्स से अनुरोध है कि उक्त विशेष अभियान में अपना ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन अवश्य करा लें। पंजीयन वह स्वंय ई-श्रम पोर्टल की बेबसाइट पर जाकर कर सकते हैं या किसी भी जनसेवा केन्द्र पर पंजीकरण करा सकते हैं या श्रम विभाग द्वारा आयोजित कैम्पों में भाग लेकर अपना पंजीयन करा सकते है। पंजीयन कराने के लिये अनिवार्य अभिलेख आधार, आधार से लिंक मोबाइल, बैंक एकाउण्ट एवम् पैन कार्ड की आवश्यकता है तथा पंजीकरण पूरी तरह से निःशुल्क है एवम् आनलाइन आवेदन समिट होते ही पंजीकरण कार्ड स्वतः जनरेट हो जाता है।

# स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत छात्र छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** सोमवार को विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के गांव बंजरिया में परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह चौहान व स्टाफ के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के निर्देशन में छात्र छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें ब्लॉक प्रमुख माननीय ओमकृष्ण सागर ने उपस्थित छात्र छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें वितरित की । इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र के गांव निजामुद्दीनपुर शाह के एक विद्यालय में पुस्तक लाइब्रेरी का उदघाटन भी किया । इस दौरान संजीव सक्सेना , पशु चिकित्सक ए के वार्ष्णेय सहित अन्य संभ्रांत लोग मौजूद रहे ।

# एक नजर

## कांग्रेस कार्यालय परशुराम चौक पर राम बारात का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** कांग्रेस कार्यालय परशुराम चौक पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर के संयुक्त नेतृत्व में शहर में निकल रही राम बारात का स्वागत कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जितेंद्र कश्यप की तरफ जितेन्द्र कश्यप जिला कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष वीरेश तोमर, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष गौरव राठौर शहर कांग्रेस कपूर के पूर्व अध्यक्ष असरार अहमद ,जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव इगलास हुसैन ,अहमद मदनी,आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बीच राजमार्ग पर ऑटो चालक सवारियां भरने को लेकर आपस में भिड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मेरठ अकबराबाद मार्ग के दोनों ओर ऑटो चालकों द्वारा बना लिया गया है, अवैध ऑटो स्टैंड, बीच राजमार्ग पर आपस में भिड़े ऑटो चालकों की लड़ाई को देखकर बीच राजमार्ग पर काफी देर तक लगी रही लोगों की भीड़ जिसके कारण काफी देर तक लगा रहा जाम इस राजमार्ग पर अवैध ऑटो स्टैंड के कारण काफी घंटे बनी रहती है, जाम की स्थिति ऑटो चालकों का कहना है, कि कुछ ठेकेदारों द्वारा50 प्रति ऑटो हिसाब से होती है,वसूली वसूली करने वाले ठेकेदार नगर पालिका के नाम पर करते हैं, वसूली लेकिन नगर पालिका की ऑटो चालकों को नहीं दी जाती कोई रसीद वहीं कुछ सूत्रों का कहना है कि 31 मार्च को तयवजारी समाप्त हो चुकी थी उसके बावजूद भी दबंगई के बल पर कुछ ठेकेदार उगा रहे ठेका वहीं पूर्व में इस अवैध स्टैंड को एसडीएम द्वारा अकबराबाद राजमार्ग से हटाकर सब्जी मंडी के पास बनवा दिया गया था लेकिन उसका भी नहीं हो सका कोई पालन पूरा मामला सहसवान नगर के अकबराबाद राजमार्ग का है।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# मंदिर पर दर्शन करने जा रहे मोटर साइकिल सवार ,बच्चों सहित छः लोगों को डंपर ने रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बीते रविवार को सुबह थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में आसफपुर स्थित पुल वाले महाराज मंदिर पर एक ही मोटर साइकिल पर सवार होकर जा रहे छोटे बच्चों सहित 6 लोगों को तेज रफ्तार से जा रहे डंपर चालक ने रौंद डाला जिससे साइकिल चालक महिपाल ( 40 वर्ष ) पुत्र भूप सिंह निवासी ग्राम जै जैरोई थाना कुढ़फतेगढ़ जनपद संभल निवासी सहित मोटर साइकिल पर बैठे महिलाल की बहिन यशोदा ( 30 ) पत्नी भगवान शरण व बहनोई सहित भांजा अरुण ( 10 ) व भांजी नेहा ( 8 ) व राधा ( 9 ) बुरी तरह चोटिल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसफपुर पुलिस




चौकी प्रभारी अली मियां जैदी व उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह व हेड कांस्टेबल प्यारे लाल , सुनील कुमार व पी आर वी पुलिस डायल 112 नंबर मौके पर पहुंचे व ट्रक कब्जे में कर लिया और सभी घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर पर भर्ती कराया । इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हिमांशु कुमार के निर्देशन में फार्मासिस्ट महेंद्र नाथ , समद अली सहित डॉक्टरों की टीम ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया । मोटर साइकिल चालक महिपाल की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया ।

यह घटना बीते रविवार सुबह करीब 9 बजे के आस पास बिलारी से आसफपुर मार्ग पर घटित हुई । प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटर साइकिल चालक महिपाल अपने भाई , बहिन, बहनोई व भांजी और भांजे को अपनी मोटर साइकिल यू पी 38 05525 से लेकर अपने घर से आसफपुर स्थित पुल वाले महाराज मंदिर पर दर्शन करने आ रहे थे कि अचानक मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा और तेज रफ्तार से आ रहे डंपर चालक ने मोटर साइकिल पर सवार बच्चों सहित 6 लोगों को रौंद डाला ।

मीडिया के कमरे में कैद तस्वीरों के मुताबिक घटना से सम्बद्ध ट्रक चालक ने अपने ट्रक की पीछे वाली नंबर प्लेट की निशान देही को मिटा दिया है ताकि किसी भी घटना को अंजाम देते हुए ट्रक चालक किसी विधिक कार्यवाही की गिरफ्त में नहीं आ सके । यहां गौरतलब है कि आसफपुर से बिसौली मार्ग पर अनियंत्रित गति से दौड़ रहे ट्रक चालकों की लापरवाही के चलते पिछले दिनों क्षेत्री किसानों , मजदूरों व अन्य कई राहगीर व मोटर साइकिल चालक अपनी जान गंवा बैठे ।

# संघ अपने को ठीक करता है अपने धीरे-धीरे सही हो जाते हैं

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन

**कैलाश भारती ,शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन नगर को राष्ट्रीय अखंडता एवं देशभक्ति की प्रेरणा देगा। जिसमें नगर के बाल, जवान, वृद्ध पद संचलन करेंगे।

राष्ट्रभक्ति लोगों में पथ संचलन को लेकर काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। शत-शत नमन भारत भूमि को, अभिनंदन भारत मां को। सूत्रों के अनुसार आरएसएस के नगर पदाधिकारी ने बताया कि संघ के कार्यकर्ताओं का पथ संचलन प्रत्येक खंड, उपखंड स्तर पर निकाला जा रहा है। जो की राष्ट्रीय एकता अखंडता एवं भारतीय संस्कृति को प्रवाहित करने में तन मन से समर्पित है। इस पथ संचलन में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। कार्यकर्ताओं पर समाज के लोग पुष्प वर्षा कर स्वागत करेंगे। उक्त संचलन मौन धारण कर अनुशक्ति होते निकलेगा।

सूत्र के अनुसार पथ संचलन मोहल्ला टंकी से प्रारंभ होकर नगर मे भ्रमण करता हुआ पुनः इसी स्थान पर विश्राम लेगा। रास्ते में कार्यकर्ता ना तो रुकेंगे और ना ही जलपान ग्रहण करेंगे। अनवरत चलते रहेंगे। और ना ही किसी प्रकार का उद्घोष होगा। अपनी अपनी पंक्ति में चलकर ही पद संचलन करेंगे। संघ हृदय साफ करता है। वह शक्तिमान बनता है। अच्छा पेड़ ही अच्छी छाया प्रदान करता है।

# छात्राएं करें सोशल मीडिया का सजगता से उपयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुक्रम एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा दिनांक 07.04.2025 को विधिक साक्षरता/ जागरूकता शिविर का आयोजन नगरपालिका, असर्फी देवी कन्या इण्टर कॉलेज, उझानी, जनपद बदायूं में आयोजित किया गया।

उक्त शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी की अध्यक्षता में छात्राओं द्वारा कार्यक्रम मन्च पर मां सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गायन प्रस्तुत कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में तहसीलदार तहसील सदर, जनपद बदायूं, दीपक कुमार, द्वारा अपने वक्तव्य कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं को जागरूक करते हुए केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। असिस्टेन्ट, एल0 ए0डी0 सी0/जि0वि0से0प्रा0, बदायूं, कशिश सक्सेना, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में



उपस्थित छात्राओं के विधिक अधिकारों से सम्बन्धित एवं 3 नये कानूनों के बारे में एवं भारतीय संविधान में वर्णित अनुच्छेद-14, अनुच्छेद-15 एवं अनुच्छेद-18, अनुच्छेद-21 व 21ए, एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। जिला विद्यालय निरीक्षक, बदायूं द्वारा अधिकृत प्रधानाध्यापिका राजकीय हाई स्कूल सिकन्दराबाद, बदायूं, डेजी फजल, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं को जागरूक करते हुए महिला सशक्तीकरण के अन्तर्गत महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत स्तर पर सभी क्षेत्रों में पुरूषों के समान सशक्त बनाना है इसके अतिरिक्त दहेज प्रथा, पर्यावरण प्रदूषण, उपभोक्ता फोरम आदि विषयों पर भी समुचित विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। उक्त शिविर के अन्त में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं, शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं से अपील की गयी कि इन्टरनेट का सही उपयोग करना चाहिए।

सोशल मीडिया साइटों यथा फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का उपयोग उचित दिशा में करना चाहिए एवं अश्लील सामिग्री से दूरी बनाये रखना चाहिए ताकि विद्या अध्ययन करने वाली युवतियों का विद्यार्थी जीवन नष्ट न हो इसके अतिरिक्त उन्हें अच्छी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये साथ ही अच्छी सोच और पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए एवं भारतीय संविधान में वर्णित महिलाओं के मौलिक अधिकारों व कार्य स्थल पर महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, निःशुल्क विधिक सहायता अधिनियम 1987 की धारा 12 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी इसके अतिरिक्त उनके द्वारा स्त्री-पुरूष सामानता सम्बन्धित प्रावधानों एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण सम्बन्धित विधिक प्रावधानों को विस्तृत रूप में बताया गया। इसी क्रम में जनपद न्यायालय परिसर, बदायूं में स्थित ए0डी0आर0 भवन संचालित न्यायालय स्थायी लोक अदालत की प्रक्रिया एवं कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी गयी। तत्क्रम में दिनांक 10.05.2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। उक्त कार्यक्रम का संचालन, नगरपालिका, असर्फी देवी कन्या इण्टर कॉलेज, उझानी, जनपद बदायूं की अध्यापिका प्रेमवती, के द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में नगरपालिका, असर्फी देवी कन्या इण्टर कॉलेज, उझानी, की प्रधानाचार्य, वीरू देवी, अध्यापकगण, वसीम नाइट खानम, मीनाक्षी यादव, सरिता शर्मा, रंजू गौतम, रंजनी कुमारी, मुस्कान शर्मा, राजकुमारी पाल, प्रेमलता शर्मा, शालिनी वार्ष्णेय, रोहिल्ला नाज, अमीर बानों, गुजंन गुप्ता, श्याम, पूजा, एवं शिल्पी गुप्ता, व विद्यालय का स्टाफ एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूं का स्टाफ/पराविधिक स्वयं सेवकगण आदि उपस्थित रहे। इसके उपरान्त शिविर के अध्यक्ष की अनुमति से उक्त शिविर का समापन किया गया।

# तहसील स्तरीय क्रेडिट कैंप का हुआ शुभारंभ

- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत लगाया कैंप
- डीएम ने अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने के संबंध में दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को डीएम रविन्द्र कुमार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत तहसील स्तरीय क्रेडिट कैंप का शुभारम्भ संजय कम्युनिटी हॉल में किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित बैंकर्स एवं आवेदकों में समन्वय स्थापित कर ऋण स्वीकृत कराए गए, तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डीएम ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना से अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने, किसी भी लोन को लम्बित न रखने एवं बैंकों को अधिकाधिक लोन वितरित करने के निर्देश दिए गए। उक्त योजना शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण साधन है। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया कि क्रेडिट कैम्प में लगभग 400 से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। 60 से अधिक लाभार्थियों को तत्काल स्वीकृति, वितरण कराया गया। डेढ़ दर्जन से अधिक सप्लायर्स उपस्थित हुए, जिनके माध्यम से अभ्यर्थियों की समस्या का समाधान करते हुए तत्काल कोटेशन उपलब्ध कराये।

द्वितीय क्रेडिट कैम्प का आयोजन आज मंगलवार को तहसील फरीदपुर में तहसील परिसर में किया जायेगा। इस अवसर पर परियोजना निदेशक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, बैंकों के प्रबन्धक, निदेशक एवं जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में लगी मरीजों की लंबी कतार, हुई धक्का-मुक्की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है जिला अस्पताल में मरीजों की खासी भीड़ होने लगी है। सोमवार को सुबह से ही मरीजों की लंबी कतार लगी रही। पर्चा बनवाने के लिए लाइन में कई बार धक्का-मुक्की हुई। सुरक्षाकर्मी को भी व्यवस्था बनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ओपीडी में बुखार के साथ ही उल्टी, बदहजमी के मरीजों की आंधी रही। सबसे अधिक मरीज त्वचा रोग की ओपीडी में आए। मरीजों की अधिक संख्या को देखते हुए फार्मेसी में अतिरिक्त काउंटर खोलना पड़ा। चिकित्सकों का कहना है कि लगातार बढ़ रही गर्मी के चलते मरीजों की संख्या बढ़ गई है। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी।

# बिजली विभाग में खुला फर्जी चेक घोटाला

- 36 चेक हुए बाउंस, कैशियर निलंबित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बिजली विभाग में एक के बाद एक घपले सामने आ रहे हैं। बिल जमा करने के लिए लगाए गए चेक बाउंस हो गए। फर्जी चेक से बिल जमा करने की आशंका है। चेक बाउंस होने के बाद अधिशासी अभियंता की तरफ से कोतवाली में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कैशियर को निलंबित कर दिया गया।

फरीदपुर में संविदा कर्मचारी के मकान से 98 बिजली मीटर बरामद होने का मामला अभी शांत नहीं हुआ कि ग्रामीण क्षेत्र में एक नया मामला सामने आया है। चेक के जरिये दर्जनों उपभोक्ताओं के बिल जमा किए गए। इसकी रसीदें भी दी गईं। ये चेक बैंक में लगाए गए तो बाउंस हो गए। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आया तो हड़कंप मच गया। 38 चेक के जरिए बिल जमा हुए जिसमें 36 चेक बाउंस हुए हैं। कार्तिक इंटरप्राइजेज, हिमांशु रंजन, लव कुमार, अनहर हुसैन के नाम से चेक विभाग में कैशियर राहुल गुप्ता की मदद से जमा किए गए थे। पूरे खेल में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत की भी बात सामने आ रही है। अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने बताया कि कैशियर राहुल गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है।

शुरुआती जांच में सामने आया है कि फरीदपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाके के बिल शहरी क्षेत्र के कैश काउंटर पर जमा किए गए थे। बताया जा रहा है कि उपभोक्ताओं से पैसे लेकर सक्रिय गिरोह फर्जी चेक देकर कैशियर की मदद से विभाग को लंबे समय से चूना लगा रहे थे।

ग्रामीण क्षेत्र में इससे पहले भी बिल जमा करने के मामले सामने आ चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्र के प्रथम डिवीजन में इससे पहले फर्जी बिल का मामला सामने आया था। इसके बाद कार्यालय से सीपीयू ही चोरी हो गया था। इस प्रकरण के बाद बिजली चोरी के मामले में लगने वाले जुर्माने का पटल देखने वाले बाबू पर गड़बड़ी करने का आरोप लगा था।

> फर्जी चेक के जरिए बिल जमा करने का मामला चेक बाउंस होने के बाद पकड़ में आया। उसके बाद कोतवाली में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।
> **हरीश कुमार**
> **अधिशासी अभियंता**

# मदरसा फैजान मुस्तफा में वितरित किए गए रिपोर्ट कार्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नवाबगंज कस्बे के मदरसा फैजान मुस्तफा में सोमवार को छात्रों को एक कार्यक्रम में रिपोर्ट कार्ड वितरण किए गए। मदरसे के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्राफी देकर अथितियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से दूर रहने की सलाह दी, आम आदमी पार्टी की एडवोकेट सुनीता गंगवार ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला, उन्होंने छात्राओं की शिक्षा पर खास जोर दिया। पूर्व सभासद मुराद अहमद एडवोकेट ने मदरसा के छात्रों को मन से शिक्षा ग्रहण करने व अपने बड़ों का सम्मान करने की अपील की। आयोजन में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सचिव डॉक्टर मो० इरफान सिद्दीकी, डॉक्टर मोहम्मद शकील सिद्दीकी एमबीबीएस एमएस, एडवोकेट मो० सईद अंसारी, एडवोकेट रईस अहमद, डॉक्टर मो० रिजवान, कारी मोहम्मद नईम, आप आदमी पार्टी की जीनत अंसारी, नजीर अहमद, मदरसे के प्रिंसिपल फिरोज अख्तर, शिक्षक जुनैद आलम, निशा बी, शागिरुन निशा, फिजा बी, नेहा बी, गजाला आदि के साथ ही अभिभावकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में मदरसा के एमडी फिरोज अख्तर ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# एक करोड़ आठ लाख की लागत से होगा ईंध जागीर के शिव मन्दिर का सौंदर्यीकरण

- विधायक और ब्लॉक प्रमुख ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नवाबगंज कस्बे से सटे गांव ईंधजागीर के प्राचीन शिव मन्दिर का एक करोड़ आठ लाख रुपये से सौंदर्यीकरण होगा, इसके लिए सोमवार को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने ग्राम प्रधान प्रेम शंकर गंगवार के साथ इसका शुभारंभ किया।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने क्षेत्र के इस प्राचीन शिव मन्दिर के सौंदर्यकरण के लिए प्रदेश सरकार से धन उपलब्ध कराए जाने की मांग की थी, जिसपर पर्यटन विभाग ने मन्दिर के सौंदर्यकरण के लिए एक करोड़ आठ लाख रुपये मंजूर किए हैं। सोमवार को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर एके गंगवार ने ग्राम प्रधान प्रेम शंकर गंगवार के साथ भूमि पूजन कर मन्दिर के सौंदर्यीकरण का शुभारंभ किया। भूमि पूजन प्रचार गिरि महाराज द्वारा कराया गया, इसमें पूर्व प्रधान सुरेश गंगवार, उमाचरन गंगवार, सुखलाल, तेजराम, अनिल गंगवार, एड कुंवरसेन गंगवार, महेन्द्र गंगवार आदि ने भाग लिया। ग्राम ईंधजागीर का यह शिव मन्दिर नवाबगंज तहसील क्षेत्र का एक प्रमुख मन्दिर है, यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। सावन के माह में इस मन्दिर पर खासी भीड़ रहती है।

## एक नजर

### बिना पंजीकरण कराए ही हो गया पंजीकरण, परेशान घूम रहा है किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** गेहूं खरीद को लेकर नवाबगंज क्षेत्र की उप मंडी स्थल पर कई गेहूं खरीद केन्द्र खोले गए हैं। इन क्रय केंद्रों पर भले ही किसान अपना गेहूं लेकर नहीं पहुंच रहा है, लेकिन कर्मी अपने आला अधिकारियों को खुश करने के लिए हर हथकंडा अपना रहे हैं।

नवाबगंज क्षेत्र के गांव ग्रेम के रहने वाले किसान चांद हुसैन ने सोमवार को एक शिकायती पत्र एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय को सौंपा, जिसमें उन्होंने बिना अपनी भूमि का रजिस्ट्रेशन कराए ही रजिस्ट्रेशन किए जाने का आरोप लगाया है। कहा कि उन्होंने धान की फसल बेचने के लिए अपना पंजीकरण कराया था, उस समय उनका रकबा कम था, अब जबकि गेहूं की फसल तैयार है, और उसका क्षेत्रफल अधिक है तो वह अपना गेहूं क्रय केंद्र पर तौलने के लिए जब रजिस्ट्रेशन कराने गया तो उसे पता चला कि उसका तो पहले ही रजिस्ट्रेशन हो गया है, जिसे देखते हुए उसने इसकी शिकायत एसडीएम से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

### डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को डीएम रविन्द्र कुमार ने प्रतिदिन की भांति कलेक्ट्रेट स्थित अपने चौम्बर में जनता दर्शन के दौरान उपस्थित जन सामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुना, और संबंधित अधिकारियों को शासन के मंशानुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।



जन समस्याओं को समस्त सम्बंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन की शिकायतों को सुनकर शत प्रतिशत उनका निराकरण किया जाये। जनसुनवाई के दौरान कहा कि जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि जो भी जनसुनवाई के दौरान समस्याएं आ रही हैं, उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं एवं यह भी सुनिश्चित किया जाये कि शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट हो।

### समर्थ पोर्टल को लेकर किया जागरुक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को महाविद्यालय में शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पत्र के निर्देशन में समर्थ पोर्टल पर प्राध्यापकों द्वारा डाटा फीड किए जाने से संबंधित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन कंप्यूटर कक्ष में भौतिक विज्ञान प्रभारी एवं महाविद्यालय के समर्थ पोर्टल प्रभारी डा. प्रवीण कुमार के द्वारा किया गया।

इस कार्यशाला में समर्थ पोर्टल पर सभी प्रविष्टियों को भरने हेतु महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देशों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों, पुस्तकालय अध्यक्षों की प्रोन्नति सामर्थ पोर्टल के द्वारा ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाना है, अतः सभी प्राध्यापकों का समर्थ पोर्टल पर सत प्रतिशत डाटा भरना अनिवार्य है। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर संध्या रानी शाक्य के निर्देशन में संपन्न हुए। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### 165 वीं रामलीला के निर्विघ्न समापन पर हवन कर दीं सबको रामनवमी की शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** राम नवमी के शुभ अवसर पर श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने 165 वीं रामलीला के निर्विवाद- निर्विघ्न समापन पर आज श्री नरसिंह मंदिर में हवन कर श्री रामजी की कृपा सब पर बनी रहे इसकी प्रार्थना की। कमेटी के अध्यक्ष राजू मिश्रा ने बताया कि इस बार मेरी अध्यक्षता में यह पहली रामलीला रही, हालांकि हमने इसको भव्य बनाने में कोई कसर नहीं रखी, फिर भी यदि कोई त्रुटि रह गयी हो तो अगली बार हम उसे दूर करने का भरसक प्रयास करेंगे। कोषाध्यक्ष राज कुमार गुप्ता ने श्री रामलीला में तन मन धन से सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपका सहयोग प्रभु श्रीराम के चरणों में अर्पित है, आप सब पर उनकी कृपा सदा बनी रहे।

महामंत्री सुनील रस्तोगी ने रामलीला में सहयोग करने वाले सभी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोगियों व पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए उनके श्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने कहा कि हमने नाथ नगरी के अधिकतर लोगों को इस रामलीला तक लाने का प्रयास किया था, फिर भी यदि किसी तक हम समयाभाव के कारण व्यक्तिगत रूप से न आमंत्रित कर पाए हों तो हमें खेद है, यह रामलीला सबकी है कृपया अगले साल सपरिवार अवश्य शामिल हों। हवन में मौजूद पदाधिकारियों में संरक्षक सर्वेश रस्तोगी, दिनेश दद्दा, लीला प्रभारी अखिलेश अग्रवाल व विवेक शर्मा, शिव शंकर रस्तोगी, नीरज रस्तोगी, बॉबी रस्तोगी, दीपेन्द्र वर्मा, अमित वर्मा, पंडित सुरेश कटिहा, मीडिया प्रभारी सचिन श्याम भारतीय प्रमुख रहे।

# साइबर ठगों के सात साथी दबोचे




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** हवाला धंधे के लिए गरीबों व जरूरतमंदों के खाते उपलब्ध कराने के लिए बरेली जिला पहले से चर्चित है। पहले सीबीगंज का धंतिया गांव इसके लिए बदनाम था, अब आसपास के कई थाना क्षेत्र के गांवों में भी साइबर ठगों के गुर्गे सक्रिय हो गए हैं। इज्जतनगर थाना पुलिस व साइबर थाना टीम ने सोमवार को सात लोगों का गिरोह हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुता. बिक पूछताछ में आरोपियों ने अपने सरगना का नाम वीरेंद्र बताया।

हाफिजगंज के परेवा गांव निवासी वीरेंद्र लखनऊ में रहकर बरेली में गुर्गों के सहारे लोगों के खाते खुलवा रहा था। वीरेंद्र इन खातों को कोरियर से कलकत्ता भेजता था। यहां से बिहार, राजस्थान, बंगाल, झारखंड आदि प्रदेशों के साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराए जाते थे, जिनमें ठगी की रकम आती रहती थी। ठगी की रकम का बीस फीसदी हिस्सा खाता खुलवाने वालों को और एक से दो फीसदी खाता धारकों को मिलता था। सोमवार को सभी सात आरोपी जेल भेज दिए गए हैं।

# शीशगढ़ कोतवाली लगातार दूसरी बार टॉपर

- एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** इंस्पेक्टर राधेश्याम ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से शीशगढ़ कोतवाली को लगातार जिले में दूसरी बार प्रथम स्थान दिलाया है। उनके इस महान कार्य से खुश होकर एसएसपी बरेली अनुराग आर्य ने भी प्रशस्ति पत्र देकर प्रभारी निरक्षक को सम्मानित किया है।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अब तक के इतिहास में यह पहली ऐसा बार हुआ है, कि शीशगढ़ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को लगातार दो बार सम्मानित किया गया हो, जिसको लेकर क्षेत्र के लोग प्रभारी निरीक्षक को बधाइयां दे रहे हैं। बता दें कि एसएसपी अनुराग आर्य ने फरवरी में जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष स्तर के अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन कराया। जिसमें शीशगढ़ कोतवाली का लगातार दूसरी बार फरवरी में सर्वाधिक 1119 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान आया। इस उत्कृष्ट कार्य एवं



उच्चकोटि की कार्य प्रणाली पर एसएसपी अनुराग आर्य ने शीशगढ़ इंस्पेक्टर राधेश्याम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

### जनसुनवाई में लापरवाही बरतने पर कटा था वेतन

एसएसपी अनुराग आर्य ने तीन माह पूर्व कोतवाली शीशगढ़ का वार्षिक निरीक्षण किया था। अच्छा कार्य करने से खुश होकर एसएसपी ने कोतवाली के कुछ दरोगा व सिपाहियों को पुरस्कृत भी किया था, लेकिन जनसुनवाई में लापरवाही सामने आने पर एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक का सात दिन का वेतन काटने का निर्देश जारी किया था। साथ ही भविष्य में सुधार लाने की हिदायत भी दी थी। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम को एसएसपी अनुराग आर्य से ऐसी सीख मिली कि उन्होंने कठोर परिश्रम करके यह साबित करके दिखा दिया कि वास्तव में उनमें टैलेंट है और इसी टैलेंट से उन्होंने शीशगढ़ कोतवाली को लगातार दूसरी बार जिले में पहले पायदान पर पहुंचकर नया रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक के इस महान कार्य के लिए उनके जज्बे को सलाम करते है।

# जन्म के तुरंत बाद नवजातों की हुई मौत

- चिकित्सकों ने बताया बर्थ एस्फिक्सिया का कारण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जन्म के तुरंत बाद नवजात न रोएं तो जीवन संकट में हो सकता है। पिछले साल जिले में 148 नवजात जन्म के फौरन बाद रोए नहीं, खामा. शी उनकी जान ले गई। इन बच्चों की मौत का कारण बना है बर्थ एस्फिक्सिया। जन्म के चंद मिनटों में अगर बच्चा नहीं रोता है तो बच्चे के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर होता है।

जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू से मिली रिपोर्ट के अनुसार यहां वर्ष 2024 में एक अप्रैल से वर्ष 2025 के 31 मार्च तक एसएनसीयू में कुल 2671 नवजात भर्ती हुए, इनमें 873 बच्चे ऐसे हैं जिनमें बर्थ एस्फिक्सिया के लक्षण मिले। 148 बच्चों की मौत बर्थ एस्फिक्सिया से ग्रसित होने के कारण हुई है। जिन 148 बच्चों की मौत हुई है इनमें अधिकांश बच्चे देहात क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर होकर आए थे। रिपोर्ट के अनुसार 123 बच्चे आउट बॉर्न यानि रेफर थे जबकि 23 बच्चों का जन्म जिला महिला अस्पताल में हुआ था। वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मृदुला शर्मा के अनुसार बर्थ एस्फिक्सिया को पेरीनेटेल एस्फिक्सिया और न्यूनेटेल एस्फिक्सिया भी कहा जाता है। जन्म के तुरंत बाद ऑक्सीजन बच्चे के मस्तिष्क तक नहीं पहुंच पाता और बच्चे को सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। इस दौरान फौरन बच्चे को उल्टा कर उसकी पीठ को थपथपाया जाता है, जिससे बच्चा रोए और ऑक्सीजन का संचार हो सके। इससे बचने के लिए गर्भावस्था के दौरान से समय पर जरूरी जांचें और कुशल चिकित्सक से इलाज कराना चाहिए।

# भाजपा से लोगों का भरोसा पूरी तरह से हट चुका है: शिव चरण कश्यप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने कहा कि जो लोग संविधान मनाने का दिखावा कर रहे हैं और कानून से खिलवाड़ कर रहे है, क्योंकि कहीं न कहीं सरकार का संरक्षण प्राप्त है। भाजपा सरकार से लोगों का भरोसा पूरी तरह से हट चुका है, आने वाला वक्त पीडीए का है, पीडीए पंचायत अब कटाई के बाद तुरंत चालू कर दी जाएगी।

महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि अब कार्यकर्ताओं को बूथ सेक्टर जोन प्रभारी अपने अपने बूथ को मजबूत करें और बी.एल.ए की नियुक्ति करें। बैठक का संचालन पंडित दीपक शर्मा ने किया।




इस अवसर पर पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह यादव, मनोहर पटेल, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, महानगर उपाध्यक्ष गोविंद सैनी, अखलाक अहमद अंसारी पूर्व प्रत्याशी भोजीपुरा, नरेश पाल एडवोकेट, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरषोत्तम गंगवार, ब्रजेश श्रीवास्तव सविता, जिला पंचायत सदस्य छेदालाल दिवाकर, अरविंद यादव, महिला सभा की महानगर अध्यक्ष सरताज गजल अंसारी, ऋषि यादव, खालिद राना, संजीव कश्यप, मनोहर गंगवार, रोहित राजपूत, हिमांशु राज, राजकुमार पाल, विशाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, ब्रजेश आजाद, सुनील सागर, वरुण गिहार, शिवम प्रजापति, राम सेवक प्रजापति, सम्राट अनुजन मौर्य, नाजिम कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन बियर फैक्ट्री का बॉयलर फटा, लगी आग, दो झुलसे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बिशारतगंज थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में निर्माणाधीन बियर फैक्ट्री में सोमवार को अचानक बॉयलर फट गया और आग लग गई। आग लगते ही फैक्ट्री में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी होते ही आलाधिकारियों के साथ फायर बिग्रेड की गाड़ियां पहुंच गईं।

जानकारी के मुताबिक ग्राम इस्माइलपुर में बियर फैक्ट्री का निर्माण चल रहा है, जिसमें अचानक एक बॉयलर फट गया। जिस वक्त यह घटना हुई उस समय फैक्ट्री के बाहर किसान अपने खेत में गेहूं काट रहे थे।

इसी दौरान तेज आवाज ले साथ बॉयलर जाकर गिरा। गनीमत रही कि किसान बच गए, और एकदम आग लग गई। आग देखकर फैक्ट्री में हड़कंप मच गया। सूचना पर आंवला एसडीएम नहने राम और क्षेत्राधिकारी नितिन कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे, और दमकल विभाग की पांच गाड़ियां पहुंची, और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कोई बड़ी घटना होने से टल गई है। अधिकारी घटना के पीछ बजह जानने की कोशिश कर रहे हैं।

# फीस वृद्धि और महंगी किताबों के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया और अभिभावक फीस वृद्धि व महंगी किताबों से परेशान हैं। इसको लेकर रोहिलखंड अभिभावक सेवा समिति ने कलेक्ट्रेट में पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

समिति ने अपने ज्ञापन में कहा है कि सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के स्कूलों द्वारा ज्यादा फीस लेने से अभिभावक परेशान हैं। इस बार फिर से करीब 15 प्रतिशत फीस बढ़ाई गई है, जो पांच प्रतिशत से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। निजी स्कूल हर साल बच्चों का पाठ्यक्रम बदल देते हैं, जिससे अनावश्यक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने इसे तीन साल में करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि अभिभावकों को प्रधानाचार्य से मुलाकात करने का समय भी नहीं दिया जाता, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए।




आरोप लगाया कि पुस्तक विक्रेता प्रिंट रेप पर किताबें बेचते हैं, जो सरासर अनुचित है। ज्ञापन देने वालों में विशाल मेहरोत्रा, शोभित सक्सेना, रामकृष्ण शुक्ला, हैदर अली, नितेश कपूर आदि शामिल रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# शातिर वसीम उर्फ चींची गिरफ्तार

## पशु चोरी के मुकदमे में चल रहा था फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को परवान चढ़ाते हुए एक शातिर अपराधी को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जिस पर जनपद के विभिन्न थानों में 61से अधिक मुकदमे संगीन धाराओं में दर्ज है।

सोमवार को नांगल पुलिस संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध लोगों की चैकिंग कर रही थी, तभी पुलिस को एक शातिर और एक पशु चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहे बदमाश के बारे में क्षेत्र में किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की जानकारी मिली, जिसके बाद नांगल पुलिस के दरोगा उपेंद्र कुमार, दरोगा परवेज कुमार, प्रवीण कुमार, संजय सैनी, अंकित सैनी, अजय कुमार, रोहित कुमार, सोनू कुमार आदि की टीम ने वांछित अभियुक्त वसीम उर्फ चीची पुत्र अब्दुल शमी निवासी नगीना को एक अवैध 315 बोर तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि 24 नवंबर को नांगल थाना क्षेत्र ग्राम बाकरपुर निवासी विजय सिंह की पशुशाला से पशु चोरी हो गए थे। जिसमें वसीम उर्फ चींची, सुभाष उर्फ भूरा, सादक और नईम उर्फ भोला के नाम प्रकाश में आए थे। जिसके बाद 26 नवंबर की रात में पुलिस मुठभेड़ के बाद सुभान उर्फ भूरा निवासी किरतपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, वहीं शेष तीन अपराधी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए थे। बीती दो फरवरी को नईम उर्फ भोला पुत्र शमीम निवासी दिनौड़ा, थाना नांगल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि सादक और वसीम फरार चल रहे थे। जिसमें सोमवार को वसीम उर्फ चींची निवासी नगीना को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार किया गया वसीम उर्फ चींची काफी शातिर अपराधी है। जिस पर विभिन्न थानों में 61 से अधिक मुकदमे संगीन धाराओं में दर्ज है।

# पुनर्वास को लेकर बैठक रद्द

**कालागढ़।** कालागढ़ में पुनर्वास को लेकर नैनीताल के हाईकोर्ट के आदेश पर कालागढ़ में होने वाली दो राज्यों में उत्तर प्रदेश प्रमुख सचिव मनोज कुमार व उत्तराखंड वन विभाग वन संरक्षक के ना पहुंचने पर बैठक रद्द हो। कई दिनों से दोनों राज्यों के बैठक के लिए कई दिनों आलाधिकारी दोनों राज्यों की बैठक के लिए तैयारियों में जुटे हुए थे। सेन्ट मेरीस इण्टरमीडिएट कॉलेज के हेलीपैड मैदान में सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। देर शाम तक पुलिस प्रशासन व राजनेता तथा स्थानीय जनता प्रमुख सचिव की एक झलक पाने के लिए भीड़ एकत्र रही, लेकिन देर शाम तक नहीं पहुंचने पर जनता व प्रशासन को निराशा ही हाथ लगी। सचिवों की बैठक रद्द होने के सम्बंध में पत्रकारों ने बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर से वर्तालाप करनी चाही लेकिन अफजलगढ़ थानाध्यक्ष सुमित राठी व उत्तराखंड कालागढ़ थानाध्यक्ष संजीव ममगांई ने पत्रकारों व मीडिया कर्मियों को भीड़ बताते हुए अभद्र व्यवहार किया। जिसको लेकर स्थानीय व बाहर से आये पत्रकारों तथा मीडिया कर्मियों में रोष व्याप्त है।

# नार्थ इंडिया में एमबीए तृतीय सेमेस्टर में मुस्कान गुप्ता ने प्राप्त किया प्रथम स्थान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेज के एम.बी.ए. तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा के एम.बी.ए. तृतीय सेमेस्टर में मुस्कान गुप्ता ने **74.58** प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, रितिका विश्नोई ने **74.17** प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं रौशनी विश्नोई ने **73.08** प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर नार्थ इण्डिया ग्रुप आफ कालेजस के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल एवं कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल एवं टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की प्राचार्य डा. शिवानी चौहान ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाये दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. उज्जवल टॉक, प्रवक्ता डा. रवि. राज सिंह, मुकय्यन मोईन अंसारी और मिस लायबा बुरहान ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुये बताया कि हमारे विभाग का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हम सभी के लिए गर्व का विषय हैं।

डा. उज्जवल टॉक ने बताया कि प्रबंधन शिक्षा वर्तमान समय में असीम संभावनाओं का क्षेत्र बनकर उभर रही है। पिछले कुछ समय से प्रबंधन पेशेवरों की मांग मे तेजी से इजाफा हो रहा है। उन्होंने बताया कि देश की अर्थव्यवस्था के विकास में प्रबंधन पेशेवरों की भूमिका किसी से छुपी हुयी नहीं है। अत: रोजगार की दृष्टि से प्रबंधन शिक्षा एक अति उत्तम क्षेत्र है।

# सामूहिक सुंदरकांड पाठ व भजन उच्चारण कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज तिराहा स्थित न्यू धामपुर सिटी कॉलोनी में आयोजित सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा और भजन उच्चारण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु परिवारों ने भगवान राम बजरंगबली हनुमान और विभिन्न देवी देवताओं के चरणों में भजनों और जयकारों के माध्यम से श्रद्धा भावना प्रदर्शित की।

कार्यक्रम में सम्मान समारोह के अंतर्गत संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम के महंत राहुल अग्रवाल, गौरव कृष्ण भारद्वाज और कॉलोनी निवासी संजय शर्मा को उनके द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में दिए जा रहे उल्लेखनीय योगदान के लिए शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऐश्वर्या पंडित द्वारा प्रस्तुत किए गए भजन ने धूम मचा दी। मुख्य अतिथि बीजेपी जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी को भी सामूहिक जय जयकार के बीच विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान को किया सम्मानित

# स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

## शिक्षकों ने घर-घर जाकर किया सम्पर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने नवीन सत्र **2025-26** का शुभारंभ विभिन्न गांव का भ्रमण कर स्कूल चलो अभियान के साथ शुरुआत की।

कॉलेज के शिक्षकों के द्वारा गांव सुहागपुर, मोहम्मदपुर सदा, उमरपुर बांगर तथा सलारपुर आदि में बच्चों तथा उनके अभिभावकों से घर-घर जाकर संपर्क किया। उप प्रधानाचार्य अनिल देवरा ने बताया कि नया सत्र प्रारंभ हो गया है, इसलिए आप कक्षा **6**, कक्षा **7**, कक्षा **8** तथा कक्षा **9** में नए प्रवेश अपने बच्चों को हमारे विद्यालय में दिलाए, कक्षा **10** का रिजल्ट आने के बाद कक्षा **11** के प्रवेश किए जाएंगे।

अनिल देवरा ने बताया कि विद्यालय में कक्षा **6** से कक्षा **8** तक के विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक तथा मिड डे मील की सुविधा उपलब्ध है तथा कक्षा **9** एवं **10** के छात्रों को शासन द्वारा निर्धारित एनसीईआरटी की पुस्तकों के द्वारा पढ़ाया जाता है और कक्षा **9** तथा **10** के बच्चों को एनसीसी (जूनियर डिवीजन) की सुविधा उपलब्ध है। कक्षा नौ एवं दस के छात्र एवं छात्राओं द्वारा एनसीसी में भी प्रवेश दिलाया जाता है।

कक्षा **11** तथा कक्षा **12** के छात्रों एवं छात्राओं को भी भी एनसीसी (सीनियर डिवीजन) में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। कक्षा **9** से कक्षा **12** तक के छात्रों को शासन द्वारा निर्धारित छात्रवृत्ति भी दी जाती है। भ्रमण करने वाले शिक्षकों में विनोद कुमार जिला मंत्री, देवराज सिंह, चेतन कुमार, रणजीत सिंह, मेजर सूरज भान सिंह, सुनील कुमार, नवीन सैनी, वीरेंद्र सिंह, अतुल कुमार, विकास अग्रवाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, हरचंदपुर द्वारा आज सत्र **2024-25** का परीक्षाफल वितरित किया गया।

इस अवसर पर स्कूल में जादूगर द्वारा प्रोग्राम का आयोजन किया गया। क्रमश: कक्षा में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, कक्षा आठ में उमर, कुमकुम और निकिल, कक्षा सात में कनिष्का, आरजू और गुंजन, कक्षा छह में आराध्या, रितिका और हुमैरा, कक्षा पांच में आकांशा, मयंक और इशिका, कक्षा चार में चिराग, राघव और अंसुमन, कक्षा तीन में अर्थव, कुशाग्र और तनुशी, कक्षा दो में हुमैरा, सुप्रिया और गोल्डी, कक्षा एक में जियान, लक्षी, आरुष और अब्दुल आहद और आकांक्षा बनी स्कूल टॉपर।

स्कूल एमडी डालचंद पाल, प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत व अन्य स्टॉफ ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए अग्रिम भविष्य में उज्जवलता कि कामना की।

# ग्राम सचिवालय पर ताला लटकने से परेशानी

## जन सेवा केंद्रों पर कार्य कराने को मजबूर ग्रामीण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विकास खंड नजीबाबाद के ग्राम भागूवाला में लाखों की लागत से बनाए गए सचिवालय में ताला लगे रहने से ग्रामीणों को अभिलेख संबंधित कार्य कराना मुश्किल हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। वहीं ग्राम सचिव ग्राम भागूवाला विपिन सैनी ग्रामीण और पत्रकारों का फोन उठाना भी गवारा नहीं समझ रहे हैं।

विकास खंड नजीबाबाद के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत भागूवाला ग्राम सचिवालय में अक्सर ताला लगा रहता है। जिससे ग्रामीण नकल, खसरा, खतौनी, आयुष्मान कार्ड आदि अभिलेख ऑनलाइन कार्य नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण जब सचिवालय जाते हैं, तो वहां ताला देखकर निराश होकर लौट जाते हैं। ग्रामीण प्राइवेट जन सेवा केंद्रों पर कार्य करने को मजबूर हैं। इसी क्रम में एक पत्रकार को अपने परिवार रजिस्टर की नकल लेने की जरूरत पड़ी, तो पत्रकार बीते गुरुवार को परिवार रजिस्टर की नकल लेने के लिए ग्राम सचिवालय भागूवाला गया तो वहां पर उसको ताला लटका हुआ मिला। उसके बाद उन्होंने ग्राम सचिव विपिन सैनी को फोन मिलाया। ग्राम सचिव ने आश्वासन देते हुए कहा कि मैं अभी सहायक को फोन कर आपके परिवार रजिस्टर की नकल दिला देता हूं। लेकिन पत्रकार आज सोमवार तक सचिवालय के चक्कर काट रहा है। परिवार रजिस्टर की नकल नहीं मिल पाई है। इस संबंध में जब ग्राम सचिव से बात करनी चाही तो बार-बार फोन मिलाने के बाद भी ग्राम सचिव ने पत्रकार का फोन उठाना गवारा नहीं समझा। जब पत्रकार के साथ ही ग्राम सचिव का यह रवैया है, तो देखने वाली बात यह है कि आम ग्रामीणों के साथ ग्राम सचिव क्या रवैया करते होंगे। इस संबंध में एडीओ पंचायत नजीबाबाद एवं जिला पंचायत अधिकारी बिजनौर को अवगत करा दिया गया है। दोनों अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही करने की बात कही है। अब देखना यह है कि इस संबंध का संज्ञान लेकर उच्च अधिकारी ग्राम सचिवालय के कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही करते हैं और ग्राम सचिवालय पर लटके ताले से ग्रामीणों को कब राहत मिलती है।

# कौशल्या मैया को दे दो बधाई अवध में जन्मे है रघुराई...

## राम नवमी पर्व श्रद्धाभाव व उत्साह से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सुनारों वाले शिव मंदिर मैढ सभा मे महिला कमेटी द्वारा रामनवमी का पर्व श्रद्धा भाव से तथा उत्साह पूर्वक मनाया गया।

नरेश वर्मा उमा वर्मा तथा सुमन वर्मा द्वारा आदि शक्ति सिद्धिदात्री देवी की तथा मंदिर परिसर में स्थित सभी देवी देवताओं की विधिवत पूजा अर्चना की गई। भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने रामनवमी के पर्व पर राम जन्म के तथा बधाईयो के मनमोहक भजनों का गायन करके तथा श्री राम के जयकारों से समस्त मंदिर परिसर को राम मय बना दिया। कमलेश वर्मा द्वारा जन्म लियो मेरे रघुराई अवधपुरी में बहार आई। नमिता वर्मा द्वारा गाओ गाओ रे मंगलाचार जन्मे रामलला, उमा वर्मा द्वारा कौशल्या मैया को दे दो बधाई अवध में जन्मे है रघुराई। दीपा वर्मा द्वारा ठुमक ठुमक चले आना राम जी मेरे अंगना में। सुमन वर्मा द्वारा सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं तथा अन्य महिलाओं ने मनमोहक भजनों का गायन किया।

इस मौके पर स्वाति वर्मा, प्रिया वर्मा, सोनी वर्मा, कमलेश वर्मा, शशि वर्मा, नीलू वर्मा, उमा वर्मा, शालिनी वर्मा, सुमन वर्मा, तनु वर्मा, ममता वर्मा, किरण वर्मा, दीपा वर्मा, नमिता वर्मा, मीनू आर्य, निशा गोयल, सीमा सिन्हा, प्रेमवती आदि महिलाएं उपस्थित रही।

अंत में राम जी की स्तुति करके आरती की गई तथा प्रसाद वितरित किया।

# भाजपा का 46वां स्थापना दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मोहल्ला लाल सराय स्थित पूर्व विधायक सतीश गौतम के आवास पर भारतीय जनता पार्टी का **46**वां स्थापना दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भगवा ध्वज फहराकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई और नारे लगाए, जिससे सारा माहौल भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व विधायक सतीश गौतम, युवा भाजपा नेता रोहित रवि, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा जितेंद्र राठी, मंडल मंत्री एडवोकेट अमीचंद रवि, शक्ति केंद्र संयोजक रमन कुमार, बूथ अध्यक्ष संदीप कुमार, बूथ अध्यक्ष महेंद्र कुमार, विकास कुमार, अमूल नंदा, महिपाल सिंह, अमित कुमार, बाबूराम, सीताराम सिंह, प्रेम कुमार, अमन कुमार, रविंद्र कुमार एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## एक-दूसरे को मिठाई खिलाई

# 'मोलिक्युलर बायोलॉजी एसेंशियलस' पुस्तक का विमोचन

## आणविक जीव विज्ञान के जटिल विषयों को समझने में ठोस आधार साबित होगी पुस्तक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज में आज एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक पुस्तक का विमोचन किया गया। आणविक जीव विज्ञान पर आधाारित 'मोलिक्युलर बायोलॉजी एसेंशियलस' पुस्तक का लेखन कालेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रिदिन सक्सेना के साथ आइएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद से डा. कृति श्रीनेत और यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिसन एण्ड हेल्थ साइंस, साउथ अमेरिका मे कार्यरत डा. सुनील कुमार राय ने संयुक्त रूप से किया।

पुस्तक का विमोचन कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, डा. परवेज अहमद खान ने संयुक्त रूप से किया। विमोचन के दौरान प्रश्नों के उत्तर में डा. रिदिन सक्सेना ने बताया कि इस पुस्तक को लिखने का उद्देश आणविक जीव विज्ञान का जीवों की उत्पत्ति और विकास को समझने के साथ साथ स्वास्थ्य, बीमारी और चिकित्सा के नए पहलुओं को छात्रों एवं शोधकर्ताओं को अवगत कराना है।

पुस्तक विमोचन के आयोजन में बधाई देते हुए चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि यह पुस्तक आणविक जीव विज्ञान के जटिल विषयों को समझने में ठोस आधार साबित होगी। कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की पुस्तके शोधकर्ताओं के लिए अपने शोध कार्यों और अनुभवों को समाहित करने का साधन हैं। लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने कहा कि इस प्रकार की पुस्तकों को लिखने के लिए प्रोत्साहन मिलना चाहिए जिससे पुस्तकों में नवीनतम और आधुनिक ज्ञान का विस्तार हो सके।

डा. रिदिन सक्सेना ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय पुस्तक को न्यूयार्क, अमेरिका की गेह पब्लिशर ने प्रका. शित किया है। जो कि अमेजन, लिपकार्ट और पोथी वेब साइट पर उपलब्ध है। समारोह के दौरान माइक्रबायोलॉजी विभागध्यक्ष डा. ज्योत्सना सिंह के साथ, डा. विपिन शर्मा, डा. गोपाल स्वरूप, श्रीमती रजविन्दर कौर, फराह शेख, अनुज कुमार, रोहित राजपूत आदि शिक्षक मौजूद रहे और लेखक डा. रिदिन सक्सेना को बधाई दी।

# क्षत्रिय समाज ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षत्रिय समाज के लोगों ने वीर योद्धा राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी करने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को सौंपा।

क्षत्रिय समाज नहटौर व श्री राधा कृष्ण प्रचार समिति के तत्वाधान में क्षत्रिय समाज के लोग नहटौर कोतवाली में पहुंचे। राणा सांगा के बारे में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर कहा कि क्षत्रिय समाज ही नहीं सनातन जनमानस में आक्रोश है। राणा सांगा ने विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ अधिकतर राजाओं को संगठित करके युद्ध किया और विजय प्राप्त की। भारत के ऐसे महान योद्धा के बारे में ऐसी अभद्र टिप्पणी करना किसी भी जागरूक समाज को बर्दाश्त नहीं होगा। क्षत्रिय समाज श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का भी समर्थन करते हैं एवं शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि रामजीलाल सुमन की संसद सदस्यता तत्काल प्रभाव रद्द की जाए और उनके खिलाफ सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत गिरफ्तार किया जाए।

ज्ञापन देने वालों में विनोद चौहान, रूपेश चौहान, कोमल सिंह, हिमांशु चौहान, विश्वजीत, मास्टर यशवंत सिंह, जयप्रकाश, आकाश कुमार, रणवीर सिंह खंडवाल, हेमेंद्र, अनुराग चौहान, नवीन चौहान आदि मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने किया ग्रामीण पेयजल परियोजना का लोकार्पण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग बलदेव सिंह औलख ने जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र व मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की तहसील बिलासपुर की ग्राम पंचायत शि. वनगर निकट रामनगर में 199.61 लाख रुपये की धनराशि से स्वीकृत ग्रामीण पेयजल परियोजना का लोकार्पण किया। इस परियोजना के अन्तर्गत 222 ग्रामवा. सियों को पानी के कनेक्शन दिये गये हैं, जिससे सभी को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पेयजल आपूर्ति हेतु आपरेटर की तैनाती भी की गयी है। तत्पश्चात राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में तहसील बिलासपुर के ग्राम रामनगर में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी का भी निरीक्षण किया। इस परियोजना के अन्तर्गत ग्राम में लगभग 278 कनेक्शन दिये गये है। सभी उपभोक्ताओं को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है।

सभी उपभोक्ताओं द्वारा निर्धारित यूजर चार्ज ग्राम पंचायत में जमा कराया जा रहा है।

# पैदल मार्च के दौरान पुलिस ने की एक बाइक सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को पैदल मार्च के दौरान कोतवाल पंकज पन्त ने एक बुलेट बाइक को सीज कर कार्यवाही की, मामला मोहल्ला फर्राशांन बिलाल मस्जिद के पास का है जब कोतवाल पंकज पन्त अतिरिक्त इंस्पेक्टर जयप्रकाश, उप निरीक्षक दिलीप कुमार अपेक्षा राहुल कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मियों के साथ डाकखाने की ओर से पैदल मार्च करते हुए कोतवाली की ओर जा रहे थे इस दौरान सामने से बुलेट बाइक पर सवार चार लोग सामने से आते दिखाई दिए पुलिस ने बाइक सवार चारों को रोक लिया और बुलेट मोटरसाइकिल के काग. जात मांगे इस पर बाइक सवार मोटरसाइकिल के कागज दिखाने में समर्थ रहे वही पुलिस से बाइक सवार चारों लोग बहसबाजी करने लगे इस बार कोतवाल पंकज पन्त बाइक को कब्जे में लिया और थाने में भेज दिया और विधिक कार्यवाही करते हुए बुलेट मोटरसाइकिल को सीज कर दिया बताया जा रहा है की बाइक सवार थानागड़ी जिला संभल का रहने वाला

है और शाहबाद में अपनी मौसी के घर आया हुआ था।

# सैफनी माता बेला भवानी मंदिर पर भंडारे का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** नगर में स्थित माता बेला भवानी मंदिर पर सोमवार दसवीं को एक विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सुबह से हवन कर माता का भोग लगाकर कन्याओं को खिलाया गया तथा उसके उपरांत विशाल भंडारे प्रारंभ किया गया।

वहीं भंडारे में काफी भारी संख्या में भक्तों ने माता के दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया कहते है कि माता बेला भवानी बहुत ही सच्ची है यहां पर काफी दूर दूर के लोग आकर मन्नते मांगते ओर सभी की मन्नते पूर्ण होती है भंडारा देर शाम तक रहा जिसमें उपस्थित राकेश जोशी, मास्टर अशोक जोशी,प्रवीण जोशी, संजय रस्तौगी,सुन्दर पांडे, प्रेमकुमार जोशी (भीम),रतन सैनी ,पप्पू शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



# डीएम व एसपी ने किया सौन्दर्यीकरण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलासपुर/रामपुर।** जनपद की सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों में सरकारी एवं सार्वजनिक महत्व की जमीनों को संरक्षित करने तथा आकर्षक बनाने के दृष्टिकोण से प्रशासनिक स्तर से मुहिम लगातार जारी है। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ नगर पालिका बिलासपुर पहुंचकर वहां नगर पालिका द्वारा झील के निकट कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सौन्दर्यीकरण को लेकर संबंधित एसडीएम एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिलासपुर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने नगर क्षेत्र में सड़कों पर अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को नियमानुसार हटाए जाने के भी निर्देश दिये, ताकि मुख्य मार्गो पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने झील के सौन्दर्यीकरण को गुणवत्तापूर्ण ढंग से व निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराये जाने के लिए अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने झील के पास अनधिकृत रूप से लगाये जा रहे ठेले आदि को भी किसी अन्यत्र स्थान पर लगवाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एसडीएम बिलासपुर अनुराग सिंह को निर्देशित किया कि वे अपने पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण कार्य को ससमय व गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# सूफी अब्दुल अजीज मियां की आम चादर पोशी में उमड़े अकीदतमंद

## सालाना 55 वां उर्स का आज दूसरा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** मुर्शिद नगर भैसोड़ी शरीफ मे चल रहे हजरत ख्वाजा सूफी अब्दुल अजीज मियां 55 वां सालाना उर्स मे आज आम चादरपोशी के मौके पर अकीकतमंदो का हुजूम उमड़ पड़ा। तहसील क्षेत्र के ग्राम मुर्शीद नगर भैसोड़ी शरीफ मे आज दूसरे दिन शहीद-ए-मिल्लत, अजीजुल औलिया हजरत ख्वाजा सूफी अब्दुल अजीज मियां का 55 वां सालाना उर्स मे आज भी दरगाह के सज्जादा नशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह के आस्ताने से आम चादरपोशी के अलग अलग जुलूस बाद नामज-ए -असर शुरू हुए जो गॉव के विभिन्न मार्गो से घूमते हुआ दरगाह शरीफ पर पहुंचे जुलूस में मौजूद कव्वाल और उलेमा हजरत की शान में नातिया कलाम पेश करते चल रहे थे। दरगाह पर पहुंचने के बाद सज्जाद नशीन ने चादर पोशी की चादरपोशी के बाद मौजूद अकीकत मंदो गुलपोशी भी की उसके बाद दुआ हुई।



इस मौके पर मुल्क में अमन चौन और खुशहाली के लिए दुआ की गई चादरपोशी के बाद बाद नमाज -ए-ईशा महफिले मिलाद शरीफ का आगाज हुआ। जिसमें बाहर से आए उलेमाओ ने अजीजी सिल. सिले के बारे में तफसील से बयानात किए इस मौके पर दरगाह पर महफिले शमा का भी आयोजन हुआ जिसमें दूधराज से आए हुए अकीकतमंदो ने शिरकत की इस मौके पर सज्जाद नशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह सहित सैकड़ो की संख्या मे अकीदत मंद मैजूद रहे।

# जिले में अघोषित बिजली कटौती से जनता बेहाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मे हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती के खिलाफ आज कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमण्डल पूर्व विधायक अफरोज अली खां के नेतृत्व मे अधीक्षण अभियंता विधुत वितरण मण्डल (SE) रामपुर से मिला और ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन कहा गया कि गर्मी के मौसम कि शुरवात हो चुकी है रामपुर मे अघोषित बिजली कटौती से जनता त्रस्त हो चुकी है बिजली कटौती से लोगो के कारोबार भी प्रभावित हो रहे है बिजली आने जाने का कोई वक्त मुकर्रर नहीं है 24 घंटे मे रामपुर को मात्र 12 घण्टे ही बिजली मिल रही है जबकि कागजो मे 24 घण्टे बिजली आपूर्ति दर्शाए जा रही है खासतौर पर दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक सुबह 6 बजे से 8 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप रहती है। जिस कारण लकड़ी कारोबारियो को भी भारी नुकसान होता है दिन मे केवल 6 घंटे ही बिजली मिल रही है जिस कारण आरा मशीनों के संचालन मे काफी दिक्कते आ रही है इस कारण लकड़ी कारोबारी बिजली कि समस्या से जूझ रहे है। जिससे लकड़ी कारोबारियो को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है बिजली विभाग कटौती करने के नये नये बहाने बना रहा है खासतौर पर पहाड़ी गेट, अंगूरी बाग, रजा इंटर कॉलेज, डूंगरपुर, सैफनी, खोद, सैदनगर,सेजनी नानकार बिजली उपकेंद्र का तो बहुत बुरा हाल है यहाँ बिजली 12 घण्टे मे भी आँखे मे चोली का काम करती है।

कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता (SE) रामपुर से अनुरोध किया कि रामपुर में अघोषित बिजली कटौती बंद की जाए और आम जनता को राहत देते हुए 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाए। ज्ञापन पर पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां, जिला उपाध्यक्ष जुबैर खां,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आरिफ अल्वी, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नाजिश खां, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मनी कपूर, सेवादल प्रदेश सचिव सैय्यद विक्की मियाँ, मुस्ववीर खां, महरबान अली, शाहिद अली एडवोकेट, रामगोपाल सैनी,फरीद अहमद खां, नूर मोहम्मद,जगमोहन मोना, बिलाल अंसारी, रूप नरायण आदि मौजूद रहे

# पुलिस ने अवैध गांजे के साथ एक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** पुलिस ने 3 किलो 200 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान की कार्यवाही की। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र के आदेश में एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों की धरपकड को चलाये जा रहे अभियान में पुलिस टीम ने सोमवार सुबह रामपुर मार्ग पर सड़क किनारे आम के बाग में एक आरोपी को प्लास्टिक की बोरी के साथ गिरफ्तार किया।

तलाशी में पुलिस को उसके पास से तीन किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद कुया।

पुलिस ने आरोपी मोनू सैनी पुत्र चोखे लाल निवासी मोहल्ला प्रेमनगर नई बस्ती थाना टाण्डा का चालान कर दिया।

गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक रामकुमार सिंह, सत्यम कुमार, हैड कांस्टेबल राजीव कुमार, कांस्टेबल विनय कुमार शामिल रहे।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी के दूसरे गेट के सामने गली में
सम्पर्क सूत्र 9720093014
7906773314

# ब्रुक बने टी-20, वनडे कैप्टन



**कहाः यह मेरे लिए सम्मान की बात, जोस बटलर की जगह लेंगे**

**लंदन, वार्ता।** हैरी ब्रकू इंग्लैंड की टी-20 और वनडे क्रिकेट टीम के नए कप्तान बनाए गए हैं। म्ब्ठ ने सोमवार को ब्रुक को वाइट बाल कैप्टन बनाने का ऐलान किया। वे जोस बटलर की जगह लेंगे। बटलर ने पिछले महीने चैंपियंस ट्राफी 2025 के बाद कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था। 26 साल के हैरी ब्रुक ने कहा- श्यह मेरे लिए सम्मान की बात है। जब मैं व्हार्फडेल में बर्ले क्रिकेट खेलता था। तब यार्कशायर से खेलने और इंग्लैंड की कप्तानी करने का सपना देखता था। यह मौकों मेरे लिए बहुत मायने रखता है।आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में कप्तानी कर चुके हैं ब्रुक ब्रुक जनवरी 2022 में डेब्यू करने के बाद से इंग्लैंड की वाइट बाल टीम का अहम हिस्सा हैं। वे पिछले एक साल से वनडे और टी-20 टीम के वाइस कैप्टन हैं। उन्होंने सितंबर-2024 में बटलर की गैरमौजूदगी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में इंग्लिश की कप्तानी कर चुके हैं।

वे न्यूजीलैंड में 2018 आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी इंग्लैंड की कप्तानी कर चुके हैं। खराब प्रदर्शन की वजह से बटलर ने कप्तानी छोड़ी थी जोस बटलर ने पिछले महीने चैंपियंस ट्राफी में टीम के खराब प्रदर्शन की वजह से कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने एक मार्च को कराची में टीम के आखिरी ग्रुप स्टेज मैच से पहले कहा था- श्मेरे लिए कप्तानी छोड़ने का यही सही समय है, टीम के लिए भी यही समय है।श इंग्लिश टीम चैंपियंस ट्राफी में एक भी मैच नहीं जीत सकी थी और ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई थी। इतना ही नहीं, टीम 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में नाकआउट स्टेज तक नहीं पहुंच सकी थी।

# पंजाब के खिलाफ मैच में जीत की पटरी पर वापस आना चाहेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**चंडीगढ़, वार्ता।** लगातार मिली तीन हार से तिलमिलायी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ अहम आईपीएल मुकाबले में जीत की राह पर लौटने की हर मुमकिन कोशिश करेगी।

मुंबई इंडियंस पर शानदार जीत के साथ आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत करने वाली सीएसके को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स से उसने मुंह की खाई है। हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है। पांच बार की चैंपियन टीम अब तक खेले गए चार मैचों में अपने 17 खिलाड़ियों का इस्तेमाल कर चुकी है। यह बदलाव स्पष्ट रूप से तय रणनीति की कमी को दर्शाता है। पिछले चार मैचों में 121 रन बनाने वाले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर मुलांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भी निगाहें होंगी। टूर्नामेंट में दस विकेट अपने नाम करने वाले नूर अहमद भी टीम की सबसे बड़ी उम्मीद बने हुए हैं। हालाँकि, रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की फॉर्म और भूमिका और




**हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है**

रविचंद्रन अश्विन की अगुआई में उनके स्पिन विभाग से निराशाजनक वापसी को लेकर सवाल बने हुए हैं। इसके विपरीत, राजस्थान रॉयल्स से 50 रन से हारने के बावजूद पंजाब किंग्स में अधिक एकजुटता दिखी है।

श्रेयस अय्यर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और तीन मैचों में 159 रन बनाए हैं जबकि नेहल वढेरा ने मध्य क्रम में प्रभावित किया है। पीबीकेएस अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल करने के साथ सीएसके पर अपना हालिया दबदबा बनाए रखने के लिए खुद को तैयार करेगी। हालांकि, सीएसके मई 2024 में पीबीकेएस के खिलाफ अपने आखिरी मुकाबले से उत्साहित होगी, जहां उन्होंने 28 रन की जीत दर्ज की थी। रलवद्र जडेजा भी गेंद और बल्ले के अलावा क्षेत्ररक्षक की भूमिका का निर्वहन करेंगे। मैच शामं 7:30 बजे साफ आसमान के नीचे शुरू होने वाला है।

मुलनपुर की पिच ने संतुलन के संकेत दिखाए हैं, लेकिन यह पीछा करने वाली टीमों के पक्ष में है, पिछले सीजन में इस स्थल पर पांच में से तीन मैच पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने जीते थे। दोनों टीमें हार के बाद आई हैं और टूर्नामेंट की लय अधर में लटकी हुई है, ऐसे में मंगलवार का मैच रोमांचक होने की उम्मीद है।

**पंजाब किंग्सः** प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेट कीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, सूर्यांश शेडगे, मार्को जेनसन, लॉकी फर्ग्यूसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह

चेन्नई सुपर किंग्सः रचिन रवींद्र, डेवोन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), विजय शंकर, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेट कीपर), रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, खलील अहमद, मथीशा पथिराना

## टोरंटो-इंटर मियामी के बीच मुकाबला बराबरी पर

**मियामी।** लियोनेल मेसी के पहले हाफ में किए गए गोल के बावजूद इंटर मियामी ने टोरंटो के खिलाफ एमएलएस मैच 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। इतालवी मिडफील्डर फेडेरिको बर्नार्डेस्की ने रविवार को हमवतन लोरेंजो इनसिग्ने के साथ मिलकर फोर्ट लॉडरडेल में शानदार फिनिश के साथ कनाडाई टीम को बढ़त दिलाई। मेसी ने टेलास्को के पास के बाद गोलकीपर सीन जॉनसन को चकमा देते हुए लो ड्राइव को गोल में बदला और अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इंटर मियामी ने दो तिहाई से अधिक समय तक गेंद को अपने कब्जे पर रखा लेकिन जॉनसन ने दूसरे हाफ में लगातार हो रहे हमलों से गोल को रोकने में सफलता हासिल की। उन्होने शानदार गोलकीपिंग का प्रदर्शन करते हुये मैच के दौरान नौ गोल बचाए। इस परिणाम के साथ इंटर मियामी 15 टीमों की ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सूची में छह मैचों में 14 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। टोरंटो अभी तक केवल तीन अंकों के साथ 14वें स्थान पर है।

## एफआईएच प्रतिनिधिमंडल मई में करेगा लॉस एंजिल्स का दौरा

**स्वट्जरलैंड।** एफआईएच का एक प्रतिनिधिमंडल मई में लॉस एंजिल्स का दौरा करेगा। एफआईएच सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एफआईएच पांच से नौ मई के बीच लॉस एंजिल्स में अपना निरीक्षण दौरा करेगा, जिसमें एलए28 और यूएसए फील्ड हॉकी के साथ हॉकी स्थल और संचालन का मूल्यांकन किया जाएगा। हॉकी का आयोजन कार्सन फील्ड्स में होगा, जिसमें टेनिस, रग्बी 7, साइकिलिंग और तीरंदाजी भी आयोजित की जाती है। अध्यक्ष इकराम ने ओलंपिक मंच पर हॉकी को ऊपर उठाने के लिए एलए28 नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुये कहा ह एलए28 के साथ हमारा जुड़ाव नवाचार, विरासत और उत्कृष्टता के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# गिल ने जमकर की सिराज की तारीफ

- गेंदबाजी और फिल्डिंग के दौरान जो ऊर्जा सिराज लाते है वह देखना शानदार है



**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 के 19वें मैच में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल की शानदार पारी से गुजरात की टीम जीतने में कामयाब रही। मैच के बाद गुजरात के कप्तान ने सिराज की जमकर तारीफ की। साथ ही उन्होंने गेंदबाजों को टी20 क्रिकेट में गेमचेंजर बताया। मैच में सिराज ने 17 रन देकर चार विकेट लिए थे। उनके अलावा तेज गेंदबाज प्रसि( ख्रष्णा और बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर ने भी दो-दो विकेट चटकाए। मैच के बाद गिल ने कहा, शगेंदबाज मैच का रूख बदल देते हैं। खासतौर पर इस प्रारूप में। काफी लोग टी20 में बल्लेबाजी और हिटिंग की बात करते हैं, लेकिन हमें लगता है कि मैच गेंदबाजों द्वारा जीते जाते हैं। इसलिए इस फेंचाइजी में गेंदबाजों को काफी तवज्जो दी जाती है।श गिल ने कहा, शहम पूरे मैदान में शाट खेलना चाहते थे। मेरे और वाशिंगटन सुंदर के बीच यही बातचीत हुई थी। सुंदर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में उत्साहित थे, लेकिन इम्पैक्ट प्लेयर नियम के साथ, आपको कई बार अपनी योजनाओं को बदलना पड़ता है। जिस तरह से उन्होंने इस मैच में बल्लेबाजी की वह शानदार थी। हमारे बीच कोई खास बातचीत नहीं हुई। बस हम अच्छे क्रिकेटिंग शाट्स खेलने के बारे में सोच रहे थे। एक बार जब हमने 30-40 रन की साझेदारी कर ली तो हमने खेल खत्म करने का सोचा। गेंदबाजी और फील्डिग के दौरान जो ऊर्जा सिराज लाते हैं, वह देखना शानदार है। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने हैदराबाद की पिच पर ही सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा, श्यह हैदराबाद का पारंपरिक विकेट नहीं है। यहां गेंद स्किड हो रही थी, लेकिन हैदराबाद का पारंपरिक विकेट थोड़ा कठोर है। इस पिच पर खेलना बहुत मुश्किल था। अंत में यह विकेट उतना स्पिन भी नहीं कर रहा था जैसा हमने सोचा था। हमारा स्कोर भी अच्छा नहीं रहा, लेकिन उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। उनकी तेज गेंदबाजी को भी इस मैच में खेलना थोड़ा मुश्किल था। चार महीने बाद मैदान पर वापसी के लिए तैयार बुमराह, मैच से पहले अभ्यास सत्र में दमखम से की गेंदबाजी मैच की बात करें तो गुजरात के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी कर रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 20 ओवर में आठ विकेट पर 152 रन ही बनाने दिया। जवाब में कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 61 रन) के अर्द्धशतक और वाशिंगटन सुंदर (49 रन) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 90 रन की साझेदारी की बदौलत गुजरात ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की। गिल और शेरफाने रदरफोर्ड (नाबाद 35 रन, 16 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के बीच चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी हुई। गुजरात ने 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर जीत हासिल की।

# एलएसजी के खिलाफ लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी केकेआर

**केकेआर की वापसी में उसकी संतुलित गेंदबाजी का अहम योगदान है**

**कोलकाता, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफर 80 रनों की एकतरफा जीत से उत्साहित कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)के 21वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपने घरेलू मैदान पर गत विजेता की शानदार जीत ने न केवल उसे अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया, बल्कि टीम में विश्वास भी जगा है, जो कि पहले के मैचों में नजर नहीं आ रहा था। केकेआर को नेट रन रेट अब +0-070 पर है जिसको देखते हुये मौजूदा सत्र में टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुयी है। केकेआर की वापसी में उसकी संतुलित गेंदबाजी का अहम योगदान है, खासकर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन की स्पिन जोड़ी ने एसआरएच को जीत से दूर कर दिया। लखनऊ की टीम के खिलाफ भी दोनो फिरकी गेंदबाजों के आठ ओवर आकर्षण का केंद्र होंगे। लखनऊ की टीम बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। वेंकटेश अय्यर ने एसआरएच के खिलाफ 29 गेंदों पर 60 रन बनाए जबकि अंगकृष रघुवंशी ने 50 रनों की पारी खेली, जिससे केकेआर के बल्लेबाजी क्रम को आत्मविश्वास मिला। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शीर्ष क्रम को संभाला वहीं फिनिसर्स के तौर पर माने जाने वाले रिंकू सिंह से टीम को एक मजबूती प्रदान हुई है। सलामी बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन नंबर 3 और 4 पर स्थिरता ने उस दबाव को कुछ हद तक कम कर दिया है। इस बीच, एलएसजी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 रनों की मामूली जीत दर्ज की और तालिका में छठे स्थान पर है। निक. ोलस पूरन 218-47 के शानदार स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाकर इस सीज़न में उनके सबसे लगातार बल्लेबाज़ बने हुए हैं, लेकिन बाकी बल्लेबाज़ी क्रम अभी तक एक साथ नहीं चल पाया है। पिछले मैच में हालांकि मिशेल मार्श के अर्द्धशतक ने हौसला बढ़ाया है, लेकिन ऋषभ पंत और डेविड मिलर का लगातार खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय है। गेंदबाजी के मोर्चे पर, शार्दुल ठाकुर एलएसजी के लिए विकेट लेने वालों में से रहे हैं, लेकिन उनकी इकॉनमी चिंता का विषय बनी हुई है। रवि बिश्नोई और युवा दिग्वेश सिंह राठी को बीच के ओवरों में खास भूमिका निभानी होगी। ईडन गार्डन्स की पिच स्पिनरों के अनुकूल है और धैर्य से खेलने पर फायदा हो सकता है, इसलिए मंगलवार का मुकाबला इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रत्येक टीम बीच के ओवरों में कितनी अच्छी तरह से संभलकर खेलती है। शाम को हल्की नमी के साथ मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है।

**केकेआर** की टीम में क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा है और प्रभावशाली खिलाड़ी के तौर पर अंगकृष रघुवंशी को रखा गया है। **एलएसजी** की टीम में मार्कराम, मिशेल मार्श, पूरन, पंत (कप्तान व विकेटकीपर), आयुष, डेविड, अब्दुल समद, शार्दुल, दिग्वेश सिंह राठी, आकाश दीप, अवेश खान को लिया।

# पीएम ने देश में नई खेल संस्कृति को दिया बढ़ावा : योगी

- पहली बार किसी प्रतियोगिता में 1341 खिलाड़ी भाग ले रहे है

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक नई खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट के साथ हर जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के केंद्र इस बात के उदाहरण हैं। योगी ने यहां 35वीं वाहिनी पीएसी,लखनऊ में पहली अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर (हैंडबॉल/बास्केटबॉल) 2024-25 के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि इन सभी कार्यक्रमों को ध्यान में रख करके ही देश में ऑल इंडिया पुलिस के टूर्नामेंट के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की श्रृंखला प्रारंभ हुई है। आज से अगले पांच दिनों तक ऑल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर- 2025 का आयोजन लखनऊ में होने जा रहा है जिसेमें केंद्रीय बलों और विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों से जुड़े हुई 75 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता में 1,341 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इसमें 336 महिला खिलाड़ी भी हिस्सेदार बनने जा रही हैं। उन्होने कहा कि पहली बार किसी प्रतियोगिता में 75 से अधिक टीमें और 1,341 खिलाड़ी एक साथ प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रदेश की राजधानी में देश भर से पूर्वोत्तर के सुदूर मणिपुर से लेकर करके केरल और तमिलनाडु की टीम, जम्मू कश्मीर से लेकर करके तेलंगाना की टीम, वेस्ट बंगाल की टीमें आयोजन का हिस्सा बन करके इसे नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगी। प्रतियोगिता एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए देश ने एक नई खेल संस्कृति को आगे बढ़ाया है। उसी का परिणाम है कि खेलकूद भी व्यक्ति के जीवन को सजाने और संवारने का माध्यम बन रहा है। सरकार ने प्रदेश में खेल नीति लागू की है। पिछले पांच वर्षों में अकेले प्रदेश पुलिस विभाग ने 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी सुनिश्चित की है।

# बीजीटी की जंग आईपीएल में भी जारी

**हेड को सिराज ने पहले ओवर में किया आउट, चयनकर्ताओं को भी दिया जवाब**

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 में मोहम्मद सिराज का शानदार फार्म जारी है। रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में घातक गेंदबाजी के बाद अब सिराज ने सनराइजर्स को उनके घर हैदराबाद में हार का स्वाद चखाया। चिन्नास्वामी सिराज की पूर्व टीम का होम ग्राउंड है तो हैदराबाद उनका असली होम ग्राउंड। इन दोनों जगहों पर खूब रन बनते हैं, लेकिन सिराज ने दिखा दिया कि वह क्यों मौजूदा समय के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक हैं। सिराज ने आरसीबी के खिलाफ 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे, जबकि हैदराबाद के खिलाफ 17 रन देकर चार विकेट लिए। यह उनका आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन भी है। इतना ही नहीं सिराज ने ट्रेविस हेड को पारी के पहले ओवर में ही पवेलियन भेज दिया। चैंपियंस ट्राफी जीतने वाली भारतीय टीम में नहीं शामिल नहीं किए जाने के बाद उन्होंने अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को भी जवाब दिया है। दरअसल, पिछले साल आस्ट्रेलिया दौरे पर सिराज और हेड के बीच जंग देखने को मिली थी। दोनों मैदान पर भिड़ गए थे। इसके बाद सीरीज खत्म होने तक यह ड्रामा जारी रहा था। अब यही जंग आईपीएल में भी देखने को मिली। इस मैच से पहले हेड ने आईपीएल में कभी सिराज का सामना नहीं किया था।

# अव्याना बनीं अंडर-17 की राज्य शतरंज चैंपियन

**अव्याना ढिल्लो ने कुल 5 में से कुल 4.5 अंक अर्जित किए**

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-7 बालिका वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब देवरिया की नन्ही अव्याना ढिल्लों ने अपने नाम कर लिया है। उप्र शतरंज खेल सौर के सचिव एके रायजादा ने सोमवार को यहां बताया कि सीता. पुर में हाल ही में सम्पन्न हुई उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-7 बालिका वर्ग शतरंज चैंपियनशिप-2025 में अव्याना ढिल्लों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। अव्याना ने कुल 5 में से 4-5 अंक अर्जित किए और प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अव्याना ने अपने विजय अभियान में गौरी सक्सेना, राध्या नारंग और कस्वि को पराजित किया, जबकि अंतिम चक्र में उन्होंने आरना त्रिपाठी से ड्रा खेला। इस बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अव्याना को अब नेशनल अंडर-7 गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। अव्याना देवरिया की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की सुपुत्री हैं। वे न केवल शतरंज में उत्कृष्ट हैं।




# इशांत पर आईपीएल आचार संहिता उल्लंघन में लगा जुर्माना



**हैदराबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार रात यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। इशांत ने अनुच्छेद 2-2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकारा है। गौरतलब है कि आईपीएल आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम होता है। इस बीच, रविवार को गुजरात टाइटन्स ने कप्तान शुभमन गिल के शानदार अर्द्धशतक और शेरफेन रदरफोर्ड के पावर-पैक फिनिश के साथ मोहम्मद सिराज के तेजतर्रार चार विकेट के बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

## तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाक पर जुर्माना

**माउंट माउंगानुई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के जेफ क्रो ने यह जुर्माना लगाया। मोहम्मद रिजवान की टीम को समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य से एक ओवर कम होने का फैसला सुनाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। आईसीसी मीडिया बयान के अनुसार, रिजवान ने अपराध के लिए दोषी होने की दलील दी और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया।

# आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को दिया 222 का लक्ष्य

- विराट कोहली 67 और देवदत्त 37 के बीच 91 रनों की शानदार साझेदारी हुई

**मुबंई, वार्ता।** विराट कोहली (67)देवदत्त पड्डिक्कल (37) के बीच 91 रन और कप्तान रजत पाटीदार (62) -जितेश शर्मा (40 नाबाद) के बीच 69 रन की विस्फोटक साझीदारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 21वें मैच में सोमवार को मुबंई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ पांच विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा कर लिया। कोहली आज मैच के शुरु से ही आक्रामक अंदाज में थे। फिल साल्ट (4) का विकेट पहले ही ओवर में गिरने के बावजूद उन्होने पॉवर प्ले का भरपूर फायदा उठाते हुए मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। कोहली के रुख को भांपते हुये कप्तान हार्दिक पांड्या ने ट्रेंट बोल्ट को हटा कर स्पिनर विल जैक्स को गेंद थमायी मगर कोहली पर उसका कोई असर नहीं हुआ। दोनो बल्लेबाजों ने नौवें ओवर तक स्कोर को 95 रन पर पहुंचा दिया। इस बीच पढिक्कल विग्नेश पुथुर की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। नये बल्लेबाज पाटीदार ने कोहली के साथ मिल कर मुबंई के गेंदबाजों की धुनायी जारी रखी। इस बीच अपना कोहली ने अपना अर्धशतक पूरा किया। पारी के 15वें ओवर में कोहली हार्दिक पांड्या की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद को खेलने के प्रयास में डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े नमन धीर को आसान कैच थमा बैठे। अपनी अर्द्धशतकीय पारी के दौरान कोहली ने 42 गेंद खेलकर आठ चौके और दो छक्के लगाये। कोहली ने इस मैच में टी20 क्रिकेट करियर में अपने 13 हजार रन भी पूरे कर लिए। बेंगलुरु के लिए दूसरी विस्फोटक साझीदारी पाटीदार और विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के बीच बनी। दोनो बल्लेबाजों ने दर्शनीय शाट खेलकर मैदान पर शमा बांध दिया। दोनो बल्लेबाजों ने मात्र27 गें. दों में 69 रन की साझीदारी कर ली। इस बीच बोल्ट की गेंद पर शाट मारने की कोशश में पाटीदार विकेट के पीछे धरे गए। विकेटकीपर रायन रिकलटन ने काफी दूर जाकर उनका कैच पकड़ा।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

# महंगाई के झटके जारी

विभिन्न तरह की समस्याओं से जूझ रही देश की जनता को महंगाई का बड़ा झटका लगा है। महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी के रसोई घर पर हमला किया है। रसोई गैस का सिलेंडर अब और महंगा खरीदना पड़ेगा। सरकारी क्षेत्र की तेल वितरण कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) के मूल्य में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। इतना ही नहीं उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों ग्राहकों के लिए गैस की कीमत में भी वृद्धि की गई है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी। हालांकि राहत वाली बात मानी जा सकती है कि पेट्रोल-डीजल के दाम अभी नहीं बढ़ेंगे। बताते चलें कि तेल कंपनियां हर महीने पिछले महीने के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों, एक्सचेंज रेट और अन्य लागतों के आधार पर एलपीजी की बेस प्राइस तय करती हैं। इसके बाद टैक्स, ट्रांसपोर्ट, और डीलर कमीशन जोड़कर खुदरा मूल्य निकाला जाता है। सब्सिडी वाले सिलेंडर के लिए सरकार अंतर की भरपाई करती है, जबकि गैर-सब्सिडी वाले सिलेंडर की पूरी कीमत ग्राहक चुकाता है। कंपनियों के निर्णय के अनुसार सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का भाव 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी उपभोक्तओं के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। सरकार का कहना है कि इन कीमतों की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में कमी की उम्मीद की जा रही है। इससे देश में एलपीजी सिलेंडर के भाव भी कम होने की उम्मीद की जा सकती है। उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। हालांकि आम आदमी के लिए राहत वाली बात मानी जा सकती है कि पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। केंद्र सरकार ने पेट्रोल -डीजल पर एक्साइज ड्यूटी दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी है। द ये भी साफ किया कि इससे पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। ये खर्चा पेट्रोलियम कंपनियां उठाएंगी। अभी सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपये लीटर और डीजल पर 15.80 रुपये लीटर एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है। इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पर 21.90 रुपये लीटर और डीजल पर 17.80 रुपये लीटर ड्यटी लगेगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ड्यूटी को कच्चे तेल की घटी कीमतों से एडजस्ट किया जाएगा।सरकार भले ही सफाई देकर आम आदमी को बहलाने की कोशिश करती रहे, लेकिन इस सच को झुठलाया नहीं जा सकता कि केंद्र सरकार अभी तक आम आदमी को महंगाई की मार से निजात दिलाने में पूरी तरह से नाकाम नजर आई है

## साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं



महात्मा बुद्ध व बाबासाहेब जैसे महापुरुष की प्रतिमाओं को हटाने पर सीतापुर में हुआ विवाद एक बड़ी सियासी साजिश की ओर इशारा कर रहा है, सब जानते हैं कि वो कौन हैं, जिनके इशारे पर प्रशासन ऐसा प्रहार कर रहा है, शोषित-वंचित समाज की जागरूकता नई चेतना बनकर उभर रही है, इन साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं बची है, भाजपा षड्यन्त्रकारी पार्टी है, समाज में नफरत फैलाती है, सामाजिक सद्भाव बिगाड़ती है, भाजपा पीडीए विरोधी है, भाजपा ने पीडीए के हर सम्मान और आरक्षण को छीना है, पीडीए की एकजुटता से भाजपा के लोग घबराए हुए हैं, भाजपा सरकार में पीडीए के साथ षड्यंत्र हो रहा है। समाजवादी पार्टी पीडीए के साथ बाबा साहब के विरोत्तियों का हर स्तर पर मुकाबला करने को तैयार है।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# टैरिफ बम की बारिश में भारत व चीन 1 अप्रैल 1950 का दिन भूल गए

**1 अप्रैल 1950 को भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला गैर-समाजवादी ब्लॉक देश बन गया, कुछ ही दिनों में हम इस रिश्ते की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे, दो दिग्गज देश चीन और भारत इस विशाल और विविधतापूर्ण भूभाग के हृदय में बसे हैं उनकी नियति एक-दूसरे से अपरिवर्तनीय रूप से जुड़ी हुई है**



**अशोक भाटिया**



दरअसल पूरे सप्ताह डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ बम की बारिश में एक महत्वपूर्ण तारीख की अनदेखी होने की उम्मीद थी, लेकिन अमेरिकी शासकों के वर्तमान सिंहपर्णी काल के मद्देनजर उस घटना के महत्व को अब भी उजागर किया जाना चाहिए। वह तारीख 1 अप्रैल थी, ठीक 75 साल पहले, 1 अप्रैल, 1950 को, जब भारत और चीन के बीच आधिकारिक राजनयिक संबंध स्थापित हुए तब भारत में पंडित जवाहरलाल नेहरू के रूप में एक ऐसा नेता थे जिसकी वैश्विक छाप थी। अंग्रेजों को गए अभी तीन साल ही हुए थे, इसलिए कुछ हद तक पश्चिमी मुख्यधारा का मीडिया भारत पर ध्यान दे रहा था। यह संभावना नहीं थी कि भारत और चीन भविष्य में सबसे अधिक आबादी वाले देश और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं बन जाएंगे। दूसरा देश कुशल श्रम का सबसे बड़ा निर्यातक है, और कई मामलों में दुनिया का अग्रणी बाजार है।

अलग-अलग समय पर विभिन्न चीनी शासकों ने यह देखने की इच्छा व्यक्त की कि अगर ये दोनों देश एक साथ आते हैं तो क्या होगा। गौरतलब है कि 1 अप्रैल, 1950 को भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला गैर-समाजवादी ब्लॉक देश बन गया। कुछ ही दिनों में हम इस रिश्ते की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। दो दिग्गज देश-चीन और भारत-इस विशाल और विविधतापूर्ण भूभाग के हृदय में बसे हैं, उनकी नियति एक-दूसरे से अपरिवर्तनीय रूप से जुड़ी हुई है। जैसा कि वांग यी ने उल्लेख किया, माओ ने चीन और भारत के सामंजस्यपूर्ण ढंग से मिलकर काम करने के महत्व का वर्णन करने के लिए 'ड्रैगन और हाथी के सहकारी पा डे डेक्स' के रूपक का उपयोग किया। 300 बिलियन से अधिक आबादी वाले ये देश न केवल एशिया बल्कि पूरी दुनिया के भविष्य को आकार देने की शक्ति रखते हैं। फिर भी, उनके आर्थिक उत्थान और गहरे ऐतिहासिक संबंधों के बावजूद, उनके रिश्ते में गहरी उलझन बनी हुई है, जो संदेह, असुरक्षा और संघर्ष की एक अनसुलझी विरासत से भरी हुई है। अगर एशिया में शांति बनी रहनी है, तो यह इस सवाल पर निर्भर करता है। क्या भारत और चीन इतिहास के बोझ को कम कर सकते हैं और सहयोग, सम्मान और स्थिरता का भविष्य बना सकते हैं?

फिर भी, हाल के महीनों में बदलाव के संकेत मिले हैं। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की ज़रूरत दोहराई-यह एक ऐसा बयान था जो वैश्विक व्यवस्था की वास्तविकता को स्वीकार करता है और इस बात की मौन स्वीकृति भी है कि भारत और चीन के बीच संघर्ष न केवल एशिया के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी होगा। भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने के अपने प्रयास में मोदी, चीन के साथ संबंधों को स्थिर करने के महत्व के प्रति पूरी तरह जागरूक हो गए हैं, तथा मतभेद की जगह संवाद, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक फोकस को प्राथमिकता दे रहे हैं। अतीत को दरकिनार कर भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने के अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण के प्रति उनके जोर को घरेलू स्तर पर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।

अपने देश के उत्थान से उत्साहित भारतीय राष्ट्रवादियों ने चीन के साथ रिश्ते बनाने की समझदारी पर सवाल उठाया है और सरकार पर भारत की संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया है। लेकिन यह एक ज़रूरी बातचीत है-जो पक्षपातपूर्ण राजनीति और कट्टर राष्ट्रवाद से परे है, और इस बात पर ध्यान केंद्रित करती है कि भारत और पूरे एशिया के लिए क्या सबसे अच्छा है। वास्तव में, शुरू से ही चीन भारत का प्रतिद्वंद्वी था। आज इसे बहुत अवमानना से बदल दिया गया हो सकता है। आज, यहां के लोग अक्सर आश्चर्य करते हैं कि क्यों। यद्यपि भारत को चीनी सरकार के माध्यम से एक 'अक्षम, आलसी' देश के रूप में वर्णित किया जाता है, भारत का महत्व एक सीमा से परे है, पहली सोवियत रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका नई सहस्राब्दी में, कमोबेश यूरोप, हमेशा जापान। चीनी नेतृत्व इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर सकता और न ही इंकार कर सकता है कि यह हाल के दिनों में अरब राज्यों की नजर में हमेशा रहा है!

चीन ने तिब्बत के ब्रिटिश सीमांकन को मंजूरी नहीं दी। जापान ने चीन पर कई आक्रमण किए यहां तक कि कई वर्षों तक अधिकांश क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। चीन आज उस पुराने 'दर्द' को जला रहा है, क्योंकि उसके राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पिछले दशक में चीनी आधिपत्य में चीनी संस्कृतिवाद को जोड़ा। 1995 तक, चीन की अर्थव्यवस्था गति और विस्तार के मापदंडों पर भारत से पीछे थी। मानव इतिहास में यह दूसरा उदाहरण नहीं है कि किसी देश ने किसी भी देश पर आक्रमण किए बिना 20 वर्षों की अवधि में इतनी तेजी से आर्थिक प्रगति की है। चीन की प्रगति न केवल आर्थिक मोर्चे पर थी, यह तकनीकी प्रगति पर हावी थी, न ही यह सैन्य बल वृद्धि से प्रेरित थी। अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें, लड़ाकू विमान, लड़ाकू युद्धपोतों और लंबी दूरी की पनडुब्बियों को चीन की जनसांख्यिकीय और तकनीकी क्षमताओं के संयोजन के माध्यम से बड़े पैमाने पर और तेजी से बनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध में, जहां रूस का महत्व कम हो गया था और यह धारणा थी कि संयुक्त राज्य अमेरिका अब दुश्मन नहीं था, चीन ने आसानी से उस स्थान पर कब्जा कर लिया। आज, व्यापार युद्ध में और रणनीतिक संदर्भ में, यह सुनिश्चित करने के लिए नीतियां निर्धारित की जाती हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका चीन से डरता है। यह भी सच है कि इस अवधि के दौरान भारत बहुत पिछड़ रहा था। यही है, अर्थव्यवस्था का भी विस्तार हो रहा था, लेकिन चीन की दौड़ की तुलना में, हम केवल डुडुडुडु चला रहे थे। 1962 के युद्ध में, चीन ने भारत के कुछ क्षेत्रों पर कब्जा करने की कोशिश की। यह कुछ हद तक सफल रहा। शी के युद्ध के कारण, चीन ने पूर्वी लद्दाख, विशेष रूप से पूर्वी लद्दाख के हिस्से पर कब्जा करने की कोशिश की। यह सच था कि यह भारत सरकार और सेना की सतर्कता से उचित था। लेकिन यह भी सच है कि 2020 में आक्रामक हुए चीन ने 2023 के अंत में और 2024 में खुद ही बातचीत शुरू कर दी थी। ऐसा क्यों होना चाहिए था? इससे पता चलता है कि भारत के मामले में चीनी शासकों की नीति में कोई संगति नहीं है। कभी अवमानना, कभी अवमानना, कभी सम्मान होता है। ऐसा लगता है कि 'सम्मान अवधि' होनी चाहिए। पिछले साल चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका से आगे निकल गया। लेकिन इस व्यापार में भी, इस व्यापार में चीन का हिस्सा 85.1 बिलियन डॉलर जितना बड़ा है। बातचीत के माध्यम से विवादास्पद मुद्दों को हल करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने की चीन की बात हाल ही में बढ़ रही है। पाकिस्तान के अलावा, चीन का कोई भी सहयोगी भारत के प्रति सीधे शत्रुतापूर्ण नहीं है।

# बुलढाणा में फैली गंजेपन की समस्या...

**अर्पिता व्यास**

**लोगों में बाल झड़ने की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं, तीन दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे, चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया, त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है, प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है, उसके बाद बाल पतले होने लगते हैं। फिर 3 दिनों में पूरे बाल झड़ जाते है और पूरी तरह गंजापन आ जाता है, यहां तक कि दाढ़ी के बाल भी गिर जाते हैं**

पिछले दिनों महाराष्ट्र के बुलढाणा ज़िले के गांवों में लोगों में बालों के झड़ने की एक विचित्र घटना सामने आई। बुलढाणा ज़िले के शेगांव तालुका में अचानक लोगों के बाल झड़ने लगे। यह महिलाओं और पुरुषों दोनों में देखा गया। गांव के लोग अटकलें लगाने लगे कि यह किसी वायरस की वजह से हो रहा है। तत्काल हुई जांचों में पता चला कि बोंडगांव और खातखेड़ के पानी में नाइट्रेट काफी ज्यादा मात्रा में है और साथ ही उसमें कुल घुलित लवण यानी **TDS** भी अधिक था। यह पता लगा कि पानी पीने के लिए सही नहीं है। यह अनुमान लगाया गया कि शायद यही बाल झड़ने का कारण हो सकता है।


लोगों में बाल झड़ने की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। 3 दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे। चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया। त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है। प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है, उसके बाद बाल पतले होने लगते हैं। फिर 3 दिनों में पूरे बाल झड़ जाते है और पूरी तरह गंजापन आ जाता है। यहां तक कि दाढ़ी के बाल भी गिर जाते हैं।

हालांकि संदूषित पानी को ही कारण माना जा रहा था फिर भी जांच आगे जारी रखी गई। त्वचा और पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए। पानी के अत्यधिक संदूषित होने के

**3 दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे, चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया, त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है, प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है**

कारण उसका उपयोग प्रतिबंधित करके गांव वालों के लिए दूसरे स्रोतों से पानी उपलब्ध करवाया गया। अन्य स्रोत से पानी देने लगे तो लगा कि अब और मामले नहीं बढ़ेंगे लेकिन मामले तो बढ़ते ही जा रहे थे। पूर्व में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (**ICMR**) से आई टीम ने जांच में पाया था कि प्रभावित लोगों में सेलेनियम की मात्रा अधिक है जो शायद बालों के झड़ने का कारण है। सेलेनियम राशन की दुकान से वितरित गेहूं में अधिक पाया गया था। अलबत्ता, टीम ने पक्का निष्कर्ष नहीं दिया था कि यही बाल झड़ने का कारण है। गेहूं के नमूने जांच के लिए वारणी एनालिटिक्स लैब, ठाणे पहुंचाए गए। वहां बिना धुले गेहूं में सेलेनियम 14.52 मि.ग्रा./कि.ग्रा पाया गया और धुले हुए गेहूं में 13.61 मि.ग्रा./कि.ग्रा जबकि गेहूं में सेलेनियम की सामान्य मात्रा 0.1 से 1.9 मि.ग्रा./कि.ग्रा होती है। यानी इस गेहूं में सेलेनियम की मात्रा सामान्य अधिकतम मात्रा से 8 गुना अधिक थी। राशन के गेहूं के पैकेट्स को चेक किया गया तो देखा कि ये पंजाब से आए थे।

इसी तरह, 2000 के दशक के शुरू में पंजाब के दो ज़िलों होशियारपुर और नवांशहर में भी बालों के झड़ने की घटनाएं हुई थीं। ये दोनों ज़िले शिवालिक पर्वतों की तराई में स्थित हैं। तब यहां सेलेनियम नदियों की बाढ़ से आए पानी के साथ आया था। एक अन्य रिपोर्ट में प्रभावित लोगों के खून में ज़िंक की कमी भी पाई गई जो बालों की वृद्धि लिए उत्तरदाई है। सेलेनियम की वृद्धि और ज़िंक की कमी, दोनों कारणों से बाल झड़ने की घटनाएं हुई। 15 गांव के लगभग 300 लोग प्रभावित हुए। अच्छी बात यह है कि कुछ वक्त में लोगों के बाल वापस आ गए क्योंकि बालों की जड़ें सलामत थीं।




# वक्फ कानून में संशोधन किस लिए...

**विनीत नारायण**



**देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा**




वक्फ संशोधन बिल, जिसे हाल ही में भारतीय संसद में पेश किया गया और 2-3 अप्रैल 2025 को लोकसभा और राज्यसभा से पारित किया गया, देश में एक गहन बहस का विषय बन गया है। यह बिल 1995 के वक्फ अधिनियम में संशोधन करने और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और समावेशी बनाने का दावा करता है। सरकार इसे एक प्रगतिशील कदम के रूप में पेश कर रही है, जबकि विपक्ष और कई मुस्लिम संगठन इसे धार्मिक स्वायत्तता पर हमला मानते हैं। इस लेख में हम इस बिल के समर्थन और विरोध के तर्कों को तटस्थ दृष्टिकोण से देखेंगे और इसके संभावित प्रभावों का आकलन करेंगे।

वक्फ एक इस्लामी परंपरा है जिसमें कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति को धार्मिक, शैक्षिक या परोपकारी उद्देश्यों के लिए समर्पित कर देता है। भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन 1995 के वक्फ अधिनियम के तहत होता है, जिसके अंतर्गत राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद कार्य करते हैं। वक्फ संशोधन बिल 2024 में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं, जैसे वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम और महिला सदस्यों की अनिवार्यता, संपत्ति सर्वेक्षण के लिए कलेक्टर की भूमिका और विवादों में हाई कोर्ट की अपील का प्रावधान। सरकार का कहना है कि यह बिल वक्फ प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही लाएगा, जबकि विरोधी इसे वक्फ की मूल भावना के खिलाफ मानते हैं। इस बिल का समर्थन करने वाले जो तर्क देते हैं उनका कहना है कि वक्फ बोर्डों में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन की शिकायतें लंबे समय से चली आ रही हैं। देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं, जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है, लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा। कलेक्टर द्वारा संपत्ति सर्वेक्षण और रिकॉर्ड डिजिटलीकरण जैसे प्रावधानों से इन संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन संभव होगा। बिल में वक्फ बोर्ड में कम से कम दो महिलाओं और गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने का प्रावधान भी है। समर्थकों का तर्क है कि इससे बोर्ड में लैंगिक और सामाजिक समावेशिता बढ़ेगी। विशेष रूप से पसमांदा मुस्लिम समुदाय, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा है, इस बिल का समर्थन करता है, क्योंकि उनका मानना है कि मौजूदा व्यवस्था में धनी और प्रभावशाली लोग वक्फ संपत्तियों पर कब्जा जमाए हुए हैं। पहले वक्फ ट्रिब्यूनल का फैसला अंतिम माना जाता था, जिसे अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती थी। नए बिल में हाई कोर्ट में अपील का अधिकार दिया गया है, जिसे समर्थक संविधान के अनुरूप और न्यायसंगत मानते हैं। उनका कहना है कि इससे वक्फ बोर्ड के मनमाने फैसलों पर अंकुश लगेगा। बिल में यह शर्त भी जोड़ी गई है कि बिना दान के कोई संपत्ति वक्फ की नहीं मानी जाएगी। समर्थकों का कहना है कि इससे उन मामलों में कमी आएगी जहां वक्फ बोर्ड बिना ठोस सबूत के संपत्तियों पर दावा करता था, जिससे आम लोगों को परेशानी होती थी।

वहीं इस बिल के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और विपक्षी दलों का कहना है कि यह बिल वक्फ की मूल भावना को कमजोर करता है। वक्फ एक धार्मिक परंपरा है और इसमें गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना इसकी पवित्रता को नुकसान पहुंचाएगा। उनका यह भी आरोप है कि सरकार वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने की योजना बना रही है। बिल में कलेक्टर को वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण करने और उनकी स्थिति तय करने का अधिकार दिया गया है। विरोधियों का कहना है कि यह एक सरकारी हस्तक्षेप है, जो वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता को खत्म कर देगा। उनका तर्क है कि कलेक्टर, जो ज्यादातर गैर-मुस्लिम हो सकता है, वक्फ के धार्मिक महत्व को नहीं समझ पाएगा। विपक्ष का दावा है कि यह बिल संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन करता है, जो धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन का अधिकार देता है। उनका कहना है कि वक्फ एक इस्लामी परंपरा है और इसमें सरकारी दखल अल्पसंख्यक अधिकारों पर हमला है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य संगठनों ने बिल के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किए हैं। ईद और जुमातुल विदा जैसे अवसरों पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने की अपील इसका उदाहरण है। विरोधियों का कहना है कि यह बिल मुस्लिम समुदाय को अपने ही धर्म से दूर करने की साजिश है। वक्फ संशोधन बिल के लागू होने से कई सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। यदि यह पारदर्शिता और समावेशिता को बढ़ाता है, तो वक्फ संपत्तियों का उपयोग गरीब मुस्लिमों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए बेहतर तरीके से हो सकता है। दूसरी ओर, यदि यह धार्मिक स्वायत्तता को कमजोर करता है या सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाता है, तो इससे मुस्लिम समुदाय में असंतोष और अविश्वास बढ़ सकता है। राजनीतिक दृष्टिकोण से यह बिल सत्तारूढ़ एनडीए के लिए एक जोखिम भरा कदम है।

जहां बीजेपी इसे हिंदू मतदाताओं के बीच वक्फ बोर्ड की कथित मनमानी के खिलाफ एक कदम के रूप में पेश कर सकती है, वहीं सहयोगी दल जैसे जेडीयू, टीडीपी और आरएलडी को अपने मुस्लिम समर्थकों के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। यदि मोदी सरकार संसद में बहुमत के चलते इस बिल को अपने पिछले दो कार्यकालों में बड़े आराम से ला सकती थी। लेकिन तीसरे कार्यकाल में इस बिल को लाकर भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को पशोपेश में डाल दिया है। वक्फ संशोधन बिल एक जटिल मुद्दा है, जिसमें सुधार की आवश्यकता और धार्मिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। समर्थकों के लिए यह भ्रष्टाचार को खत्म करने और वक्फ को आधुनिक बनाने का अवसर है, जबकि विरोधियों के लिए यह धार्मिक पहचान और स्वायत्तता पर हमला है। सच्चाई शायद इन दोनों के बीच कहीं छिपी है। इस बिल का असली प्रभाव इसके कार्यान्वयन पर निर्भर करेगा। यदि सरकार इसे संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ लागू करती है, तो यह एक सकारात्मक बदलाव ला सकता है। लेकिन यदि इसे जल्दबाजी या राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया गया, तो यह सामाजिक तनाव को और गहरा सकता है। अंततः इस बिल की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि यह वक्फ की मूल भावना को कितना सम्मान देता है और समाज के सभी वर्गों को कितना लाभ पहुंचाता है।

# मकड़ियों की पतली कमर

कई लोगों को मकड़ियों से नफरत होती है और कई लोगों को उनसे डर भी लगता है-इसी भावना को व्यक्त करने के लिए बना है शब्द एरेक्नेफोबिया। लेकिन वैज्ञानिकों को मकड़ियों की एक बात आकर्षित करती है-उनकी पतली कमर। कहते तो यहां तक हैं कि जिस रेत-घड़ीनुमा फिगर की कामना कई तारिकाएं करती हैं, वह मकड़ियों को तो सहज ही मिल गया है। और अब प्लॉस बायोलॉजी में प्रकाशित एक शोध पत्र बताता है कि इसके लिए मकड़ियों को डाइटिंग वगैरह नहीं करना पड़ता, बल्कि यह एक प्राचीन जीन का कमाल है। इस शोध पत्र के लेखकों-विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय की एमिली सेटन और उनके साथियों-ने दक्षिण-पूर्वी कोलोरैडो के घास के मैदानों में तफरीह करते हुए टेक्सास ब्राउन टॅरेंटुला (**Aphonopelma hentzi**) नामक मकड़ी के भ्रूण इकट्ठे किए। इन भ्रूणों के जीनोम के अनुक्रमण से उन्हें 12 ऐसे जीन्स मिले जो कमर के दोनों ओर की कोशिकाओं में विकास के दौरान अभिव्यक्त होते हैं। आम घरेलू मकड़ी (**Parasteatoda tepidariorum**) के भ्रूणों में इन 12 जीन्स को एक-एक करके निष्क्रिय करने पर पता चला कि इनमें से एक (जिसे नाम दिया गया है **waist&less**) कमर के उस विशिष्ट पिचके हुए हिस्से के लिए ज़िम्मेदार होता है जो मकड़ी के शरीर को दो भागों में बांटता है। जिन भ्रूणों में यह जीन नहीं होता वे एकदम गोल-मटोल आठ टांग वाली मकड़ी में विकसित हो जाते हैं। शोधकर्ताओं का मत है कि **waista&less** जीन लाखों साल पहले अस्तित्व में आया था और कई प्रजातियों के भ्रूणीय विकास में अहम भूमिका निभाता है। लेकिन कीटों व केंकड़ानुमा जंतुओं ने इसे गंवा दिया। मकड़ियों में यह बना रहा और उन्हें उनकी पतली कमर देता रहा।






# बांग्लादेश ने कोलकाता के पास चीन को सौंपा पोर्ट, भारत चिंतित

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस का भारत विरोधी रवैया जारी है। BIMSTEC समिट में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भी यूनुस सरकार ने चीन और पाकिस्तान को रणनीतिक जगहों पर अहम प्रोजेक्ट सौंप दिए हैं। इनमें एक पोर्ट और एक एयरबेस शामिल है। बांग्लादेश ने भारत के कोलकाता से सिर्फ 200 किमी दूर मोंगला पोर्ट के विस्तार की जिम्मेदारी चीन को दी है। यूनुस की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान इस डील पर मुहर लगी थी। चीन ने इस पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,300 करोड़ रुपये) देने का वादा किया है। वहीं, बांग्लादेशी सरकार लालमोनिरहाट जिले में एक सैन्य एयरबेस बना रही है, जो भारत के चिकन नेक यानी सिलीगुड़ी कॉरिडोर से सिर्फ 120 किमी दूर है। इस एयरबेस के लिए बांग्लादेशी पायलटों को पाकिस्तान भेजा जा रहा है ताकि वे पाकिस्तानी JF-17 फाइटर जेट्स उड़ाना सीख सकें। 27 मार्च को पांच अधिकारियों को ट्रेनिंग के लिए भेजा भी गया। चीन पहले ही बांग्लादेश को पनडुब्बी दे चुका है और अब वह बंगाल की खाड़ी में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान के साथ मिलकर बांग्लादेश की ए सैन्य गतिविधियां भारत की चिंता बढ़ा रही हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने से पहले ही विपक्षी गठबंधन ने इंडिया आउट कैंपेन शुरू कर दिया था। अब यूनुस की पार्टी NCP खुलेआम भारत विरोधी बातें कर रही है। पार्टी के स्थापना दिवस पर पाकिस्तान के हाई कमिश्नर को बुलाना भी इसी एजेंडे का हिस्सा माना जा रहा है। यूनुस ने चीन यात्रा के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड लॉक्ड (चारों ओर से जमीन से घिरे) कहा और कहा कि बांग्लादेश उनके लिए समुद्र तक पहुंच का इकलौता रास्ता है। इस बयान पर पूर्वोत्तर भारत के



नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कुछ ने यहां तक कहा कि बांग्लादेश को तोड़ देना चाहिए। चिटगांव यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय मामलों के प्रोफेसर डॉ. फारिदुल आलम ने कहा कि आज के दौर में किसी बड़े पड़ोसी देश से दुश्मनी रखकर फायदा नहीं हो सकता। सरकार को चाहिए कि वह भारत के साथ शांति बनाए रखे, वरना इसका नुकसान उसे ही होगा।

# अंटार्कटिका में चीन ने नए रेडियो टेलीस्कोप का किया अनावरण

**बीजिंग।** चीन ने वायुमंडलीय क्षेत्र में अपनी ताकत को और मजबूत करने के लिए अहम कदम उठाया है। इसके तहत चीन ने अंटार्कटिका में एक नई दूरबीन का अनावरण किया है, जिससे इस बर्फीले और संसाधन से भरे पूरे महाद्वीप पर उसकी उपस्थिति और भी मजबूत हो गई है। बता दें कि इस दूरबीन का नाम थ्री गार्जेस अंटार्कटिक आई है, और यह 3.2 मीटर एपर्चर वाली रेडियो/मिलीमीटर-वेव दूरबीन है। इसे चीन के थ्री गार्जेस यूनिवर्सिटी (सीटीजीयू) और शंघाई नार्मल यूनिवर्सिटी (एसएचएनयू) द्वारा सह-विकसित किया गया है। इस विषय में जारी विज्ञाप्ति में बताया गया है कि चीन का यह कदम अंटार्कटिक में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह दूरबीन अंटार्कटिका की प्राचीन और शुद्ध वायुमंडलीय स्थितियों का लाभ उठाकर इन्फ्रारेड और मिलीमीटर-कंपन की समीक्षा में



मदद करेगी, जिससे ब्रह्मांडीय घटनाओं का अध्ययन करने में सहायता मिलेगी।

चीन अंटार्कटिका में अपने वैज्ञानिक अनुसंधान को लगातार बढ़ा रहा है। तीन साल पहले 2022 में उसने अपना पांचवां विशाल अनुसंधान स्टेशन शुरू किया था। इस स्टेशन में 5,244 वर्ग मीटर का फर्श क्षेत्र है और यह गर्मियों के दौरान 80 अभियान दल के सदस्यों और सर्दियों में 30 सदस्यों को सहायक सेवाएं प्रदान करने के लिए सुविधाओं से लैस है। गौरतलब है कि वर्तमान में अंटार्कटिका में 70 स्थाई अनुसंधान स्टेशन हैं, जो पृथ्वी के विभिन्न महाद्वीपों के 29 देशों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। भारत के पास अंटार्कटिका में दो सक्रिय अनुसंधान स्टेशन हैं, मैत्री और भारती। वहीं, अमेरिका के पास छह और आस्ट्रेलिया के पास तीन अनुसंधान स्टेशन हैं। हालांकि ध्यान देने योग्य बात ए है कि चीन ने 1983 में अंटार्कटिक संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो अंटार्कटिका को एक प्राकृतिक रिजर्व के रूप में नामित करती है और यहां वाणिज्यिक संसाधन निष्कर्षण को प्रतिबंधित करती है।

# हज से पहले भारत समेत 14 देशों पर लगी बड़ी पाबंदी



**भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों का वीजा रोका, नए नियम तोड़ने पर पांच साल का एंट्री बैन, जिनके पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक पहुंच सकते हैं**

**रियाद।** सऊदी अरब ने बिना रजिस्ट्रेशन हज में शामिल होने वालों को रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। यह रोक अस्थाई है। उमरा, बिजनेस और फैमिली विजिट के लिए मिलने वाले वीजा पर जून महीने के मध्य तक बैन रह सकता है। सऊदी अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों के पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक सऊदी अरब पहुंच सकते हैं। इस साल हज यात्रा 4 जून से 9 जून तक रहेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यात्रियों से नए नियमों का पालन करने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो अगले पांच साल तक सऊदी अरब में उसकी एंट्री पर रोक लगाई जा सकती है। रिपोर्ट्स में कहा गया कि कई विदेशी नागरिक उमरा या विजिट वीजा पर सऊदी अरब आते हैं। वीजा खत्म होने के बाद भी वे गैर-कानूनी तौर पर सऊदी में रुके रहते हैं। इसके बाद वे बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा में हिस्सा लेते हैं। इसी को रोकने के लिए सऊदी सरकार ने यह फैसला लिया है। बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा करने से अधिक. ारियों को श्रद्धालुओं का अंदाजा नहीं लगता है। भीड़ अचानक बढ़ जाती है और गर्मी भी। भीड़ का नियंत्रण करने में भी अधिकारियों को दिक्कत आती है। गैर-कानूनी तौर पर काम कर रहेरू अधिकारियों ने बताया कि अवैध कामकाज भी एक बड़ा कारण है। कुछ विदेशी नागरिक व्यापार या पारिवारिक वीजा का इस्तेमाल कर सऊदी अरब में गैर-कानूनी रूप से काम कर रहे थे, जिससे वीजा नियमों का उल्लंघन हो रहा था और मजदूरी बाजार में असंतुलन पैदा हो रहा था। 2024 में हज यात्रा 14 जून से 29 जून के दौरान रखी गई थी। हज यात्रा में बहुत ज्यादा तीर्थयात्रियों के आने से गर्मी का प्रभाव बढ़ गया था। इसके चलते कम से कम 1,200 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। इनमें 98 भारतीय भी शामिल थे। सऊदी अरब में हज के लिए एक कोटा प्रणाली लागू है, जिसके तहत हर देश के तय संख्या में हज यात्रियों को यात्रा करने की अनुमति दी जाती है। इंडोनेशिया का कोटा सबसे ज्यादा है। इसके बाद पाकिस्तान, भारत, बांग्लादेश, नाइजीरिया का नंबर है। ईरान, तुर्किए, मिस्र, इथियोपिया समेत कई देशों के श्रद्धालु आते हैं। 2025 में किए गए हज एग्रीमेंट पर भारत और सऊदी ने दस्तखत किए। इसमें हज के लिए 1,75,025 श्रद्धालुओं का कोटा फाइनल हुआ। इसमें 70 प्रतिशत हिस्सा केन्द्रीय हज कमेटी को और 30 प्रतिशत प्राइवेट टूर एजेंट्स को दिया गया है। भारत में 2025 के हज के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 13 अगस्त 2024 से 9 सितम्बर 2024 तक किया गया। पिछले साल हज यात्रा में शामिल होने 1,75,000 भारतीय मक्का पहुंचे थे। 98 श्रद्धालु भीड़ और गर्मी की वजह से मारे गए थे।

सऊदी अधिकारियों ने कहा है कि 13 अप्रैल 2025 उमरा वीजा जारी करने की अंतिम तारीख होगी। इस तारीख के बाद, इन 14 देशों के नागरिकों को हज यात्रा पूरी होने तक नए वीजा नहीं दिए जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अधिकारियों को वीजा प्रक्रिया को और कड़ा करने के निर्देश दिए हैं। सऊदी हज और उमरा मंत्रालय ने साफ किया है कि यह कदम किसी भी राजनयिक विवाद से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह हज यात्रा को सुरक्षित और बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए लिया गया फैसला है। हर साल हजारों यात्री ऐसे होते हैं, जिनके पास हज के लिए वीजा नहीं होता है। पैसों की कमी की वजह से इस तरह के यात्री गलत तरीकों से मक्का पहुंचते हैं। पिछले साल भी हज से पहले बिना रजिस्ट्रेशन वाले हजारों हज यात्रियों को मक्का से हटाया था। सऊदी अरब के अधिकारियों के मुताबिक, मक्का पर जलवायु परिवर्तन का गहरा असर हो रहा है। यहां हर 10 साल में औसत तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है। 2023 में हज पर गए 240 हज यात्रियों की मौत हुई थी। इनमें से ज्यादातर इंडोनेशिया के थे।

## मुर्मू दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर लिस्बन पहुंची

**लिस्बन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर रविवार रात पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन पहुंची, जहां वह पुर्तगाली नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगी। किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की पुर्तगाल यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है तथा ऐसे समय हो रही है जब भारत और पुर्तगाल अपने राजनयिक संबंधों की पुन: स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। भारत की ओर से पुर्तगाल की अंतिम राजकीय यात्रा 1998 में राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने की थी। श्रीमती मुर्मू की पुर्तगाल यात्रा राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर हो रही है। श्रीमती मुर्मू अपने समकक्ष राष्ट्रपति डी सूसा से मुलाक. ात करेंगी और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। वह प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो और नेशनल असेंबली (संसद) के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको से भी मुलाकात करेंगी। भारत और पुर्तगाल के बीच ऐतिहा. सिक और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं।

# गाजा पर इजरायली बर्बरता जारी, 44 की मौत

**यरूशलम/गाजा।** हमास के रॉकेट हमलों के जवाब में किए गए इजरायली हवाई हमलों में गाजा पट्टी में 44 फलस्तीनियों की मौत हो गई। गाजा की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। फलस्तीनी अधिकारियों ने बताया कि कब्जे वाले पश्चिमी तट पर संघर्ष के दौरान इजरायली सेना ने एक 14 वर्षीय फलस्तीनी मूल के अमेरिकी किशोर को गोली मार दी। हिसा तब और बढ़ गई, जब हमास की सशस्त्र शाखा, अल-कस्साम ब्रिगेड ने रविवार को दक्षिणी इजरायल में रॉकेट दागे, जिसे समूह ने फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ इजरायली नरसंहार का प्रतिशोध बताया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रॉकेट हमले की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया और पूरी ताकत से जवाब देने की कसम खाई। इजरायली सेना ने कहा कि उसने अधिकतर रॉकेट रोके, लेकिन अश्कलोन में एक रॉकेट से तीन लोग घायल हो गए। जवाब में, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने डेर अल-बलाह सहित मध्य गाजा में संदिग्ध रॉकेट लॉन्च स्थलों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलों के दौरान रात भर लगातार विस्फोट होते रहे। इजरायल ने 18 मार्च को गाजा में बड़े पैमाने पर हवाई और जमीनी अभियान फिर से शुरू किया। गाजा के स्वास्थ्य अधिक. ारियों ने रविवार को पहले कहा कि इन नए हमलों में करीब 1,335 फलस्तीनी मारे गए हैं और 3,297 अन्य घायल हुए हैं।







